(1) लोक आयुक्त/राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के भ्रष्टाचार संबंधी मामलों में शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवक के विरुद्ध न्यायालय में चालान प्रस्तुत हो जाने पर संबंधित शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवक को ''नियम, 1966'' के नियम 9 (1) के प्रावधान के तहत तत्काल निलंबित कर दिया जाना चाहिये. इसमें किसी भी प्रकार का विलंब नहीं किया जाना चाहिये.

छै : —तदर्थ रूप से नियुक्त शासकीय सेवक-निलंबन

सा.प्र.वि. का परिपत्र क्र. 6-1-1007-78-3-एक, दिनांक 7-4-78.

कई बार शासकीय सेवकों को भरती नियमों में निर्धारित पदोन्नति/नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया के अनुसरण में विलंब लगने के कारण शासकीय आवश्यकता को दृष्टिगत रख उच्च पद पर तदर्थ रूप से पदोन्नत/नियुक्त कर दिया जाता है. यदि ऐसे शासकीय सेवक को आपराधिक/अनुशासनात्मक मामले में निलंबित किया जाना आवश्यक हो तो, उसे उस पद पर प्रत्यावर्तित कर देना चाहिये, जिस पद से उसे उच्च पद पर तदर्थ रूप से पदोन्नत/नियुक्त कर दिया गया था. ऐसी कार्यवाही इसलिये आवश्यक है कि तदर्थ रूप से किसी शासकीय सेवक की पदोन्नति/नियुक्ति उच्च पद पर वास्तविक रूप से कार्य करने के लिये की जाती है. उसे निलंबन में रखने पर वह उस पद का कार्य नहीं कर सकेगा. इस स्थिति में उसको निलंबन की अवधि में तदर्थ रूप से पदोन्नत/नियुक्त किये गये पद पर रखना शासकीय हित में नहीं होगा.

सात—अनधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवक का निलंबन

सा.प्र.वि. का परिपत्र क्र. 62-1464-1 (3) 79, दिनांक 28-1-80 तथा क्र. सी-6-6-2000-3-एक, दिनांक 16-8-2000.

ऐसे शासकीय सेवक, जो अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हैं, को विभागीय जांच के दौरान निलंबन में रखना आवश्यक नहीं है, क्योंकि ऐसा करने से वे निलंबन भत्ते आदि की मांग करते हैं. ऐसे शासकीय सेवकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के अधीन शास्ति हेतु अनुशासनात्मक कार्यवाही अविलंब प्रारंभ की जावे. अनधिकृत अनुपस्थिति के पश्चात् जैसे ही ऐसा शासकीय सेवक कार्य पर उपस्थित हो, उसे उसी दिनांक से निलंबित किया जाय तथा अनुशासनिक कार्यवाही का निराकरण अधिकतम 6 माह के अंदर किया जाय.

आठ—निलंबन अवधि में शासकीय सेवक का मुख्यालय

सामान्यत: निलंबित किये जा रहे/निलंबित शासकीय सेवक का मुख्यालय निलंबन के दौरान अंतिम कर्तव्य स्थान पर ही निर्धारित किया जाना चाहिये. सक्षम प्राधिकारी, समुचित आधार पर, निलंबित किये जा रहे/निलंबित शासकीय सेवक का मुख्यालय परिवर्तन कर सकता है. मुख्यालय परिवर्तन की स्थिति में वित्त विभाग के ज्ञाप क्रमांक 1312-चार-आर-दो-71, दिनांक 15-6-71 में दिये गये दिशा-निर्देश के अनुसार निलंबित शासकीय सेवक को नियमानुसार ''स्थानांतरण यात्रा भत्ते'' की पात्रता होगी. यदि निलंबित शासकीय सेवक के निवेदन पर मुख्यालय में परिवर्तन किया जाता है तो उसे उक्त स्थानांतरण यात्रा भत्ते की पात्रता नहीं होगी.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

नौ—निलंबित शासकीय सेवक-जीवन निर्वाह भत्ता

(1) निलंबित शासकीय सेवक को ''जीवन निर्वाह भत्ता'' मूलभूत नियम 53 के प्रावधान के अनुसार देय होता है. मूलभूत नियम 53 (1) के (ii) के प्रावधान निम्नानुसार हैं:—

(क) उस अवकाश वेतन के समतुल्य जीवन निर्वाह भत्ता जो शासकीय सेवक अर्द्ध औसत वेतन पर होने की दशा में प्राप्त करता और उस पर देय महंगाई भत्ता यदि इस प्रकार के वेतन पर देय हो:

परन्तु यह कि निलम्बन अवधि तीन माह से अधिक होने की स्थिति में वह प्राधिकारी जिसने निलम्बनादेश दिया था, प्रथम तीन मास पश्चात् किसी भी अवधि के लिए जीवन निर्वाह भत्ते की राशि में निम्नानुसार परिवर्तन करने हेतु सक्षम होगा—

(i) यदि उसकी दृष्टि में निलंबन काल ऐसे कारणों से बढ़ा है जिसका सीधा संबंध उस शासकीय सेवक से नहीं है, तो ऐसे कारणों को लिपिबद्ध करते हुए प्रथम तीन माह के पश्चात् निर्वाह भत्ता 50 प्रतिशत से अनधिक किसी उचित राशि तक बढ़ाया जा सकता है.

(ii) यदि उसकी दृष्टि में निलंबन काल ऐसे कारणों से बढ़ा है, जिसका सीधा संबंध उस शासकीय सेवक से है, तो ऐसे कारणों को लिपिबद्ध करते हुए प्रथम तीन माह के पश्चात् निर्वाह भत्ता 50 प्रतिशत से अनधिक किसी समुचित राशि तक कमी की जा सकती है.

(iii) महंगाई भत्ते की दर उपरोक्त (i) तथा (ii) के अनुसार बढ़ी अथवा घटी हुई, जैसी भी स्थिति हो, निर्वाह भत्ते की राशि पर आधारित होगी.

(ख) (i) अन्य कोई क्षतिपूर्ति भत्ते, जो समय-समय पर शासकीय सेवक को, उसके निलंबन की तारीख पर वेतन के साथ देय थे, वे तभी देय हो सकेंगे यदि उनकी शर्तें निलंबन काल में भी पूरी होती हों:

परन्तु जब तक उक्त प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट न हो जाय कि क्षतिपूर्ति भत्ते के उद्देश्य हेतु शासकीय सेवक पर व्यय भार निरंतर बना हुआ है, शासकीय सेवक को उन क्षतिपूर्ति भत्तों की पात्रता नहीं होगी.

(ii) उपनियम (i) अध्यधीन कोई भी भुगतान तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि शासकीय सेवक यह प्रमाण-पत्र नहीं दे कि वह किसी भी अन्य स्थापना, व्यापार, व्यवसाय या वोकेशन में कार्यरत नहीं रहा है.

(2) निलंबित शासकीय सेवक को निर्वाह भत्ते के भुगतान करने में किसी भी प्रकार का विलंब नहीं किया जाना चाहिये. यदि किसी मामले में यह पाया जाए कि निलंबित शासकीय सेवक को समय पर निर्वाह भत्ते का भुगतान नहीं हो रहा है तो जिम्मेदार अधिकारी को समुचित दंड दिया जाए. यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जीवन निर्वाह भत्ते से निर्धारित कटौती को छोड़कर अन्य किसी प्रकार की कटौती नहीं की जा सकती है. निर्धारित मुख्यालय से बिना अनुमति प्राप्त किये अनुपस्थित रहने के कारण निर्वाह भत्ता नहीं रोका जा सकता है. अपितु इस हेतु विभागीय जांच में अतिरिक्त आरोप जोड़कर कार्यवाही की जा सकती है.

सा.प्र.वि. का परिपत्र क्र. 21709-सी-आर-260-एक (3) 68, दिनांक 26-9-68.

दस—जीवन निर्वाह भत्ते से वसूलियां

वित्त विभाग के ज्ञाप क्रमांक 105-2536-चार-आर-5, दिनांक 23-12-59 सहपठित ज्ञाप क्रमांक 2107-1370-चार-आर-5, दिनांक 28-9-60, 2638-2077/नि. 5, दिनांक 14-12-61 और ज्ञाप क्रमांक 224-4-नि. 3-सी. आर. 1-एफ. 5 (सी) 5-73, नि. 3, दिनांक 29-1-75 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार निलंबित शासकीय सेवक को प्राप्त

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

होने वाले ''जीवन निर्वाह भत्ते'' से की जाने वाली वसूलियों का विवरण निम्नानुसार है:—

(अ) अनिवार्य वसूलियां :

(1) आयकर, सरचार्ज सहित,
(2) निलंबित शासकीय सेवक द्वारा धारित शासकीय आवास का लायसेंस शुल्क
(3) शासन से प्राप्त किये गये ऋण/अग्रिम, (ऐसी दर से जो विभाग प्रमुख उचित समझे)

(ब) ऐच्छिक वसूलियां (शासकीय सेवक की सहमति या उसके निवेदन पर):

(1) डाक जीवन बीमा,
(2) सहकारी साख समिति तथा सहकारी भंडार की देय राशियां
(3) सामान्य भविष्य निधि से लिये गये अग्रिम की वसूली

(स) जीवन निर्वाह भत्ते से निम्नलिखित राशियों की वसूली नहीं की जाना चाहिये :

(1) सामान्य भविष्य निधि में अंशदान
(2) कोर्ट अटेचमेंन्ट
(3) शासकीय हानि की वसूली.

ग्यारह—निलंबन के विरुद्ध अपील

मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 23 (तीन) में निलंबन आदेश के विरुद्ध अपीलीय प्राधिकारी को अपील किये जाने का प्रावधान है. किन्तु उपुर्यक्त नियमों के नियम 25 में निहित प्रावधानानुसार ऐसी अपील, उस दिनांक से जिसको कि अपीलार्थी को उस आदेश की, जिसके कि विरुद्ध अपील की गयी हो, प्रतिलिपि दी गयी है, 45 दिन की कालावधि के भीतर की गई हो, ग्रहण की जाएगी. परन्तु उक्त कालावधि समाप्त होने के पश्चात् अपीलीय प्राधिकारी समय पर अपील न किये जाने के पर्याप्त कारणों से समाधान होने पर अपील ग्रहण कर सकेगा.

नियम 12(2) (क) एवं (ख) के अनुसार यदि राज्यपाल के सामान्य या विशेष आदेश द्वारा किसी अन्य विभाग के अधिकारी को लघु शास्ति के अधिकार प्रत्यायोजित कर अनुशासनिक प्राधिकारी नियुक्त किया गया हो तो उसके आदेश के विरुद्ध अपील, अपने विभागाध्यक्ष या अपीलीय प्राधिकारी, जो भी उक्त अनुशासनिक प्राधिकारी से वरिष्ठ हो, को कर सकेगा.

बारह—निलंबन से बहाली

(1) उपरोक्त नियमों के नियम 9 (1) के खण्ड (क) एवं (ख) के अधीन किये गये निलंबन को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रतिसंहृत किया जा सकेगा, यहि वह ऐसा उचित समझे.

सा.प्र.वि. का परिपत्र क्र. सी-6-10-99-3-एक, दिनांक 30-9-99.

(2) नियम 9 (1) के प्रथम परन्तुक के अधीन भ्रष्टाचार या नैतिक पतन में अंतर्वलित दाण्डिक अपराध में शासकीय सेवक के विरुद्ध चालान प्रस्तुत होने पर किया गया निलंबन आदेश उपर्युक्त नियमों के नियम 9 (5) (घ) के परन्तु के प्रावधानानुसार तब तक प्रतिसंहृत नहीं किया जाएगा जब तक उसके बारे में सरकार द्वारा कारण स्पष्ट करते हुए आदेश पारित नहीं कर दिया जाये. इस प्रकार की बहाली अपवादिक प्रकरणों में ही की जाना चाहिये तथा निलंबन समाप्त करने के ठोस कारणों को अंकित किया जाना चाहिये. इस प्रकार के प्रकरणों (विशेषकर लोक आयुक्त, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा अनुशंसित मामलों में) बहुत ही आपवादिक प्रकरणों में अभिलिखित किये गये ठोस कारणों के आधार पर ही निलंबन समाप्त किया जाना चाहिये. यह भी सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि अपराधी

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

शासकीय सेवक साक्ष्य प्रभावित करने की स्थिति में न हो. शासकीय सेवक के इस प्रकार के निलंबन आदेश को प्रतिसंहृत करने के अधिकार राज्य सरकार को ही है, अन्य किसी अधिकारी को नहीं.

(3) सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक 501-2883-1-3-78, दिनांक 15-12-79 की कंडिका 3 में निर्देश दिये गये थे कि जब किसी शासकीय सेवक के विरुद्ध भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोप के संबंध में, जिसमें शासकीय सेवक का नैतिक अध:पतन निहित है, प्रथम न्यायालय द्वारा उसे दोषमुक्त करने के निर्णय के विरुद्ध अपीलीय न्यायालय में अपील दायर की जाए, तो सामान्यतया उस शासकीय सेवक का निलंबन तब तक समाप्त न किया जाए, जब तक कि अपील में भी उसे दोषमुक्त घोषित नहीं किया जाता है.

माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के प्रकाश में राज्य शासन द्वारा विचारोपरान्त उक्त निर्देश (3) को निरस्त करते हुए अब यह निर्णय लिया गया है कि आपराधिक प्रकरण में यदि किसी शासकीय सेवक को विचारण न्यायालय द्वारा पूर्णतः दोषमुक्त कर दिया जाता है तो संबंधित सेवक को बहाल किये जाने की कार्यवाही तत्काल की जावे, भले ही उक्त आदेश के विरुद्ध शासन द्वारा अपीलीय न्यायालय में अपील की जा रही हो अथवा कर दी गयी हो.

तेरह—निलंबन की कालावधियों की गणना

निलंबित शासकीय सेवक का निलंबन आदेश प्रतिसंहृत होने पर निलंबन की कालावधियों की गणना के विषय में म. प्र. सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976 के नियम 23 में निम्नानुसार प्रावधान है:—

''आचरण से संबंधित जांच के लंबित रहने तक, किसी शासकीय सेवक द्वारा निलंबन के अधीन बिताये गये समय की गणना अर्हक सेवा के रूप में तब ही की जाएगी जहां ऐसी जांच की समाप्ति पर, उसे पूर्ण रूप से दोष मुक्त कर दिया गया हो या निलंबन को पूर्णतः अनुचित ठहराया गया हो. अन्य मामलों में निलंबन की कालावधि की गणना तब तक नहीं की जाएगी जब तक कि ऐसे मामलों को शासित करने वाले नियम के अधीन आदेश पारित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी, उस समय अभिव्यक्त रूप से यह घोषित नहीं कर देता कि इसकी गणना उस सीमा तक की जाएगी, जैसा कि सक्षम प्राधिकारी घोषित करें''.

चौदह—निलंबित शासकीय सेवकों की गोपनीय चरित्रावली में मतांकन

गोपनीय चरित्रावली में शासकीय सेवकों के द्वारा पूरे वर्ष में किये गये कार्यों के समग्र मूल्यांकन के आधार पर उनके कार्यों के संबंध में टीप अंकित की जाती है. निलंबित शासकीय सेवकों द्वारा निलंबन अवधि में कोई शासकीय कार्य नहीं किया जाता है. अत: निलंबित अधिकारियों के गोपनीय प्रतिवेदन में सामान्यतः ''कोई टीप नहीं'' अंकित किया जाता है. निलंबित शासकीय सेवकों के गोपनीय प्रतिवेदन लिखते समय संबंधित अधिकारियों द्वारा इस आशय का भी मतांकन किया जाना चाहिए कि निलंबित शासकीय सेवक निलंबन की अवधि में मुख्यालय से बिना अनुमति के अनुपस्थित तो नहीं रहा है, तथा उसके द्वारा कोई व्यवसाय, नौकरी आदि तो नहीं की जा रही है. यदि उसके विरूद्ध विभागीय जांच चल रही है तो इस संबंध में टीप अंकित की जावे कि उसके द्वारा विभागीय जांच की कार्रवाई में सहयोग किया जा रहा है अथवा नहीं.

सा.प्र.वि. का परिपत्र क्र. 447-2223-98-1/9, दिनांक 9-3-99.

पन्द्रह—निलंबन अवधि में त्याग-पत्र

समस्त नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी यह ध्यान में रखें कि कोई भी शासकीय सेवक जिसके विरूद्ध विभागीय जांच लंबित है, द्वारा यदि त्याग-पत्र दिया जाता है तो उसका त्याग-पत्र तब तक स्वीकृत न किया जाय जब तक कि विभागीय जांच में अंतिम निर्णय न हो जाये.

सा.प्र.वि. का परिपत्र क्र. 1356-1650-1(3), दिनांक 3-6-67.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

सा.प्र.वि. का परिपत्र क्र. सी-6-8-99-3-एक, दिनांक 30-6-99

सोलह—निलंबन अवधि में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

आपराधिक प्रकरण/विभागीय जांच लंबित होने की स्थिति में यदि संबंधित शासकीय सेवक को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की अनुमति नहीं दी जाती है तो वह शासकीय सेवा में रहेगा और उसे पूर्ण वेतन अथवा निलंबन की दशा में निलंबन भत्ता दिया जाना होगा. यदि दोषमुक्त हो जाता है तो उसे निलंबन अवधि के लाभ भी देने पड़ सकते हैं. अनिच्छा से शासकीय सेवा करने वाला व्यक्ति अपना कर्तव्य भी पूर्ण निष्ठा तथा उत्तरदायित्व से नहीं करता. दूसरी ओर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्वीकार कर ली जाने पर उसे अनंतिम पेंशन देय होगी. यह पेंशन आपराधिक प्रकरण/विभागीय जांच में दोषसिद्ध होने पर रोकी जा सकेगी. पेंशन रोकने के लिये यह आवश्यक नहीं है कि शासन को शासकीय सेवक के आरोपित कृत्य के धनहानि ही हो. कदाचरण यदि गंभीर प्रकृति का है तो उसकी पेंशन रोकने की कार्यवाही की जा सकती है. इस स्थिति में यदि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्वीकार की जाती है तो यह अनुचित नहीं होगा. इसमें कोई विधिक बाधा भी नहीं होगी. दंडित किये जाने पर देय पेंशन, पेंशन नियमों के प्रावधानों के तहत मंत्रिपरिषद के आदेश प्राप्त कर रोकी जा सकेगी. प्रकरण लंबित रहने की अवधि में पेंशन नियमों के नियम 9(4) के प्रथम परन्तुक के प्रावधानों पर केवल अनंतिम पेंशन निर्धारित की जा सकेगी.

अतएव ऐसे शासकीय सेवक द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्वीकार करने हेतु यदि आवेदन-पत्र दिया जाता है तो उक्तानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जावेगी.

कृपया इन निर्देशों का समुचित रूप से पालन करें, साथ ही, इन निर्देशों से अपने अधीनस्थ कार्यालयों को भी अवगत करावें.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से, तथा आदेशानुसार,
हस्ता./-
(एम. के. वर्मा)
अतिरिक्त सचिव,
मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.

पृष्ठांकन क्र.-सी-6-6-2002-3-एक — भोपाल, दिनांक, 30 अगस्त 2002

प्रतिलिपि :

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, भोपाल
2. सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा, भोपाल
3. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
4. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल
5. सचिव, वित्त विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर महालेखाकार, म. प्र., ग्वालियर की ओर पृष्ठांकन हेतु.
6. प्रमुख सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री मंत्रालय, भोपाल
7. सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, म. प्र. इन्दौर.
8. निज सचिव/निज सहायक, मुख्यमंत्री/माननीय मंत्री/माननीय राज्यमंत्री, म. प्र.
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल
10. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, मध्यप्रदेश, भोपाल

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

11. रजिस्ट्रार, म. प्र. राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण, जबलपुर/भोपाल/इन्दौर/ग्वालियर
12. महाधिवक्ता/अतिरिक्त महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश, जबलपुर/इन्दौर/ग्वालियर
13. महालेखाकार, मध्यप्रदेश, ग्वालियर/भोपाल
14. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मंडल/माध्यमिक शिक्षा मंडल, म. प्र. भोपाल
15. प्रमुख सचिव/सचिव/उप सचिव, म. प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग
16. आयुक्त, जनसम्पर्क संचालनालय, म. प्र. भोपाल
17. उप सचिव, मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग कक्ष-7 (1), 7 (2) एवं कक्ष 7 (3), मुख्य लेखाधिकारी, म. प्र. मंत्रालय, भोपाल.
18. अवर सचिव, म. प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग अधीक्षण/अभिलेख/पुस्तकालय
19. मुख्य सचिव के उप सचिव, मंत्रालय, भोपाल
20. अध्यक्ष, म. प्र. राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल
21. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन/संघों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित.

हस्ता./-
(के. एल. दीक्षित)
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

परिशिष्ट

निरसित किये गये सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्रों की सूची

क्रमांक	परिपत्र क्रमांक/दिनांक	विषय
1.	2136-1492-1(3) 62, दिनांक 26-9-62	Payment of subsistance allowance to a Government Servant Placed under suspension.
2.	231-जी. आर. 557 (1), 3, 62 दिनांक 31-1-63.	Payment of subsistance allowance to a Government Servant Placed under suspension.
3.	1576-2231-1 (3) दिनांक 27-7-66	Procedure to obviate Payment of subsistance allowance to a convicted Govt. Servant during the Pendency of appeal.
4.	1356/1650/1त (3) दिनांक 3-6-67	निलंबन अवधि में त्यागपत्र
5.	21709-सी आर 260-1 (3), दिनांक 26-9-68	निलंबन काल के शासकीय सेवकों को निर्वाह भत्ता देने बाबत्.
6.	1 (2)/1974/5-1 दिनांक 4-3-76	विशेष पुलिस स्थापना दल म. प्र. राज्य सतर्कता आयोग द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत अभियोजनों के प्रकरणों में संबंधित शासकीय कर्मचारी का निलंबन.
7.	6-5-76-3-1 दिनांक 8-7-76	कर्मचारियों का लंबी अवधि तक निलंबन
8.	6-2-77-3-1 दिनांक 27-8-77	निलंबित शासकीय सेवकों को निर्वाह भत्ता देने के संबंध में
9.	6-1-1007-78-3-1 दिनांक 7-4-78	तदर्थ रूप से पदोन्नत शासकीय सेवक को निलंबन में रखना
10.	6-2-78-3-1 दिनांक 27-9-78	एक वर्ष से अधिक समय तक निलंबित शासकीय सेवकों के मामलों की समीक्षा करना.
11.	6-2-78-3-1 दिनांक 16-11-79	एक वर्ष से अधिक समय तक निलंबित शासकीय सेवकों के मामलों की समीक्षा करना.
12.	501-2883-1-(3)-78, दिनांक 15-12-79	भ्रष्टाचार के आरोपों पर शासकीय सेवकों को निलंबन में रखना
13.	62-1464/1 (3)-79 दिनांक 28-1-80	अनाधिकृत अनुपस्थिति की अवधि में कर्मचारी का निलंबन
14.	एफ 6-2-78/3/1, दिनांक 9-4-80	एक वर्ष से अधिक समय तक निलंबित शासकीय सेवकों के मामलों की समीक्षा करना.
15.	सी 6-4/84/3/1, दिनांक 22-11-84	विभागीय जांच के संबंध में शासकीय सेवकों का निलंबन
16.	12 (2) 85/प्रसको/एक दिनांक 15-10-85	लोकायुक्त संगठन/राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के अभियोजन के प्रकरणों में शासकीय/अर्द्ध शासकीय कर्मचारियों का निलंबन.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

क्रमांक	परिपत्र क्रमांक/दिनांक	विषय
17.	सी 6-3/85/3/1, दिनांक 21-1-86	कलेक्टर्स द्वारा कर्मियों का निलंबन
18.	एफ 13 (3) 88/49-10, दिनांक 7-11-88	लोकायुक्त संगठन/राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के अभियोजन के प्रकरणों में शासकीय/अर्द्ध शासकीय कर्मचारियों का निलंबन.
19.	सी 12-38/91/3/1, दिनांक 7-6-91	शासकीय सेवकों का निलंबन आरोप-पत्र का जारी किया जाना
20.	सी 12-39/91/3/1, दिनांक 27-7-91	एक वर्ष से अधिक समय तक निलंबित शासकीय सेवकों के मामलों की समीक्षा करना.
21.	सी 6-2/92/3/1, दिनांक 30-1-92	शासकीय सेवकों का निलंबन आरोप-पत्र का जारी किया जाना
22.	एफ 11/58/98/1-10, दिनांक 26-2-98	लोकायुक्त संगठन/राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के अभियोजन के प्रकरणों में शासकीय/अर्द्ध शासकीय कर्मचारियों का निलंबन.
23.	147/2223/98/1/9, दिनांक 9-3-99	निलंबित शासकीय सेवकों की गोपनीय चरित्रावली में मतांकन
24.	सी-6-8/99/3/एक दिनांक 30-6-99	आपराधिक प्रकरण/विभागीय जांच लंबित होने पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति
25.	सी-6-10/99/3/1, दिनांक 30-9-99	आपराधिक/भ्रष्टाचार के प्रकरणों में निलंबन के बहाल करने विषयक
26.	एफ 5-1-/2001/1/9 दिनांक 28-5-2001	शासकीय सेवकों की गोपनीय चरित्रावली में निलंबित अधिकारी का मतांकन

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
"मंत्रालय"

क्रमांक सी-6/1/2002/3/एक

भोपाल, दिनांक 6-11-2002

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त/समस्त जिलाध्यक्ष,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
समस्त विकास खण्ड अधिकारी/अनुविभागीय अधिकारी, मध्यप्रदेश.

विषय.— आपराधिक/भ्रष्टाचार प्रकरणों में निलंबित शासकीय सेवकों की निलंबन से बहाली.

सन्दर्भः— सामान्य प्रशासन विभाग का परिपत्र सी-6-10/99/3/एक, दि. 30-9-99

मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के उप नियम (1) के प्रथम परन्तुक में भ्रष्टाचार या अन्य नैतिक पतन में अंतर्वलित दाण्डिक अपराध में शासकीय सेवक के विरुद्ध चालान प्रस्तुत होने पर उसे अनिवार्यतः निलम्बित किये जाने का प्रावधान है.

2. उपरोक्त नियमों के नियम-9 के उप नियम (5) के खण्ड (घ) के परन्तुक में प्रावधान है कि नियम 9(1) के प्रथम परन्तुक के अधीन किया गया निलम्बन आदेश तब तक प्रतिसंहृत नहीं किया जायेगा जब तक उसके बारे में सरकार द्वारा कारण स्पष्ट करते हुए आदेश पारित नहीं कर दिया जाये.

3. सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित परिपत्र दि. 3-9-99 द्वारा इस प्रकार के प्रकरणों में निलम्बन की अनिवार्यता, तथा ठोस एवं समुचित कारणों के परिप्रेक्ष्य में सरकार द्वारा बहाली के औचित्य के संबंध में निर्देश स्पष्ट किये गये हैं.

4. प्रायः देखा गया है कि न्यायालय में इस प्रकार के प्रकरणों में निर्णय होने में काफी समय लगता है. ऐसी स्थिति में शासकीय सेवक लम्बे समय तक निलंबित ही बना रहता है. यह स्थिति न तो शासन के हित में है और न ही संबंधित शासकीय सेवक के हित में है. दीर्घ अवधि तक प्रकरण न्यायालय में लंबित रहने के बाद यदि न्यायालय द्वारा संबंधित शासकीय सेवक को दोषमुक्त किया जाता है, तो उसे निलंबन अवधि का सम्पूर्ण भुगतान करना पड़ता है.

5. उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में शासन ने अब निर्णय लिया है कि म. प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के उप नियम (1) के प्रथम परन्तुक के अधीन किया गया निलंबन आदेश, निलंबित शासकीय सेवक के प्रशासकीय विभाग द्वारा उस दशा में प्रतिसंहृत किया जावेगा, जब संबंधित प्रकरण में न्यायालय का विनिश्चय, न्यायालय द्वारा आरोप निर्धारित किये जाने की तिथि से 3 वर्ष की कालावधि के समाप्ति तक नहीं किया जाता है. परन्तु इसमें विलम्ब की वह अवधि सम्मिलित नहीं की जावेगी जिस विलम्ब के लिए शासकीय सेवक स्वयं उत्तरदायी हो. नियम-9 के उप नियम (5) के खण्ड (घ) के परन्तुक में की गयी अपेक्षा के अनुसार निलम्बन आदेश प्रतिसंहृत करने का स्पष्ट कारण भी आदेश में दर्शाया जावेगा. निलंबन अवधि का निराकरण, संबंधित प्रकरण में न्यायालय के अंतिम आदेश पारित होने के बाद ही किया जावेगा.

हस्ता./-
(एम. के. वर्मा)
अतिरिक्त सचिव,
मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

पृष्ठांकन क्र.-सी-6-1-2002-3-एक   भोपाल, दिनांक, 6-11-2002

प्रतिलिपि :

1. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, म. प्र. जबलपुर.
2. सचिव, लोकायुक्त, म. प्र. भोपाल.
3. सचिव, लोक सेवा आयोग, म. प्र. इंदौर.
4. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, म. प्र. भोपाल.
5. राज्यपाल के सचिव, म. प्र. राजभवन, भोपाल.
6. सचिव, विधान सभा सचिवालय, भोपाल.
7. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, म. प्र. भोपाल.
8. उप मुख्यमंत्री, मंत्री, राज्य मंत्रीगण के निज सचिव, निज सहायक, म. प्र. भोपाल.
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म. प्र. भोपाल.
10. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, म. प्र. भोपाल.
11. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, म. प्र. भोपाल.
12. रजिस्ट्रार, म. प्र. राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण, जबलपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर.
13. महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता, म. प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर.
14. महालेखाकार, म. प्र. ग्वालियर.
15. प्रमुख सचिव/सचिव/अपर सचिव/उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग.
16. उप सचिव/अवर सचिव, स्थापना/अभिलेख/अधीक्षण मुख्य लेखाधिकारी, म. प्र. मंत्रालय, भोपाल.
17. मुख्य सचिव के उप सचिव, मंत्रालय, भोपाल.
18. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, म. प्र. भोपाल.
19. अध्यक्ष, म. प्र. राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल.
20. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन/संघों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित.

हस्ता./-
(एम. के. वर्मा)
अतिरिक्त सचिव,
मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
"मंत्रालय"

क्रमांक सी-6/1/2003/3/एक भोपाल, दिनांक 12 मार्च 2003

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त जिलाध्यक्ष,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय.— अ.जा./अ.ज.जा. प्रवर्ग के शासकीय सेवकों के विरुद्ध एक वर्ष से अधिक समय से लंबित विभागीय जांच प्रकरणों का निराकरण.

राज्य शासन को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि कई विभागों में अनेक लोक सेवकों के विरुद्ध चल रही विभागीय जांच के प्रकरणों की लम्बी अवधि से निराकरण न होने के कारण वे पदोन्नति से वंचित हो रहे हैं, इसमें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोक सेवकों की संख्या काफी अधिक है. जांच संबंधी कार्यवाही समय-सीमा में न होने के कारण इन्हें छोटी-छोटी त्रुटियों का बड़ा दण्ड भोगना पड़ता है.

2. कृपया सुनिश्चित करें कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारी एवं कर्मचारियों की जांच जो एक वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं, उन्हें 31 मार्च, 2003 तक आवश्यक रूप से पूरी कर ली जाए.

3. उपर्युक्त निर्देशों का पालन कड़ाई से किया जाए.

हस्ता./-
(ए. व्ही. ग्वालियरकर)
उपसचिव,
मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.

पृष्ठांकन क्र.-सी-6-2-2003-3-एक भोपाल, दिनांक, 12 मार्च 2003

प्रतिलिपि :

1. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, म. प्र. जबलपुर.
2. सचिव, लोकायुक्त, म. प्र. भोपाल.
3. सचिव, लोक सेवा आयोग, म. प्र. इंदौर.
4. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, म. प्र. भोपाल.
5. राज्यपाल के सचिव, म. प्र. शासन, राजभवन, भोपाल.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

6. सचिव, विधान सभा सचिवालय, म. प्र., भोपाल.
7. प्रमुख सचिव/सचिव/मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, म. प्र. भोपाल.
8. उप मुख्यमंत्री, मंत्री, राज्य मंत्रीगण के निज सचिव, निज सहायक, म. प्र. भोपाल.
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म. प्र. भोपाल.
10. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, म. प्र. भोपाल.
11. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, म. प्र. भोपाल.
12. रजिस्ट्रार, म. प्र. राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण, जबलपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर.
13. महाधिवक्ता/ उप महाधिवक्ता, म. प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर.
14. महालेखाकार, म. प्र. ग्वालियर/भोपाल.
15. प्रमुख सचिव/सचिव/उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल.
16. अवर सचिव/स्थापना//अधीक्षण/अभिलेख/मुख्य लेखाधिकारी, म. प्र. मंत्रालय.
17. मुख्य सचिव के स्टाफ आफिसर, मंत्रालय, भोपाल.
18. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, म. प्र. भोपाल.
19. अध्यक्ष, म. प्र. राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल.
20. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यताप्राप्त कर्मचारी संगठन/संघों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित.

हस्ता./–
(ए. व्ही. ग्वालियरकर)
उपसचिव,
मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
"मंत्रालय"

क्रमांक सी-6/4/03/3/एक भोपाल, दिनांक 31 अक्टूबर 2003

प्रति,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव म. प्र. शासन
शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर,
समस्त संभागायुक्त/विभागाध्यक्ष,
समस्त जिलाध्यक्ष,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय.— विधान सभा की विशेषाधिकार समिति में विचाराधीन प्रकरणों अनुशंसाओं पर शासन के अधिकारी द्वारा टीका-टिप्पणी न करने बाबत्.

म. प्र. विधान सभा सचिवालय द्वारा विशेषाधिकार समिति के पंचम प्रतिवेदन के माध्यम से शासन के ध्यान में एक ऐसा प्रकरण लाया गया है, जिसमें शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा समिति की अनुशंसाओं पर टीका टिप्पणी की गयी, जिसे समिति ने बहुत अनुचित एवं गंभीर माना है.

2. समिति द्वारा इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसलिए शासन की ओर से परिपत्र जारी कर, सभी अधिकारियों को निर्देशित करने की अनुशंसा की है.

3. अत: शासन के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को यह निर्देश दिये जाते हैं कि भविष्य में विधान सभा की विशेषाधिकार समिति/प्रश्न एवं संदर्भ समिति या संबंधित अन्य समिति में विचाराधीन प्रकरणों अथवा इन समितियों द्वारा की गयी अनुशंसाओं पर कोई अनावश्यक/प्रतिकूल टीका-टिप्पणी न की जाय.

हस्ता./-
(एम. के. वर्मा)
अतिरिक्त सचिव,
मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.

पृष्ठांकन क्र.-सी-6-4-03-3-एक भोपाल, दिनांक, 31 अक्टूबर 2003

प्रतिलिपि :

1. राज्यपाल के सचिव, राज भवन, भोपाल.
2. सचिव, म. प्र. विधान सभा सचिवालय, भोपाल.
3. रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, जबलपुर.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

4. सचिव, लोकायुक्त म. प्र. इंदौर.

5. सचिव, लोक सेवा आयोग, इंदौर.

6. निज सचिव/निज सहायक, मुख्यमंत्री/ उप मुख्यमंत्री/मंत्री/ राज्य मंत्री, म. प्र.

7. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, म. प्र. भोपाल.

8. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म. प्र. भोपाल.

9. महाधिवक्ता/उप महाधिवक्ता/म. प्र. जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर.

10. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल/माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल.

11. महालेखाकार, म. प्र. ग्वालियर/भोपाल.

12. प्रमुख सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, भोपाल.

13. आयुक्त, जनसंपर्क, म. प्र. भोपाल.

14. प्रमुख सचिव/सचिव/अपर सचिव/उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.

15. उप सचिव/अवर सचिव/स्थापना, अधीक्षण, अभिलेख/मुख्य लेखाधिकारी.

16. मुख्य सचिव के उप सचिव, मंत्रालय, भोपाल.

17. अध्यक्ष, म. प्र. राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल.

18. अध्यक्ष, प्रान्ताध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ/संगठनों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित.

हस्ता./-
(एम. एल. नरवरिया)
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
"मंत्रालय"
वल्लभ भवन, भोपाल—462004

क्रमांक सी-6/2/04/3/एक भोपाल, दिनांक 17 दिसम्बर 2004

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागीय कमिश्नर, मध्यप्रदेश.

विषय.—प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों के विरुद्ध संभागीय कमिश्नरों द्वारा संस्थित अनुशासनात्मक कार्यवाही का समन्वय.

सन्दर्भ.—इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक सी 6-5/97/3/एक, दिनांक 1 जनवरी, 2002

राज्य शासन के संदर्भित अधिसूचना दिनांक 1 जनवरी, 2002 द्वारा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 12 के उप नियम (2) के खंड (क) तथा (ख) के अनुसरण में समस्त संभागीय आयुक्तों को अपने-अपने संभागों में पदस्थ/पूर्व में पदस्थ रहे राज्य शासन के सभी विभागों के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के (न्यायिक सेवा एवं पुलिस विभाग के भिन्न) शासकीय सेवकों पर संबंधित संभाग में पदस्थापना की कालावधि के दौरान अधिकारी द्वारा की गई अनियमितताओं के लिये, अनुशासनिक कार्यवाही करने तथा उक्त नियमों के नियम 10 के खण्ड (एक) से (चार) में विनिर्दिष्ट शास्तियां अधिरोपित करने के लिये सशक्त किया गया था. इसके फलस्वरूप संभागीय कमिश्नर उपरोक्त श्रेणी के अधिकारियों को निलंबित करने के लिये भी सशक्त है.

2. शासन के ध्यान में यह तथ्य आया है कि संभागीय कमिश्नरों से उपरोक्तानुसार प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी के शासकीय सेवकों के विरुद्ध संस्थित अनुशासनात्मक मामलों की जानकारी यथाशीघ्र संबंधित विभाग/विभागाध्यक्ष को प्राप्त नहीं हो पाती है. इसके कारण कभी-कभी अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्थित होते हुए भी संबंधित शासकीय सेवक को पदोन्नति आदि का लाभ प्राप्त होने की स्थिति बन जाती है.

3. उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में शासन निम्नानुसार निर्देश प्रसारित करता है:—

(1) जब भी किसी प्रथम अथवा द्वितीय श्रेणी के शासकीय सेवक को कमिश्नर द्वारा निलंबित किया जाता है अथवा/एवं उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्थित की जाती है तो इसकी सूचना (संबंधित आदेशों की प्रतियों सहित) तत्काल संबंधित विभाग एवं विभागाध्यक्ष को देगा. साथ ही, इस विषय में समय-समय पर जारी अन्य समस्त आदेशों की प्रतियां भी संबंधित विभाग/विभागाध्यक्ष को पृष्ठांकित की जायेगी.

(2) शासकीय सेवकों के विरुद्ध लंबित अनुशासनात्मक/आपराधिक मामलों की जानकारी समुचित रूप से कम्प्यूटर पर संधारित की जाय तथा इसे अद्यतन रखा जाय.

हस्ता./-
(सी. एस. तिवारी)
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्र. सी. 6-01/2005/एक-3 भोपाल, दिनांक 13 जनवरी 2005

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय.—अनुशासनिक मामलों में शासकीय सेवकों का अनावश्यक निलम्बन नहीं करना तथा लघुशास्ति अधिरोपित होने की स्थिति में निलम्बन अवधि को कर्तव्य अवधि मान्य किया जाना.

मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 में शासकीय सेवकों के निलम्बन के विषय में प्रावधान है तथा वे स्थितियां वर्णित हैं जिनमें शासकीय सेवकों को निलम्बित किया जा सकेगा.

2. सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-एक, क्रमांक 13 में उल्लिखित है कि किसी ऐसे शासकीय सेवक को जिसके विरुद्ध विभागीय जांच की जाना हो, सामान्यत: निलम्बित नहीं किया जाना चाहिए. जब आरोप गंभीर स्वरूप के हों या जब प्रशासनिक दृष्टि से या अन्य सुनिश्चित कारणों से ऐसा करना आवश्यक/अपरिहार्य हो, तभी उसे निलम्बित किया जाना चाहिए. यदि जांच पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है, तो उसे निलम्बन के बदले अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने पर विचार किया जाना चाहिए.

3. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक 12-38-91-3-1, दिनांक 7-6-91 में निर्देश दिए गए हैं कि जहां नियम, 9(1) (क) के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई के दौरान निलम्बित किया जाता है, तो निलम्बन आदेश में स्पष्ट एवं सुनिश्चित कारण दर्शाए जाना चाहिए. अनावश्यक रूप से शासकीय सेवक को निलम्बित किए जाने की परम्परा को निरुत्साहित किए जाने के उद्देश्य से मानव अधिकार आयोग की अनुशंसा पर सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-6-4/97/3/एक, दिनांक 19-3-1997 द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि छोटी-मोटी त्रुटियों के लिये निलम्बन की कार्रवाई नहीं की जाए.

4. शासन के ध्यान में बार-बार यह तथ्य लाया गया है कि सक्षम प्राधिकारियों द्वारा प्राय: बिना समुचित आधार के शासकीय सेवकों को निलम्बित किए जाने की कार्रवाई की जाती है. जांच में संबंधित शासकीय सेवक या तो निर्दोष पाया जाता है अथवा उसे साधारण चेतावनी या कोई लघुशास्ति अधिरोपित की जाती है. इस प्रकार की कार्रवाई से शासकीय सेवक तो प्रताड़ित होता ही है, बिना कार्य किए निलम्बन अवधि के लिये पूर्ण वेतन-भत्ते दोषमुक्त शासकीय सेवक को देना पड़ते हैं.

5. विचारोपरांत शासन ने अब यह निर्णय लिया है कि किसी शासकीय सेवक के विरुद्ध जांच में आरोपों के स्वरूप को देखते हुए प्रथमदृष्टया यह प्रतीत हो कि संबंधित शासकीय सेवक पर पदच्युति, सेवा से हटाया जाना अथवा अनिवार्य सेवानिवृत्ति जैसी कोई मुख्य शास्ति अधिरोपित की जा सकती है, तभी उसे निलंबित किया जाय. अर्थात् लघुशास्ति के मामलों में उसे निलंबित नहीं किया जाना चाहिए.

6. मुख्य शास्ति हेतु संस्थित विभागीय जांच में यदि किसी निलंबित शासकीय सेवक पर जांच उपरांत लघु शास्ति ही अधिरोपित की जाती है तो उसका निलम्बन औचित्यपूर्ण नहीं माना जा सकता. अत: राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि ऐसे मामलों में संबंधित शासकीय सेवक की निलम्बन अवधि को मूलभूत नियम 54-बी के परिप्रेक्ष्य में कर्तव्य अवधि मान्य कर निलम्बन अवधि के सम्पूर्ण वेतन-भत्ते (शासकीय सेवक को निलम्बन अवधि में भुगतान किए गए ''जीवन निर्वाह भत्ते'' की राशि का समायोजन कर) दिए जाएं. यह निर्णय इस ज्ञापन के प्रसारित होने की तिथि से लागू होगा तथा जिन प्रकरणों में निर्णय लिया जा चुका है वे पुन: नहीं खोले जाएंगे.

7. उपर्युक्त निर्देशों का पालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हस्ता./-
(एन. एस. भटनागर)
अपर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

पृष्ठांकन क्र.-सी-6-01-2005-एक/3 भोपाल, दिनांक 13 जनवरी, 2005

प्रतिलिपि :

1. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर.
2. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल.
3. सचिव, लोक सेवा आयोग, मध्यप्रदेश इंदौर.
4. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश भोपाल.
5. राज्यपाल के सचिव, मध्यप्रदेश राजभवन, भोपाल.
6. प्रमुख सचिव, विधान सभा सचिवालय, मध्यप्रदेश भोपाल.
7. प्रमुख सचिव/सचिव मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल.
8. मंत्री/राज्यमंत्री गण के विशेष सहायक/निज सचिव, मध्यप्रदेश भोपाल.
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश भोपाल.
10. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, मध्यप्रदेश भोपाल.
11. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश भोपाल.
12. महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर.
13. महालेखाकार, मध्यप्रदेश ग्वालियर/भोपाल.
14. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/अपर सचिव/अतिरिक्त सचिव/उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल.
15. उप सचिव, अवर सचिव, स्थापना/अधीक्षण/अभिलेख/मुख्य लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल.
16. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल.
17. मुख्य सचिव के उप सचिव, मंत्रालय, भोपाल.
18. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल.
19. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ भोपाल.

हस्ता./-
(सी. एस. तिवारी)
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्र. सी. 6-3/2005/3/एक — भोपाल, दिनांक 22 फरवरी 2005

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय.—मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 16 के तहत कार्यवाही के संबंध में.

वर्तमान निर्देशों के अनुसार कदाचरण के छोटे मामलों में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत लघुशास्ति के संबंध में त्वरित कार्यवाही की जा सकती है, जिसकी प्रक्रिया उक्त नियमों के नियम 16 में दी गई है.

2. नियम 16(1) के पैरा (क) के तहत कारण बताओ नोटिस में यह लिखा जाना चाहिए कि नियम 10 में उल्लिखित कौनसी शास्ति दी जाना प्रस्तावित है.

3. यदि शासकीय सेवक का उत्तर आंशिक रूप से संतोषजनक हो तो नियम 16 के तहत जारी किए गए कारण बताओ नोटिस में प्रस्तावित शास्ति से कम शास्ति दी जा सकती है.

4. जैसा कि इस विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ. सी-6-2/94/3/एक, दिनांक 30 जून, 1994 की कण्डिका 3(3) में स्पष्ट किया गया है कि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत कार्यवाही शुरू होने के बाद प्रकरण चेतावनी देकर समाप्त नहीं किया जा सकता है या तो शासकीय सेवक को दोषमुक्त घोषित किया जाये या कम से कम परिनिन्दा का दण्ड दिया जाये.

5. इस विभाग के परिपत्र क्रमांक 2071/एफ ए-6-85/82/1/(1), दि. 31 जुलाई, 1984 और दिनांक 28-12-84 और क्रमांक सी/6-1/25/3/एक, दिनांक 18 जुलाई, 1993 में "बिना कोई शास्ति अधिरोपित किए गए साधारण चेतावनी देकर" प्रकरण समाप्ति का उल्लेख है. इसे "बिना किसी शास्ति अधिरोपित किए" समझा जाये.

6. यह स्पष्ट किया जाता है कि वेतनमान रु. 12,000-16,500 या इससे ऊपर के वेतनमान में नियुक्त शासकीय सेवक के प्रकरण विभागीय कार्यवाही को बिना किसी दण्ड दिए समाप्त किया जाना है तो समन्वय में मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक है.

हस्ता./-
(भूपाल सिंह)
सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

पृ. क्र.-सी-6-3-2005-3-एक

भोपाल, दिनांक, 22 फरवरी 2005

प्रतिलिपि :

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, भोपाल.
2. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल.
3. सचिव, लोक सेवा आयोग, मध्यप्रदेश इंदौर.
4. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश भोपाल.
5. प्रमुख सचिव/सचिव मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, म. प्र. भोपाल.
6. प्रमुख सचिव, विधान सभा सचिवालय, मध्यप्रदेश, भोपाल.
7. मंत्री/राज्य मंत्रीगण के निज सचिव, निज सहायक, म. प्र. भोपाल.
8. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म. प्र. भोपाल.
9. सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, म. प्र. भोपाल.
10. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, म. प्र. भोपाल.
11. महाधिवक्ता/उपमहाधिवक्ता, म. प्र. उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर.
12. महालेखाकार, मध्यप्रदेश ग्वालियर, मध्यप्रदेश.
13. प्रमुख सचिव/सचिव/अपर सचिव/उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल.
14. उप सचिव/अवर सचिव, स्थापना/अधीक्षण/अभिलेख मुख्य लेखाधिकारी, म. प्र. मंत्रालय, भोपाल.
15. मुख्य सचिव के अपर सचिव, मंत्रालय, भोपाल.
16. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, म. प्र. भोपाल.
17. अध्यक्ष, म. प्र. राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल.
18. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ, भोपाल.

हस्ता./-

(आर. सी. श्रीवास्तव)

अवर सचिव,

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

(मध्यप्रदेश राजपत्र, असाधारण प्राधिकार से प्रकाशित
क्रमांक 85, भोपाल, गुरुवार, दिनांक 17 मार्च 2005—फाल्गुन 26, शक 1926)

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 मार्च 2005

क्र. सी-6-1-2004-3-एक.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 में निम्नलिखित और संशोधन करते हैं, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त नियमों में, नियम 14 में, उपनियम (2) में, निम्नलिखित परन्तुक अंत:स्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"परन्तु यह कि, जहां यौन उत्पीड़न की शिकायत, मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 22 के उपनियम (3) के अभिप्राय के अन्तर्गत आती हो, वहां प्रत्येक विभाग अथवा कार्यालय में ऐसी शिकायतों की जांच करने के लिए गठित की गई शिकायत समिति को, ऐसे नियमों के प्रयोजन के लिए अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा नियुक्त किया गया जांच प्राधिकारी समझा जाएगा और यदि, यौन उत्पीड़न की शिकायतों की जांच करने के लिए शिकायत समिति के लिए कोई पृथक् प्रक्रिया विहित नहीं की गई है तो शिकायत समिति जहां तक साध्य हो, इन नियमों में अधिकथित की गई प्रक्रिया के अनुसार जांच करेगी.".

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुभाष डाफणे, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 17 मार्च 2005

क्र. सी-6-1-2004-3-एक.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक सी-6-1-2004-3-एक, दिनांक 17 मार्च 2005 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुभाष डाफणे, उपसचिव.

Bhopal, the 17th March 2005

No. C-6-1-2004-3-I.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the constitution of India, the Governor of Madhya Pradesh, hereby makes the following further amendment in the Madhya Pradesh Civil Services (Classification, Control and Appeal) Rules, 1966, namely:—

AMENDMENT

In the said Rules, in Rule 14, in sub-rule (2), the following proviso shall be inserted, namely:—

"Provided that where there is a complaint of sexual harassment within the meaning of sub-rule (3) of Rule 22 of the Madhya Pradesh Civil Services (Conduct) Rules, 1965, the complaints committee established in each Department or Office for inquiring into such complaints, shall be deemed to be the inquiring authority appointed by the disciplinary authority for the purpose of these rules and the complaints committee shall hold, if separate procedure has not been prescribed for the complaints committee for holding the inquiry into the complaints of sexual harassment, the inquiry as far as practicable in accordance with the procedure laid down in these rules.".

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
SUBHASH DAFNEY, Dy. Secy.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

(मध्यप्रदेश राजपत्र, असाधारण प्राधिकार से प्रकाशित
क्रमांक 177, भोपाल, बुधवार, दिनांक 13 अप्रैल 2005—चैत्र 23, शक 1927)

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 अप्रैल 2005

क्र. सी-6-4-2005-3-एक.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 में निम्नलिखित और संशोधन करते हैं, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त नियमों में, अनुसूची में,—

(1) शीर्षक "सचिवालय के स्थान पर," शीर्षक "मंत्रालय" स्थापित किया जाए.

(2) इस प्रकार स्थापित किए गए शीर्षक "मंत्रालय" के अधीन तथा विद्यमान उपशीर्षक "द्वितीय श्रेणी" के अधीन प्रविष्टि "अनुभाग अधिकारी/निज सचिव/अनुवाद अधिकारी" तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
अनुभाग अधिकारी/ निज सचिव/ अनुवाद अधिकारी.	प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग.	प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग.	समस्त	राज्यपाल

(3) इस प्रकार स्थापित किए गए शीर्षक "मंत्रालय" के अधीन, विद्यमान उपशीर्षक "तृतीय श्रेणी" तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
तृतीय श्रेणी				
तृतीय श्रेणी के समस्त लिपिकवर्गीय तथा अलिपिकवर्गीय पद.	सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग.	प्रमुख सचिव, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग.	समस्त	मंत्रालय में पदस्थ वरिष्ठतम अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव.

(4) इस प्रकार स्थापित किए गए शीर्षक "मंत्रालय" के अधीन विद्यमान उपशीर्षक "चतुर्थ श्रेणी" तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
चतुर्थ श्रेणी				
चतुर्थ श्रेणी के समस्त सरकारी सेवक.	सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग.	संचिव, सामान्य प्रशासन विभाग.	समस्त	प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुभाष डाफणे, उपसचिव.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

भोपाल, दिनांक 13 अप्रैल 2005

क्र. सी-6-4-2005-3-एक.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. सी-6-4-2005-3-एक, दिनांक 13 अप्रैल 2005 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा, प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुभाष डाफणे, उपसचिव.

Bhopal, the 13th April 2005

No. C-6-4-2005-3-I.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Madhya Pradesh hereby makes the following further amendments in the Madhya Pradesh Civil Services (Clessification, Control and Appeal) Rules, 1966, namely:—

AMENDMENT

In the said rules, in the Schedule,—

(1) for the heading "Secretariat", the heading "Mantralaya" shall be substituted.

(2) Under the heading "Mantralaya", so substituted and under the existing sub-heading "Class-II", for the entries "Section Officers/Private Secretaries/Translation Officer" and entries relating thereto, the following entries shall be substituted, namely:—

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
Section Officers/ Private Secretary/ Translation Officer.	Principal Secretary, General Administration Department.	Principal Secretary, General Administration Department.	All	Governor

(3) Under the heading "Mantralaya", so substituted, for the existing sub-heading "Class-III", and entries relating thereto, the following entries shall be substituted, namely:—

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
Class-III All Ministrial and Non-Ministrial posts of Class-III.	Secretary, General Administration Department.	Principal Secretary/ Secretary General Administration Department.	All	Senior most Additional Chief Secretary/ Principal Secretary posted in Mantralaya.

(4) Under the heading "Mantralaya", so substituted, for the existing sub-heading "Class-IV", and entries relating thereto; the following entries shall be substituted, namely:—

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
Class-IV All Government Servants of Class-IV.	Secretary, General Administration Department.	Secretary, General Administration Department.	All	Principal Secretary, General Administration Department.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
SUBHASH DAFNEY, Dy. Secy.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

अतिमहत्वपूर्ण

मध्यप्रदेश शासन

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय

क्रमांक सी/6-5/2005/3/एक भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर, 2005

प्रति,

मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल डाक परिमंडल, के पत्र क्रमांक 22/153, दिनांक 10-1-06 द्वारा पूर्व भुगतान योजनान्तर्गत डाक व्यय की पूर्व अदायगी डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.

पंजी. क्रमांक भोपाल डिवीजन म. प्र.-108-भोपाल-06-08.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 564] भोपाल, गुरुवार, दिनांक 18 सितम्बर 2008—भाद्र 27, शक 1930

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 सितम्बर 2008

क्र. सी-6-1-2008-3-एक.—मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 12 के उपनियम (2) के खण्ड (क) तथा (ख) के अनुसरण में तथा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक सी-6-5-97-3-एक, दिनांक 1 जनवरी, 2002 को अतिष्ठित करते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, एतद्द्वारा, राज्य के समस्त संभागीय आयुक्तों को, उनके अपने-अपने संभागों में पदस्थ राज्य शासन के प्रथम श्रेणी तथा द्वितीय श्रेणी के शासकीय सेवकों पर (न्यायिक सेवा, पुलिस विभाग तथा गैर-सरकारी संस्थाओं/संगठनों/उपक्रमों में पदस्थ अधिकारियों को छोड़कर) अनुशासनात्मक कार्यवाही करने एवं उक्त नियमों के नियम 10 के खण्ड (एक) से (चार) तक में विनिर्दिष्ट शास्तियां अधिरोपित करने के लिए सशक्त करते हैं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अकीला हशमत, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 15 सितम्बर 2008

क्र. सी-6-1-2008-3-एक.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक सी-6-1-2008-3-एक, दिनांक 15 सितम्बर 2008 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अकीला हशमत, उपसचिव.

Bhopal, the 15th September 2008

No. C-6-1-2008-3-1.—In pursuance of clause (a) and (b) of sub-rule (2) of Rule 12 of the Madhya Pradesh Civil services (Classification, Control and Appeal) Rules, 1966 and in supersession of this Department's Notification No. C-6-5-97-3-I, dated 1st January, 2002, the Governor of Madhya Pradesh, hereby empowers all Divisional Commissioners of the State to take disciplinary action and to impose the penalties specified in clause (I) to (IV) of Rule 10 of the said rules on Class I and Class II Government servants (except the officers of the Judicial services, police department and posted in Non--Governmental Institutions/Organizations/undertakings) of the State Government posted within their respective divisions.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
AQUEELA HASHMAT, Dy. Secy.

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2008.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांक सी-6-1/2009/3-1 भोपाल, दिनांक 20 मई 2009

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, म. प्र. ग्वालियर,
समस्त विभागाध्यक्ष
समस्त संभागायुक्त
समस्त जिलाध्यक्ष,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय.—अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित रहते हुए शासकीय सेवक की मृत्यु हो जाने पर प्रकरण का निराकरण.

कतिपय विभागों द्वारा परामर्श चाहा गया है कि ऐसे शासकीय सेवक जिनके विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966. के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की गई है, की मृत्यु हो जाने पर उसके विरुद्ध लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाही (विभागीय जांच) समाप्त की जा सकती है अथवा नहीं?

2. उपरोक्त के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि यदि अनुशासनात्मक कार्यवाही (विभागीय जांच) लंबित रहते हुए शासकीय सेवक की मृत्यु हो जाए तो उसके विरुद्ध लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाही तत्काल समाप्त की जाए.

3. कृपया उपरोक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें.

हस्ता./-

(अकीला हशमत)
उपसचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

पृ. क्रमांक सी-6-1/09/3-एक भोपाल, दिनांक 20 मई 2009

प्रतिलिपि :—

1. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर.
2. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल.
3. सचिव, मध्यप्रदेश, लोक सेवा आयोग, इन्दौर.
4. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश, भोपाल.
5. राज्यपाल के सचिव, मध्यप्रदेश, राजभवन, भोपाल.
6. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा, सचिवालय, भोपाल.
7. प्रमुख सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, मध्यप्रदेश, भोपाल.
8. मंत्री/राज्य मंत्रीगण के निज सचिव/निज सहायक, मध्यप्रदेश, भोपाल.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल.
10. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.
11. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल.
12. महाधिवक्ता/उप महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर/ग्वालियर/जबलपुर.
13. महालेखाकार, मध्यप्रदेश, ग्वालियर/भोपाल.
14. प्रमुख सचिव/सचिव/उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल.
15. उप सचिव/अवर सचिव, स्थापना/अधीक्षण/अभिलेख/मुख्य लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश, मंत्रालय, भोपाल.
16. मुख्य सचिव के अपर सचिव, मंत्रालय, भोपाल.
17. आयुक्त, जनसम्पर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल.
18. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग निर्वाचन भवन, द्वितीय मंजिल, भोपाल.
19. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल.
20. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ, भोपाल.

हस्ता./-

(व्ही. एस. सावनेर)
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांक सी-6-2/2009/3-एक — भोपाल, दिनांक 15 अक्टूबर 2009

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, म. प्र. ग्वालियर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मध्यप्रदेश.

विषय.—विभागीय जांच प्रकरणों में आयोग के परामर्श हेतु प्रक्रिया का पालन किया जाना—लोक सेवा आयोग के 52वें वार्षिक प्रतिवेदन 2008-09 पर कार्यवाही.

संदर्भ.— (1) सा.प्र.वि. का परिपत्र क्र. 1436-976-एक-3-64, दिनांक 12-8-1964.
(2) क्र. 2343-2540-एक-3-64, दि. 11-12-1964,
(3) क्र. 567-1-608-एक-3, दि. 22-3-1966
(4) क्र. 14587-8938-1(1)-73, दि. 12-12-1973,
(5) क्र. 657-346-एक 1(1), दि. 21-3-1980
(6) क्र. सी-6-7-83-3-1, दि. 25-8-1984
(7) क्र. सी-6-1-85-3-एक, दि. 4-11-1985
(8) क्र. सी-5-3-87-3-एक, दि. 9-9-1987,
(9) क्र. सी-5-1-89-3-49, दि. 28-8-1989,
(10) क्र. एफ-ए-6-1-95-एक(1), दि. 16-2-1995.

कृपया संदर्भित ज्ञापनों का अवलोकन करें जिनके द्वारा विभागीय जांच, अपील/पुनर्विलोकन के लोक सेवा आयोग को परामर्श हेतु भेजे जाने वाले प्रकरणों के साथ समस्त अभिलेख और दस्तावेजों का पूर्ण विवरण आयोग को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं.

2. विभागों द्वारा उपरोक्त निर्देशों का पालन न किये जाने से मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के 52वें वार्षिक प्रतिवेदन में आयोग की राय/सहमति हेतु प्राप्त होने वाले प्रकरणों में निम्नलिखित कमियां पाये जाने का उल्लेख किया गया है :—

(अ) सामान्य प्रशासन विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन पूरी तरह से नहीं किया जाना,
(ब) प्रकरण से संबंधित अभिलेखों का व्यवस्थित नहीं होना.
(स) प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर नहीं होना,
(द) प्रकरण की स्वयंपूर्ण संक्षेपिका एवं आरोपवार विवरण पत्रक उपलब्ध नहीं कराना.

3. कृपया आयोग को परामर्श हेतु भेजे जाने वाले प्रकरणों का पूर्ण परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाये कि उपरोक्तानुसार कमियां न रहें और प्रकरण के साथ संबंधित अभिलेख व्यवस्थित रूप से संलग्न किये जायें. शासन के निष्कर्ष आरोपवार अंकित किये जायें.

4. आयोग द्वारा चाहा गया है कि भविष्य में विभागीय जांच/अनुशासनिक कार्यवाहीं/अपील/पुनर्विलोकन आदि के जो भी मामले आयोग के परामर्श के लिये भेजे जायें तो उनके साथ सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. 1(ए)-6-ए/95/एक (ए), दिनांक 16 फरवरी 1995 को निर्धारित प्रपत्र में जानकारी एक विवरण पत्रक सहित अनिवार्यत: भेजी जाये. सुलभ संदर्भ के लिए उपरोक्त परिपत्र की प्रति

संलग्न

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

5. जहां शासन विभागीय जांच अधिकारी के निष्कर्षों से असहमत हो अथवा कुछ भिन्न निष्कर्षों पर पहुंचा हो, वहां असहमति या भिन्न निष्कर्षों का आधार भी स्पष्ट किया जाये.

6. कृपया उपरोक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें.

हस्ता./-

(अकीला हशमत)
उपसचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

पृ. क्रमांक सी-6-2/2009/3-एक

भोपाल, दिनांक 15 अक्टूबर 2009

प्रतिलिपि :—

1. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर.
2. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल.
3. सचिव, मध्यप्रदेश, लोक सेवा आयोग, इन्दौर.
4. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश, भोपाल.
5. राज्यपाल के सचिव, मध्यप्रदेश, राजभवन, भोपाल.
6. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा, सचिवालय, भोपाल.
7. प्रमुख सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, मध्यप्रदेश, भोपाल.
8. मंत्री/राज्य मंत्रीगण के निज सचिव/निज सहायक, मध्यप्रदेश, भोपाल.
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल.
10. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.
11. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल.
12. महाधिवक्ता/उप महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर/ग्वालियर/जबलपुर.
13. महालेखाकार, मध्यप्रदेश, ग्वालियर/भोपाल.
14. प्रमुख सचिव/सचिव/उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल.
15. उप सचिव/अवर सचिव/स्थापना/अधीक्षण/अभिलेख/मुख्य लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश, मंत्रालय, भोपाल.
16. मुख्य सचिव के अपर सचिव, मंत्रालय, भोपाल.
17. आयुक्त, जनसम्पर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल.
18. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग निर्वाचन भवन, द्वितीय मंजिल, भोपाल.
19. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल.
20. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ, भोपाल.

हस्ता./-

(आर. के. गजभिये)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी,
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल—462 004

क्रमांक एफ. ए. 6-1/95/एक(1) भोपाल, दिनांक 16 फरवरी 1995

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
भोपाल.

विषय.—आयोग के परामर्श के लिये प्राप्त होने वाले विभागीय जांच/अपील/अनुशासनिक कार्यवाही या पुनर्नियुक्ति प्रकरणों के संबंध में.

लोक सेवा आयोग, मध्यप्रदेश द्वारा शासन को अवगत कराया गया है कि आयोग के परामर्श के लिये प्राप्त होने वाले विभगीय जांच/अनुशासनिक कार्रवाई/अपील पुनर्विलोकन प्रकरणों के साथ भेजे जाने वाले समस्त अभिलेख और विवरण दस्तावेज पहले से ही निर्धारित हैं, किन्तु प्रायः यह देखा गया है कि किसी भी प्रकरण में मामले की विषय वस्तु के संबंध में शासन के आरोपवार निष्कर्ष अंकित नहीं रहते. इसके अलावा जहां शासन, विभागीय जांच अधिकारी के निष्कर्षों से असहमत हो अथवा कुछ भिन्न निष्कर्षों पर पहुंचा हो, वहां कई वार असहमति/भिन्न निष्कर्षों के आधार भी स्पष्टतया कवरिंग लेटर में या यदि कोई टीप संलग्न है तो उसमें नहीं बताये जाते.

2. अतः आयोग द्वारा चाहा गया है कि भविष्य में विभागीय जांच/अनुशासनिक कार्रवाई/अपील या पुनर्विलोकन आदि के जो भी मामले आयोग के परामर्श के लिये भेजे जायें तो कवरिंग लेटर के साथ निम्नलिखित प्रपत्र में एक विवरण पत्रक भी अनिवार्यतः भेजा जावे :—

(अ) विभागीय जांच/अनुशासनिक कार्रवाईयों के मामलों में,—

अनुशासनिक कार्रवाई विरुद्ध श्री .... (नाम) ....
(पदनाम) में दण्ड के प्रस्ताव संबंधी प्रकरण में लोक सेवा आयोग की राय का मामला,

सरल क्र.	आरोप क्र.	आरोप	विभागीय जांच	शासन का निष्कर्ष	रिमार्क
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)

(ब) अपील/पुनर्विलोकन प्रकरणों के मामलों में,—

सरल क्र.	मूल मामले में आयोग के परामर्श का दिनांक	आयोग की राय	दिया गया दण्ड	अपील/पुनर्विचार में उठाये गये मुद्दे	उठाये गये मुद्दों पर शासन की कंडिकावार तथ्यात्मक टीप	अन्य विशेष विवरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

3. जिन प्रकरणों में किसी कारण से मूल अभिलेख नहीं भेजे जा सकते उनमें जो प्रतिलिपियां भेजी जायें वे किसी अधिकारी द्वारा सत्यापित होना चाहिये क्योंकि प्रायः यह देखा जाता है कि विभाग बिना सत्यापित किये फोटो प्रतियां भेज देते हैं.

4. अतः कृपया उक्त निर्देश आप अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों/कार्यालयों के ध्यान में लाकर इन निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें.

हस्ता./-
(डी. के. बैरागी)
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय

क्रमांक सी. 6-7/83/3/1 भोपाल, दिनांक 25 अगस्त 1984

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,

विषय.—विभागीय जांच/अपील के प्रकरण आयोग की राय हेतु भेजने की आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया-प्रपत्र.

संदर्भ.—सा.प्र.वि. का ज्ञापन क्र. 2410/2540/1, दिनांक 25-12-64.

इस विभाग द्वारा उपरोक्त संदर्भित ज्ञापन के साथ एक प्रपत्र निर्धारित कर प्रसारित किया गया था जिसमें विभागीय जांच एवं अपील प्रकरणों की विस्तृत जानकारी इस निर्धारित प्रपत्र में ही भरकर लोक सेवा आयोग को उनके परामर्श के लिए भेजी जाने के निर्देश दिये गये थे साथ ही प्रकरण से संबंधित संपूर्ण सुसंगत अभिलेख आदेश, प्रतिवेदन आदि वांछित जानकारी भी इसी प्रपत्र के साथ भेजने के निर्देश दिये गये थे लोक सेवा आयोग ने लिखा है कि उपरोक्त निर्देशों के बावजूद विभागों द्वारा प्रकरण अस्पष्ट एवं अधूरे ही आयोग को भेज दिये जाते हैं जिनके कारण आयोग द्वारा अनावश्यक पत्र व्यवहार करने में समय नष्ट होता है तथा प्रकरण बार-बार लौटाना पड़ता है और विभागीय जांच प्रकरण के अंतिम निराकरण में विलम्ब होता है.

अतः निवेदन है कि भविष्य में आवश्यक रूप से संलग्न संशोधित प्रपत्र में ही विभागीय जांच एवं अपील के प्रकरण से संबंधित जानाकरी लोक सेवा आयोग को भेजी जाया करे.

संलग्न :— प्रपत्र

हस्ता./-

(के. एन. श्रीवास्तव)
उपसचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

क्रमांक सी-6-7/83/3-1 भोपाल, दिनांक 25 अगस्त, 1984

प्रतिलिपि :—

सचिव, लोक सेवा आयोग, मध्यप्रदेश इन्दौर की ओर उनके पत्र क्र. 3575/289/64/जी.एस., दिनांक 27-6-83 के संदर्भ में सूचनार्थ अग्रेषित.

हस्ता./-

(के. एन. श्रीवास्तव)
उपसचिव.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI DN: OU=IQAC COORDINATOR, O, ="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

Annexure

Particulars Relating to the Disciplinary Case Referred to the Madhya Pradesh Public Service Commission with Letter

No. . . . . Dated . . . .

1. Name of accused Officer :

2. Whether temporary/permanent/contract service

3. Post held substantively if in permanent Service.

   (a) Designation :

   (b) Scale of Pay :

   (c) Pay drawn :

   (d) Date from which pay shown against (c) drawn.

4. Post held at present in an Officiating capacity.

   (a) Designation :

   (b) Scale of Pay :

   (c) Pay drawn :

   (d) Date from which pay shown against (c) drawn :

   (e) Whether the approval of the M.P.P.S.C. to the Officer's officiating appointment has been obtained in case such approval was necessary under rules (Give the No. & date of the Commission's relevant letter).

5. The next lower post the officer would have held but for this appointment to the present post he is holding.

6. Post if any in which quasi-permanent.

7. Increment.

   (a) Date of next increment in post held substantively.

   (b) Date of next increment in post in which officiating at present.

8. Date of Birth :

9. Date of Joining Government Service :

10. Date when due to retire or date of actual retirement in cases of persons who have already retired.

10. (A) (I) Amount of monthly pension admissible.

   (II) Amount of monthly pension sanctioned.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

(B) (I) Amount of gratuity admissible.

(II) Amount of gratuity sanctioned.

(This information is required only in respect of cases of recovery from or with-holding of pension/spicial additional pension).

11. (A) Appointing authority in respect of the post hled at present or the authority which actually appointed the person if that authority is higher.

(B) Punishing authority in respect of the post held at present.

(C) Appeal-late authority in respect of the post held at present.

12. Whether an oral enquiry if required under the rules has been held.

12. (A) (1) Date on which the discision of disciplinay action was taken.

(2) Date on which departmental enquiry completed.

(3) Date on which the Government have forwarded the case of the Commission.

13. Name and designation of the enquiry officer appointed, if any.

14. Whether all the relevant documents in original, particularly the following have been enclosed with the letter seeking the Commission's advice.

(A) In the case of orginal enquiries :

I. paper relating to preliminay enquiry, if any.

II. Suspension Order, if any,
(a) Order revoking suspension, if any.

III. Order of the competent authority for joint/common proceedings where issued if two or more Govt. servents are involved in the case.

IV. Charge sheet with the statement of inputations of misconduct of misbehaviour and other enclosures.

V. Reply of the accused officer to the chare sheet.

VI. Orders appointing the enquiry Officer.

VII. Orders appointing the Presenting Officer.

VIII. Record of the Oral enquiry :—
(a) Daily order sheets.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

(b) Correspondence file of the I.O.

(c) Depositions.

(d) Questions put to the accusesd Officer by the Enquiry Officer.

(e) Statement of Defence before the I.O.

(f) Written briefs of :—

I. the presenting officer

II. the charged officer

(g) Inquiry Officer's report.

IX. Miscellaneous documents regarding evidence such as exhibits, Statement etc. referred it in items (I) to (IX) above.

X*. Sanctions of the Governor for institutions of departmental proceedings where necessary.

* This information is required in case of pesioners only.

xi* Show cause notice for withdrawing/with holding the pension/DCRG.

xii* Reply of the accused officer to the show cause notice.

(B) In the case of appeals :

In addition to the documents specialised under (A) above the following :—

i. Order of the punishing authority.

ii. Appeal, if any, of the accused officer.

iii. Comments on the appeal by the officer against where order an appeal has been filed.

(C) In the case of Petiton/Memorials or suo-motto Review :

In addition to the documents specified under (A) & (B) above, the following :—

i. Order if any, on the Appeal.

ii. Petition or memorial, if any, from the accused officer.

iii. Note indicating the reasons for modifying the existing order of penalty and the prescise extent of such modification.

---

* This information is requred in case of pensioners only.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

(D) Miscellaneous documenmts regarding evidence such as exhibits statements referred to in item 14 (B) and 14 (C) and extracts of relevant Rules, codes, Acts, Judgements, Manuals, etc. referred to in the charge sheet, statement of allegations, statement of defence, Inquiring Authority's Report, reply to show cause notice, Appeal, petitions, Department's comments.

15. Whether a note explaining the factual & procedural points mentioned in the Officer's explaination has been enclosed.

References

16. Whether comments on procedural points, if any, raised by the officer in his explaination to the charge sheet/ reply to show cause notice/Appeal/Petition have been given.

17. Whether complete & up-to-date confidencial roll of the officer has been enclosed.

Signature . . . .

Name of officer signing this statement

(in block letters) . . . .

Designation . . . .

Date : . . . .

Telephone Number . . . .

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक सी-6-3/2009/3-एक

भोपाल, दिनांक 22 अक्टूबर 2009

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, म. प्र. ग्वालियर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभाग आयुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मध्यप्रदेश.

विषय.—विभागीय जांच प्रकरणों का एक वर्ष की निर्धारित समयावधि में निराकरण.

संदर्भ.— (1) क्र. सी-5-2/87/3/1, दि. 16-4-1987

(2) क्र. 486/708/49/3/90, 22-23-8-1990

(3) क्र. 248/1278/1/3/94, दि. 27-6-1994

(4) क्र. सी. 6-6-97/3/1, दि. 4-6-1997

सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित ज्ञापन क्र. एफ. 486/708/49/3/90, दि. 22-23 अगस्त, 1990 (प्रति संलग्न) का अवलोकन करें जिसमें विभागीय जांच के मामलों के प्रत्येक चरण में लगने वाले समय की सीमा निर्धारित करते हुये एक सारणी संलग्न कर विभागीय जांच प्रकरणों का निपटारा एक वर्ष की निर्धारित समयावधि किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं. यह देखने में आया है कि विभागों द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार विभागीय जांच के प्रकरणों में कार्यवाही नहीं की जा रही है. विभागीय जांच प्रकरण अनावश्यक रूप से दीर्घ समय तक लंबित रहते हैं जिसके फलस्वरूप शासकीय सेवकों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. विभागीय जांच लंबित रहने के कारण सेवानिवृत्ति के समय अथवा असामयिक मृत्यु की स्थिति में संबंधित शासकीय सेवक की पेंशन एवं अन्य प्रकार के भुगतानों में बाधा उत्पन्न होती है. कृपया आप अपने स्तर पर आपके कार्यालय/विभाग से संबंधित विभागीय जांच के लंबित प्रकरणों की छ:माही समीक्षाएं करें और यह प्रयास करें कि शासन द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार विभागीय जांच के मामलों का निपटारा किया जा सके.

2. यदि किसी प्रकरण में निर्धारित समय-सीमा से अधिक विलम्ब किसी स्तर पर होता है तो यथोचित कारण न होने पर उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये संबंधित के विरुद्ध सक्षम अधिकारी द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये.

3. कृपया इन दिर्नेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें.

हस्ता./-
(सुदेश कुमार)
प्रमुख सचिव
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

पृ. क्रमांक सी–6–3/2009/3–एक भोपाल, दिनांक 22 अक्टूबर 2009

प्रतिलिपि :—

1. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर.
2. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल.
3. सचिव, मध्यप्रदेश, लोक सेवा आयोग, इन्दौर.
4. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश, भोपाल.
5. राज्यपाल के सचिव, मध्यप्रदेश, राजभवन, भोपाल.
6. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय, भोपाल.
7. प्रमुख सचिव/सचिव मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, मध्यप्रदेश, भोपाल.
8. मंत्री/राज्यमंत्रीगण के निज सचिव/निज सहायक, मध्यप्रदेश, भोपाल.
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल.
10. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.
11. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल.
12. महाधिवक्ता/उप महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर/ग्वालियर/जबलपुर.
13. महालेखाकार, मध्यप्रदेश, ग्वालियर/भोपाल.
14. प्रमुख सचिव/सचिव/उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल.
15. उप सचिव/अवर सचिव, स्थापना/अधीक्षण/अभिलेख/मुख्य लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश, मंत्रालय, भोपाल.
16. मुख्य सचिव के अपर सचिव, मंत्रालय, भोपाल.
17. आयुक्त, जनसम्पर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल.
18. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग निर्वाचन भवन, द्वितीय मंजिल, भोपाल.
19. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल.
20. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यताप्राप्त कर्मचारी संघ, भोपाल.

हस्ता./–
(अकीला हशमत)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण विभाग

क्रमांक 486-एफ. 708/49/3/90, भोपाल, दिनांक 22/23 अगस्त 1990

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मंडल, मध्यप्रदेश ग्वालियर,
समस्त संभागीय आयुक्त/विभागाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष,
मध्यप्रदेश.

विषय.—विभागीय जांचों का एक वर्ष की निर्धारित समयावधि में निपटारा।
संदर्भ.—सा.प्र.वि. का ज्ञापन क्रमांक सी/5-2/67/3/1, दि. 16 अप्रैल, 87

सामान्य प्रशासन विभाग के उक्त ज्ञापन की ओर पुनः आपका ध्यान आकर्षित किया जाता है. इस ज्ञापन के साथ विभागीय जांचों के मामलों में विभिन्न स्टेजेज पर कितना समय लगना उसकी एक सारणी संलग्न की गई थी, जो इस प्रकार थी :—

1.	सक्षम प्राधिकारी द्वारा नस्ती पर विभागीय जांच करने का निर्णय लिया जाना-	प्रकरण प्रस्तुति से एक सप्ताह
2.	आरोप पत्रादि जारी किए जाना-	अधिकतम एक माह
3.	अपचारी से आरोप-पत्र का उत्तर विहित समयावधि में प्राप्त करना- (यह अवधि आरोप-पत्रादि प्राप्त होने की तिथि से कम से कम सात दिन पश्चात् की होगी).	सात दिन से एक माह
4.	अपचारी से आरोप-पत्र का उत्तर प्राप्त होने पर उसका परीक्षण कर जांचकर्ता/प्रस्तुतकर्ता पदाधिकारी की नियुक्ति.	सात दिन से एक माह
5.	जांच प्राधिकारी द्वारा जांच करना एवं जांच प्रतिवेदन भेजना :—	
	(1) मुख्य शास्तियां अधिरोपित करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया हेतु-	अधिकतम छः माह
	(2) लघु शास्तियां अधिरोपित करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया हेतु-	अधिकतम तीन माह
6.	जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उसका परीक्षण एवं अनन्तिम (प्रस्तावित) या अन्तिम शास्ति (लघु शास्ति पारित करने की स्थिति में) पारित करने का निर्णय लेना- :—	
	(1) मुख्य शास्तियां अधिरोपित करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया हेतु-	अधिकतम तीन सप्ताह
	(2) लघु शास्तियां अधिरोपित करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया हेतु-	अधिकतम दो सप्ताह
7.	आयोग की मंत्रणा (मंत्रणा में लगने वाले समय को छोड़कर) जहां आवश्यक हो, प्राप्त होने के बाद मुख्य शास्तियां अधिरोपित करने के लिए अन्तिम आदेश पारित करना-	अधिकतम दो सप्ताह

2. हाल ही में मुख्य सचिव महोदय ने सभी विभागों के सचिवों की बैठक में इस विषय पर चर्चा की. चर्चा का निष्कर्ष यह रहा कि विभागीय जांचों में विलम्ब के मामले आज भी मौजूद हैं और शासन के उक्त ज्ञापन में बताई गई समय सारिणी का पालन नहीं हो रहा है.

3. यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि शासन के उक्त निर्देशों को कड़ाई से और तत्परतापूर्वक पालन किए जाने की जिम्मेदारी कार्यालय और विभाग प्रमुखों की है. अतः पुनः एक बार आपका ध्यान उक्त समय सारिणी की ओर आकर्षित करते हुए निवेदन है कि कृपया अपने स्तर पर ऐसे अन्तराल से जो आप उपयुक्त समझें, आपके कार्यालय/विभाग से संबंधित विभागीय जांचों के लम्बित मामलों की समीक्षाएं प्रारंभ करें और यह प्रयास करें कि शासन द्वारा निर्धारित समय सारिणी के मुताबिक विभागीय जांचों में प्रगति हो.

4. हमें विश्वास है कि आपके सहयोग से शासन विभागीय जांचों के निराकरण में अपने उद्देश्यों में सफल हो सकेगा.

हस्ता./-
(ओमप्रकाश मेहरा)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

पृ. क्रमांक 487-एफ. 708/49/3/90 भोपाल, दिनांक 22/23 अगस्त 1990

प्रतिलिपि.—

1. निबन्धक, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल.
   सचिव, लोक सेवा आयोग, म. प्र. इन्दौर, सचिव कनिष्ठ सेवा चयन मण्डल, म. प्र. भोपाल.

2. राज्यपाल के सचिव, म. प्र. राजभवन, भोपाल. सचिव, विधान सभा सचिवालय, म. प्र. भोपाल.

3. प्रमुख सचिव/सचिव/ विशेष सचिव/उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग.

4. अवर सचिव (स्थापना) अधीक्षण/अभिलेख शाखा/मुख्य लेखा अधिकारी मध्यप्रदेश सचिवालय, भोपाल.

5. मुख्य सचिव के स्टाफ आफिसर———सूचनार्थ

   प्रमुख सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण विभाग के स्टाफ आफिसर——मास्टर फाइल/कार्यालयीन आदेश की नस्ती हेतु.

हस्ता./-
(ओमप्रकाश मेहरा)
प्रमुख सचिव.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांक सी/6-4/2009/3/एक

भोपाल, दिनांक 6 नवम्बर 2009

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश ग्वालियर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय.—शासकीय सेवाओं के विरुद्ध लंबित अनुशानात्मक/न्यायालयीन कार्यवाही के दौरान उनकी पदोन्नति/स्थायीकरण.

उंपरोक्त विषय पर सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. F/C-6-2/94/3/एक, दिनांक 30 जून 1994 एवं परिपत्र क्र. सी-6-2/2006/3/एक, दिनांक 11-9-2007 द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किये गये हैं परंतु इन निर्देशों का पालन न करते हुये नियम विरुद्ध पदोन्नति/स्थायीकरण किये जाने की कार्यवाही की जा रही है. शासन के ध्यान में आया है कि एक प्रकरण में शासकीय सेवक के विरुद्ध विभागीय जांच की कार्यवाही प्रचलित रहते हुए उसे पदोन्नति प्रदान की गई जबकि ऐसे मामलों में समिति की अनुशंसा सीलबंद लिफाफे में रखे जाने के निर्देश हैं. उपरोक्त त्रुटि के लिए सक्षम अधिकारी को विभागीय जांच की जानकारी का न होना बताया गया है. ऐसी घटनायें प्रशासकीय दृष्टि से नितांत अवांछनीय हैं.

2. शासकीय सेवकों के निलंबन, विभागीय जांच, आपराधिक प्रकरण एवं दण्डादेश की जानकारी संबंधित स्थापना शाखा में उपलब्ध रहती है. स्थापना शाखा के प्रभारी अधिकारी का यह कर्तव्य है कि विभागीय पदोन्नतिं समिति के समक्ष शासकीय सेवकों के निलंबन, उनके विरुद्ध लंबित विभागीय जांच, आपराधिक प्रकरण एवं दण्डादेश आदि की सही जानकारी प्रस्तुत करें. उपरोक्त घटना की पुनरावृत्ति न हो, इस हेतु निर्देशित किया जाता है कि स्थापना शाखा के प्रभारी अधिकारी, विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के समय इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि "उनके द्वारा पदोन्नति के विचारण क्षेत्र में सम्मिलित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध लंबित विभागीय जांच, आपराधिक प्रकरण, दण्डादेश एवं निलंबन आदि के संबंध में सही जानकारी दी गई है" उपरोक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद यदि उपलब्ध करायी गई जानकारी त्रुटिपूर्ण पाई जाये तो संबंधित स्थापना शाखा के प्रभारी अधिकारी के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत अनुशानात्मक कार्यवाही की जाये.

3. उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये.

हस्ता./-

(सुदेश कुमार)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

पृ. क्रमांक सी/6-4/2009/3/एक भोपाल, दिनांक 6 नवम्बर 2009

प्रतिलिपि :—

1. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर.
2. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल.
3. सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर.
4. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश भोपाल.
5. राज्यपाल के सचिव, मध्यप्रदेश राजभवन, भोपाल.
6. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय, भोपाल.
7. प्रमुख सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, मध्यप्रदेश भोपाल.
8. मंत्री/राज्यमंत्रीगण के निज सचिव/निज सहायक, मध्यप्रदेश भोपाल.
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल.
10. सचिव, मध्यप्रदेश, राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.
11. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल.
12. महाधिवक्ता/उप महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, इन्दौर/ग्वालियर/जबलपुर.
13. महालेखाकार, मध्यप्रदेश ग्वालियर/भोपाल.
14. प्रमुख सचिव/सचिव/उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल.
15. उप सचिव/अवर सचिव, स्थापना/अधीक्षण/अभिलेख/मुख्य लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश मंत्रालय.
16. मुख्य सचिव के अपर सचिव, मंत्रालय, भोपाल.
17. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल.
18. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, निर्वाचन भवन, द्वितीय मंजिल, भोपाल.
19. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल.
20. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ, भोपाल.

हस्ता./-

(अकीला हशमत)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांक सी/6-5/2009/3/एक भोपाल, दिनांक 11 जनवरी 2010

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
समस्त विभागाध्यक्ष,
मध्यप्रदेश.

विषय.—सभी विभागों में जिला स्तर पर विभागीय अधिकारी के उत्तरदायित्व एवं अधिकारों को निर्धारित किया जाना.

राज्य सरकार द्वारा जनहित में विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं. इन योजनाओं और कार्यक्रमों की पूरी जानकारी नागरिकों को होना आवश्यक है ताकि वे उनका लाभ उठा सकें. राज्य सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में जिला स्तर के अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है. अत: प्रत्येक विभाग अपने संभागीय एवं जिलास्तर के कार्यालयों में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी के लिये (Charter of accountability) बनाये जिसमें उन कार्यों/क्षेत्रों का बिन्दुवार स्पष्ट उल्लेख हो जिसके लिये संबंधित अधिकारी उत्तरदायी (accountable) हैं. इस चार्टर में विभाग की शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारी के लिए न केवल समय-सीमा बल्कि जहां आवश्यक हो, भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निर्धारित किये जाएं. आम जनता की जानकारी के लिये इस चार्टर को कार्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित किया जाए तथा कलेक्टर/संभागायुक्त कार्यालय में भी इसकी प्रतियां आम जनता के अवलोकन हेतु रखी जाए. चार्टर का प्ररूप संलग्न है.

2. संबंधित अधिकारियों द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा संभाग एवं जिलास्तर पर समय-समय पर की जाये. कृपया इस संबंध में विभागीय निर्देश जारी किये जायें.

हस्ता./-

(सुदेश कुमार)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

पृ. क्रमांक सी/6-5/2009/3/एक भोपाल, दिनांक 11 जनवरी 2010

प्रतिलिपि :—

समस्त संभागीय आयुक्त/कलेक्टर, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु.

हस्ता./-

उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

उत्तरदायित्व विवरणिका (accountability Charter)

कार्यालय .... संभाग/जिला ....

अधिकारी का पदनाम	कार्यों की सूची जिनके लिए उत्तरदायी हैं.	समय सीमा*	भौतिक लक्ष्य*	वित्तीय लक्ष्य*

(कार्यालय प्रमुख)
संभाग/जिला ....

*यदि लागू न हो तो इस कालॅम को रिक्त रखा जाए.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांक सी/6-2/2010/3/एक भोपाल, दिनांक 27 जनवरी 2010

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश ग्वालियर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय.—संभागायुक्तों द्वारा अपने ही संभाग में पदस्थ प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी शासकीय सेवकों के विरुद्ध लघुशास्ति के अधिकार.

संदर्भ.—सा. प्रशा. विभाग की अधिसूचना के सी-6-1-2008-3-एक, दिनांक 15-9-2008 तथा समसंख्यक परिपत्र दिनांक 20-10-2008.

संदर्भित अधिसूचना दिनांक 15-9-2008 द्वारा संभागीय आयुक्त को उनके संभाग में पदस्थ प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी शासकीय सेवकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम-10 के खण्ड (एक) से (चार) में विनिर्दिष्ट शास्तियां अधिरोपित करने का अधिकार प्रदान किया गया है.

2. शासन के समक्ष निम्नलिखित प्रश्न उद्‌भूत हुए हैं:—

1. अधिसूचना दिनांक 15-9-2008 जारी होने के पश्चात् यदि किसी शासकीय सेवक के संभाग में पदस्थ रहने के दौरान उसके द्वारा की गई अनियमितताओं के लिये उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है तद्पश्चात् उसकी पदस्थापना अन्य संभाग में हो जाती है तो ऐसी स्थिति में प्रारंभ/प्रचलित अनुशासनात्मक कार्यवाही का निराकरण किस प्रकार किया जावेगा?

2. उपरोक्त अधिसूचना जारी होने के पूर्व से प्रचलित अनुशासनात्मक कार्यवाही जिनमें शासकीय सेवक का स्थानांतरण अन्य संभाग में हो गया हो, का निराकरण किस प्रकार किया जायेगा?

3. उपरोक्त दोनों बिन्दुओं के संबंध में स्थिति निम्नानुसार स्पष्ट की जाती है:—

(1) ऐसे शासकीय सेवक जिनके विरुद्ध संभाग में पदस्थ रहने के दौरान अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रचलित रहते हुए उसकी पदस्थपाना अन्य संभाग में हो गई हो तो ऐसी स्थिति में जिस संभाग में अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रचलिक है उसी संभाग में जांच की कार्वाई पूर्ण कराई जाकर संभागायुक्त द्वारा जांच प्रतिवेदन संबंधित प्रशासकीय विभाग को भेजा जायेगा. प्रशासकीय विभाग के सक्षम प्राधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1996 के नियम 15 के अन्तर्गत जांच प्रतिवेदन पर समुचित कार्यवाही की जाकर संबंधित शासकीय सेवक के विरुद्ध शास्ति अधिरोपित करने अथवा उसे दोषमुक्त किये जाने का निर्णय लिया जायेगा.

Digitally signed by
DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC
COORDINATOR, O
="GOVT. COLLEGE
BICHHUA, DIST.
CHHINDWARA
(M.P.)", CN=DR.
POOJA TIWARI, E=
iqacgovtcollegebich
hua@gmail.com
Date: 2024.07.15
06:15:39+05'30'

Digitally signed by
RAJENDRA
PRASAD YADAV
DN: OU=
PRINCIPAL, O=.
GOVT. COLLEGE
BICHHUA, CN=
RAJENDRA
PRASAD YADAV,
E=rajendrap.yadav
@mp.gov.in
Date: 2024.07.15
06:16:15+05'30'

(2) अधिसूचना दिनांक 15-9-2008 के पूर्व से प्रचलित ऐसी अनुशासनात्मक कार्यवाही जिसमें शासकीय सेवकों का स्थानान्तरण अन्य संभाग में हो गया है, के संबंध में भी उपरोक्त कंडिका-3 अनुसार कार्यवाही की जायेगी.

3. उपरोक्त निर्देशों का कढ़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें.

हस्ता./-

(अकीला हशमत)
उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

पृ. क्रमांक सी/6-2/2010/3/एक — भोपाल, दिनांक 27 जनवरी 2010

प्रतिलिपि :—

1. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर.
2. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल.
3. सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर.
4. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश भोपाल.
5. राज्यपाल के सचिव, मध्यप्रदेश राजभवन, भोपाल.
6. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय, भोपाल.
7. प्रमुख सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, मध्यप्रदेश भोपाल.
8. मंत्री/राज्यमंत्रीगण के निज सचिव/निज सहायक, मध्यप्रदेश भोपाल.
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल.
10. सचिव, मध्यप्रदेश, राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.
11. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल.
12. महाधिवक्ता/उप महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, इन्दौर/ग्वालियर/जबलपुर.
13. महालेखाकार, मध्यप्रदेश ग्वालियर/भोपाल.
14. प्रमुख सचिव/सचिव/उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल.
15. उप सचिव/अवर सचिव, स्थापना/अधीक्षण/अभिलेख/मुख्य लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश मंत्रालय.
16. मुख्य सचिव के अपर सचिव, मंत्रालय, भोपाल.
17. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल.
18. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, निर्वाचन भवन, द्वितीय मंजिल, भोपाल.
19. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल.
20. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ, भोपाल.

हस्ता./-

(आर. के. गजभिये)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांक सी/6-1/2010/1/3 भोपाल, दिनांक 29 जनवरी, 2010

प्रति,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,
सचिव/अपर सचिव,
शासन के समस्त विभाग,
समस्त विभागाध्यक्ष,
मध्यप्रदेश.

विषय.—विभागीय जांच के अपील प्रकरणों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया—लोक सेवा आयोग से परामर्श.

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक 657-346-एक (1)-1, दिनांक 21 मार्च, 1980 द्वारा शासन के ज्ञाप दिनांक 25 नवम्बर, 1975 में वर्णित निर्देशों का संदर्भ देते हुए यह स्पष्ट किया गया था कि विभागीय जांच/अपील प्रकरणों में लोक सेवा आयोग को शासन की पैरावाईज टीप प्रेषित करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर के साथ प्रेषित की जानी चाहिए. प्रेषित टीप पर अवर सचिव से अनिम्न श्रेणी के अधिकारी के हस्ताक्षर न केवल अंतिम पृष्ठ पर होने चाहिए बल्कि प्रत्येक पृष्ठ पर होने चाहिए जिससे टिप्पणी की विश्वसनीयता असंदिग्ध रहे.

2. शासन के ध्यान में यह बात आयी है कि समन्वय में माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेश से निराकृत होने वाले अपील प्रकरणों में लोक सेवा आयोग से अभिमत प्राप्त किये बिना प्रकरण समन्वय में माननीय मुख्यमंत्री जी को प्रस्तुत कर दिए जाते हैं, अतः यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे अपील प्रकरणों में अपीलार्थी द्वारा उठाये गए प्रत्येक मुद्दे पर पैरावाईज टीप तैयार कर संबंधित प्रशासकीय विभाग अपील के निराकरण के संबंध में अपना अभिमत स्पष्ट करते हुए प्रकरण लोक सेवा आयोग को परामर्श के लिये प्रेषित करेगा. लोक सेवा आयोग से अभिमत प्राप्त होने पर प्रकरण समन्वय में माननीय मुख्यमंत्री जी को अंतिम निराकरण के लिये प्रस्तुत किये जायेंगे. इसी प्रकार की प्रक्रिया अपील के उन प्रकरणों में भी अपनाई जाएगी जिसमें अंतिम निराकरण के अधिकार मंत्रि-परिषद् को है.

हस्ता./-

(अकीला हशमत)
उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

पृ. क्रमांक सी/6-1/2010/1/3 भोपाल, दिनांक 29 जनवरी, 2010

प्रतिलिपि :—

1. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर.
2. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल.
3. सचिव, लोक सेवा आयोग, इन्दौर.
4. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश भोपाल.
5. राज्यपाल के सचिव, मध्यप्रदेश राजभवन, भोपाल.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST: CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

6. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय, भोपाल.
7. प्रमुख सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, मध्यप्रदेश भोपाल.
8. मंत्री/राज्यमंत्रीगण के निज सचिव/निज सहायक, मध्यप्रदेश भोपाल.
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल.
10. सचिव, मध्यप्रदेश, राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.
11. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल.
12. महाधिवक्ता/उप महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, इन्दौर/ग्वालियर/जबलपुर.
13. महालेखाकार, मध्यप्रदेश ग्वालियर/भोपाल.
14. प्रमुख सचिव/सचिव/उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल.
15. उप सचिव/अवर सचिव, स्थापना/अधीक्षण/अभिलेख/मुख्य लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल.
16. मुख्य सचिव के अपर सचिव, मंत्रालय, भोपाल.
17. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल.
18. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, निर्वाचन भवन, द्वितीय मंजिल, भोपाल.
19. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल.
20. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ, भोपाल.

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित.

हस्ता./-

(आर. के. गजभिये)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांक सी/6-3/2010/3/एक

भोपाल, दिनांक 15 फरवरी, 2010

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश ग्वालियर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय.—मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के अन्तर्गत द्वितीय अपील एवं पुनर्विलोकन.

संदर्भ.—सा. प्रशा. विभाग का परिपत्र क्र. सी-612-1999-3-एक, दिनांक 20-1-2000.

सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित ज्ञापन दिनांक 20-1-2000 को निरस्त करते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के अन्तर्गत की गई अपील एवं पुनर्विलोकन के संबंध में निम्नानुसार स्थितिं स्पष्ट की जाती है—

मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 में अपील से संबंधित नियम 26, 27 एवं 28 में एक से अधिक अपील का प्रावधान नहीं है अतः द्वितीय अपील नहीं की जा सकती हैं.

2. मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 29 (2) के अनुसार पुनर्विलोकन के लिये कोई भी कार्यवाही तब तक नहीं की जायेगी जब तक कि—

(एक) अपील के लिये अवधि काल समाप्त न हो जाये ; या

(दो) जहां ऐसी अपील प्रस्तुत कर दी हो वहां उसका निपटारा न हो जाये.

अब यह स्पष्ट कियां जाता है कि शासकीय सेवक द्वारा निर्धारित समयावधि में अपील न किये जाने पर पुनर्विलोकन हेतु आवेदन दिया जा सकता है और यदि अपील का निराकरण किया जा चुका हो तो अपील आदेश का भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियम 29 के प्रावधानों के तहत पुनर्विलोकन किया जा सकता है.

हस्ता./-

(अकीला हशमत)
उप सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

क्रमांक सी/6-3/2010/3/एक भोपाल, दिनांक 15 फरवरी, 2010

प्रतिलिपि :—

1. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर.
2. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल.
3. सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर.
4. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश भोपाल.
5. राज्यपाल के सचिव, मध्यप्रदेश राजभवन, भोपाल.
6. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय, भोपाल.
7. प्रमुख सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, मध्यप्रदेश भोपाल.
8. मंत्री/राज्यमंत्रीगण के निज सचिव/निज सहायक, मध्यप्रदेश भोपाल.
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल.
10. सचिव, मध्यप्रदेश, राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.
11. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल.
12. महाधिवक्ता/उप महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, इन्दौर/ग्वालियर/जबलपुर.
13. महालेखाकार, मध्यप्रदेश ग्वालियर/भोपाल.
14. प्रमुख सचिव/सचिव/उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, भोपाल.
15. उप सचिव/अवर सचिव, स्थापना/अधीक्षण/अभिलेख/मुख्य लेखाधिकारी, मध्यप्रदेश मंत्रालय.
16. मुख्य सचिव के अपर सचिव, मंत्रालय, भोपाल.
17. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल.
18. सचिव, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, निर्वाचन भवन, द्वितीय मंजिल, भोपाल.
19. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति, भोपाल.
20. अध्यक्ष, शासन के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ, भोपाल.

हस्ता./-

(आर. के. गजभिये)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
सामान्य प्रशासन विभाग.

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांक सी/6-4/2010/3/एक | भोपाल, दिनांक 12 अक्टूबर 2010

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश ग्वालियर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय.—अनुशासनिक कार्यवाही से संबंधित प्रकरणों में लोक सेवा आयोग का परामर्श प्राप्त किया जाना-म. प्र. लोक सेवा आयोग का 53वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2009-2010.

संदर्भ.—इस विभाग का ज्ञाप क्रमांक सी-6-3/2007/3/एक, दिनांक 1-10-2007, (2) क्र. सी-6-2/2009/3/एक, दिनांक 15-10-2009, (2) क्र. सी-6-1/2010/3/एक, दिनांक 29-1-2010.

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 53वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2009-2010 महामहिम राज्यपाल महोदय को प्रस्तुत किया गया. उपरोक्त प्रतिवेदन में आयोग द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं की ओर ध्यान आकर्षिक किया गया:—

अ. आयोग की राय/सहमति के लिये भेजे जाने वाले विभागीय जांच/अनुशासनिक कार्यवाही/अपील एवं न्यायालयीन कार्यवाही से संबंधित प्रकरणों में सामान्यत: सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन विभागों द्वारा नहीं किया जाता और भेजे गये अभिलेख व्यवस्थित नहीं होते.

रोल नम्बर के खाने में बायें से दायें 1 से 6 तक स्तम्भ है। पहला स्तम्भ का लाख का, दूसरा स्तम्भ दस हजार का, तीसरा स्तम्भ हजार का, चौथा स्तम्भ सैकड़े का, पाचवा स्तम्भ दहाई का एवं छठा स्तम्भ इकाई का है। इनके नीचे 0 से 9 अंक लिखे हुए गोले हैं। इन्हीं में आपको अपने रोल नम्बर भरना है। उदाहरणार्थ यदि आपका रोल नं. 684021 है तो आप पहले ऊपर की लाइन में चौकोर खानों में दर्शाए अनुसार रोल नम्बर काला बाल प्वाइंट पेन से लिखें तत्पश्चात पहले स्तम्भ के गोले क्रमांक 6, दूसरे स्तम्भ के गोले क्रमांक 8, तीसरे स्तम्भ के गोले क्रमांक 4, चौथे स्तम्भ के गोले क्रमांक 0, पांचवे स्तम्भ के गोले क्रमांक 2 तथा छठे स्तम्भ के गोले क्रमांक 1 को काला बाल प्वाइंट से गहरा काला करें। अनुक्रमांक के गोले न भरने पर या गलत भरने पर OMR का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। अंकों में तथा गोले भरने में भिन्नता होने पर भी ओ.एम.आर शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

परीक्षार्थियों हेतु निर्देश एवं अनुदेश

निम्नलिखित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ने के उपरांत ही परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हों। निर्देशों एवं अनुदेशों का पालन न करने पर परीक्षार्थी आयोग द्वारा निर्धारित दंड का भागी होगा।

एक - प्रवेश

01 परीक्षा में परीक्षार्थी को दिया गया प्रवेश नितांत प्रावधिक है।

02 परीक्षा नियत समय पर प्रारंभ होगी। केन्द्राध्यक्ष की घड़ी का समय ही प्रामाणिक मानकर परीक्षा संचालन किया जाएगा।

03 ... होने के पश्चात् आने पर परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

03 परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश-पत्र तथा मान्य फोटो युक्त परिचय-पत्र आवश्यक रूप से अपने साथ रखें।

04 परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी की जाँच की जाएगी। परीक्षार्थी अपने साथ केवल दो काले बाल प्वाइंट पेन, प्रवेश-पत्र एवं मान्य फोटो युक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएँ । इसके अतिरिक्त मोबाइल, केलक्युलेटर, पेजर एवं किसी भी प्रकार का कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं है।

दो - निर्गमन

01 सामान्यतः परीक्षार्थी को परीक्षा की अवधि में परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वीक्षक से विशेष अनुमति लेकर उनकी निगरानी में ही बाहर जाया जा सकेगा।

02 किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् एक घंटे तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भले ही उसने प्रश्नपत्र हल कर लिया हो।

03 प्रश्नपत्र हल करने के पश्चात् केन्द्राध्यक्ष/वीक्षक द्वारा ओ.एम.आर. शीट एकत्रित किए जाने के उपरांत वीक्षक की अनुमति से ही परीक्षार्थी परीक्षा भवन छोड़ेगा। ओ.एम.आर. शीट सहित कक्ष से बाहर जाने पर अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाएगा ।

04 निर्धारित समय समाप्त होने के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जाएगा (केवल दृष्टिबाधित तथा ऐसे अस्थिबाधित जो दोनों ही हाथों से लिखने में असमर्थ हैं तथा वे जिन्होंने सहलेखक की सुविधा ली है, ऐसे अभ्यर्थियों को प्रारंभिक तथा मुख्य परीक्षा में 20 मिनिट प्रति घण्टा अतिरिक्त समय दिया जाएगा ।

निर्धारित समय के उपरांत कोई भी परीक्षार्थी न तो लिखे उत्तरों में कोई संशोधन करेगा और न ही शेष रहे प्रश्नों के उत्तर लिखने का प्रयास करेगा।

तीन - ओ.एस.आर.शीट पर नाम और अनुक्रमांक :-

ओ.एम.आर. शीट पर परीक्षार्थी केवल निर्धारित स्थान पर ही अपना नाम और अनुक्रमांक लिखें। ओ.एम.आर. शीट के अन्य किसी भी भाग पर न तो अनुक्रमांक, न अपना नाम और न ही पता अंकित करें। ओ.एम.आर. शीट के साथ अन्य कोई सामग्री संलग्न करना वर्जित है। ओ.एस.आर.शीट पर पेंसिल, रबर एवं व्हाइटनर का उपयोग करने या अभ्यर्थी के पास कक्ष में पांए जाने पर अनुचित साधन का प्रकरण जर्द किया जाएगा। ओ.एम.आर. शीट में (आपको दिए गए A, B, C, D प्रश्न पत्र सेट में से कोई एक सेट मिलेगा) प्रश्नपत्र का सेट अवश्य लिखें एवं सेट के गोले को काले पेन से अनिवार्यतः काला करें। आपके द्वारा प्रश्नपत्र सेट के गोले को काला करने पर ही उक्त सेट की उत्तर कुंजी से ही ओ.एम.आर. शीट मूल्यांकन होगा। जैसा चित्र में सेट-B को काला किया है। सेट का गोला काला नहीं करने पर मुल्यांकन नहीं किया जाएगा।

चित्र- चार

A	○
B	●
C	○
D	○

उत्तर अंकित करने हेतु अनुदेश -

1 केवल काली स्याही वाले बॉल प्वाइंट पेन का प्रायोग करें।

2 प्रत्येक प्रश्न का उत्तर - पत्र में दिए गए प्रश्न क्रमांक के सामने संबद्ध गोले को काला करें।

3 प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु केवल एक ही गोले को गहरा काला करना है, जैसे नीचे दिखाया गया है :-



4 पूरे गोले को गहरा काला कीजिए।

5 उत्तर के लिए दिए गए गोले को काला कीजिए एक से अधिक गोले काले करने / चिह्न (.) होने पर भी उत्तर मान्य नहीं होगा।

6 उत्तर पत्र पर कच्चा काम करना मना है। इस काम के लिए प्रश्न पत्र के अंत में खाली जगह का ही उपयोग कीजिए ।

7 प्रश्न-पत्र के सेट के गोले को अत्यंत सावधानी से काला करें। उत्तर-पत्र में काले किए गए सेट के गोले के आधार पर ही उसे जॉचा जाएगा। गलत गोला काला करने पर अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

8 अभ्यर्थी अगर प्रश्न पुस्तिका सेट का गोला नहीं भरता है, तो मुल्यांकन नहीं किया जाएगा। एवं वह अयोग्य माना जाएगा।

9 अभ्यर्थी अगर अपने अनुक्रमांक के गोले नहीं भरता है, तो मुल्यांकन नहीं किया जाएगा। एवं वह अयोग्य माना जाएगा।

10 अभ्यर्थी अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका कक्ष के विक्षक को ही जमा करें।

11 अभ्यर्थी अगर अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर उत्तर के गोले भरने / मिटाने के लिए यदि [illegible] / व्हाइटनर का उपयोग करता है, तो नकल का प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

चार - [illegible] :-

[illegible] में किसी प्रकार का संचार उपकरण जैसे मोबाइल, वॉच, डिजिटल डायरी, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पेजर, केल्कुलेटर [illegible] तथा [illegible] रबर व्हाइटनर जैसी सामग्री के साथ पाया जाता है, तो अनुचित साधन का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। उनके पास [illegible]

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST.- CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

स्केल या पॉकेट में कोई अवांछित सामग्री, कोई पुस्तक या कागज जो परीक्षा में प्रश्नपत्र हल करने में सहायक हो। अभ्यर्थी के पास पाए जाने पर नकल प्रकरण दर्ज होगा।

परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग सर्वथा वर्जित व दण्डनीय है। परीक्षा भवन में अपने साथ कोई भी लिखित या कोरा कागज, पुस्तक, वस्तु, टीप विशेषकर मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण तथा अन्य वर्जित वस्तुएँ आदि लाना अनुचित साधनों के प्रयोग में सम्मिलित माना जाएगा। इसी प्रकार परीक्षा कक्ष में अन्य परीक्षार्थी से चर्चा करना, उसकी ओ.एम.आर.शीट से नकल करना अथवा अपनी शीट से अन्य परीक्षार्थी को नकल करवाना, किसी अन्य परीक्षार्थी से ओ.एम.आर. शीट बदलना, परीक्षा भवन में जोर-जोर से बोलना, किसी भी प्रकार की सांकेतिक भाषा अथवा किसी प्रकार भव भंगिमा से अन्य परीक्षार्थी को किसी प्रश्न का उत्तर बताना अथवा किसी अन्य परीक्षार्थी से किसी प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने का कोई प्रयास करना या किसी कागज पर प्रश्न पत्र की नकल करना भी अनुचित साधनों के प्रयोग के अन्तर्गत माना जाएगा। परीक्षा भवन में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर परीक्षार्थी द्वारा दी गई परीक्षा को निरस्त किया जा सकेगा, उसे परीक्षा से निष्कासित किया जा सकेगा तथा साथ ही उसे आगामी ऐसी अवधि के लिए जो आयोग उचित समझे आयोग की सभी परीक्षाओं, अन्य प्रदेशों के आयोगों की परीक्षा एवं साक्षात्कारों से वंचित किए जाने का दण्ड भी दिया जा सकेगा।

<u>परीक्षा की गोपनीयता :- परीक्षा पूर्व / दौरान / पश्चात प्रश्न-पत्र की गोपनीयता के भंग होने की किसी भी गतिविधि में लिप्त पाए जाने वाले अभ्यर्थियों / व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जा कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।</u>

पांच - प्रश्न संबंधी शिकायत

प्रश्न से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत होने पर परीक्षार्थी परीक्षा के प्रावधिक उत्तर कुंजी प्रकाशन के निर्दिष्ट तिथियों पर 07 दिवस के अंदर निर्धारित शुल्क (100 रुपए प्रति प्रश्न तथा रुपए 40 प्रति सत्र पोर्टल चार्ज प्रथक से देय) आपत्ति शुल्क एवं पोर्टल चार्ज किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। जमा कर ऑनलाइन पद्धति से आपत्ति दर्ज कराए । परीक्षा के प्रावधिक उत्तर कुंजी प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर ऑनलाइन पद्धति से दर्ज शिकायतों पर ही विचार किया जाएगा। इसके पश्चात एवं अन्य किसी पद्धति से प्रस्तुत आवेदनों को नस्तीबद्ध किया जाएगा । आपत्ति दर्ज कराने पर देय शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। दर्ज आपत्तियाँ सही पाई जाने पर संशोधन का लाभ समस्त अभ्यर्थियों को प्राप्त होगा। भले ही उनके द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं की गई हो।

छः - ओ.एम.आर.शीट का लौटाना -

परीक्षार्थी परीक्षा के उपरान्त ओ.एम.आर. शीट कक्ष के वीक्षक को ही सौंपेंगे। परीक्षार्थी द्वारा किसी भी स्थिति में ओ.एम.आर. शीट परीक्षा कक्ष से बाहर ले जाना अथवा परीक्षा के उपरांत उसे वापस न दिया जाना गम्भीर अपराध माना जाएगा और इस हेतु उसके विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

सात - ओ.एम.आर.शीट पर अनुक्रमांक अंकन व अन्य पूर्तियाँ

1 ओ.एम.आर.शीट पर नियत स्थान पर परीक्षार्थी अपना सही नाम और अनुक्रमांक शब्दों एवं अंकों में अंकित करें तथा परीक्षा का विषय कोड के सही गोले भरें। साथ ही प्रश्न पत्र सेट और भी अत्यंत सावधानी से भरें एवं सेट के गोले को काला करें। इस संबंध में दिए गए निर्देशों को गम्भीरता पूर्वक पढने के पश्चात ही आवश्यक प्रविष्टियाँ की जाएं।

2 ओ.एम.आर. शीट पर कोई दाग/ चिह्न न लगने पाए, इस बात की सतर्कता बरतें।

आठ - प्रश्नपत्र पर अंकन

परीक्षार्थी प्रश्नपत्र पर भी अनुक्रमांक लिखे तथा रफ कार्य प्रश्नपत्र में दिए गए पृष्ठ पर ही करें इसके अतिरिक्त प्रश्नपत्र पर कुछ भी लिखना, प्रश्नपत्र की नकल करना या उसकी प्रति बनाना निषिद्ध होकर अनुचित साधन प्रयोग के समान दण्डनीय है।

नौ - उपस्थिति पत्रक

प्रत्येक प्रश्नपत्र के समय परीक्षा कक्ष में वीक्षक के समक्ष परीक्षार्थी तिथि सहित अपने हस्ताक्षर करें। यह हस्ताक्षर नमूने के हस्ताक्षर के अनुरूप हों। हस्ताक्षर के नीचे अपना नाम भी लिखें।

दस- दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु सहलेखक संबंधी नियम

अ. अभ्यर्थियों का विवरण जिन्हें सुविधा प्रदान की जाएगी :-

1 दृष्टिबाधित, ऊपरी हिस्से में (हाथ से) निःशक्त तथा सेरिब्रल पाल्सी से दिव्यांगजन परीक्षार्थी।

2 मानसिक रूप से संस्तम (स्पेस्टिक) डाइसलेक्सिक पर्सन्स विद डिसएबिलिटिज एक्ट 1995 में परिभाषित अशक्तता वाले परीक्षार्थी।

3 ऐसे परीक्षार्थी जो अचानक बीमार हो जाने की स्थिति में जब वह लिखने में असमर्थ हो, इस आशय का प्रमाण-पत्र ऐसे शासकीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया हो जो सहायक सर्जन रैंक से कम का न हो।

4 आकस्मिक दुर्घटना हो जाने पर जब परीक्षार्थी लिखने में असमर्थ हो ओर इस आशय का प्रमाण-पत्र ऐसे शासकीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया हो, जो सहायक सर्जन से कम रैंक का न हो।

5 उपरोक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को छोड़कर अन्य अभ्यर्थियों को सहलेखक एवं प्रतिपूरक समय की सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

ब. प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ :-

उपरोक्त से संबंधित अभ्यर्थियों को सहायक एवं प्रतिपूरक समय की सुविधा प्रदान की जाएगी। उपरोक्त सुविधा लेने हेतु अभ्यर्थी को संपूर्ण जानकारी मय दस्तावेजों एवं घोषणा-पत्र सहित परीक्षा दिनांक से एक दिवस पूर्व संबंधित परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के सम्मुख प्रस्तुत करना होगा ताकि नियमानुसार लिखित अनुमति प्रदान की जा सके। अपरिहार्य कारणों से पूर्व में आवेदित लेखन सहायक उपस्थित न होने की दशा में अभ्यर्थी द्वारा केन्द्राध्यक्ष के सत्यापन उपरांत नियमानुसार निर्धारित शर्तो के अनुरूप योग्यताधारी अन्य लेखन सहायक की अनुमति दी जा सकेगी। लेखन सहायक से घोषणा-पत्र भरवाया जाएगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

(i) लेखन सहायक की नियुक्ति हेतु शर्तें :-

लेखन सहायक एक ऐसा विद्यार्थी होना चाहिए जिसकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अभ्यर्थी द्वारा दी जा रही परीक्षा की अर्हता से कम होना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि किसी परीक्षा हेतु अभ्यर्थी की शैक्षणिक अर्हता स्नातक उपाधि है तो लेखन सहायक की योग्यता स्नातक से कम होना चाहिए। (अर्थात् स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं होना चाहिए) यदि किसी पद की परीक्षा की शैक्षणिक अर्हता स्नातकोत्तर उपाधि है तो सहलेखक की योग्यता स्नातकोत्तर उपाधि से कम होनी चाहिए (अर्थात् स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण नहीं होना चाहिए)

(ii) प्रतिपूरक समय हेतु शर्तें :-

ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्हें उपरोक्तानुसार सहलेखक की सुविधा प्रदान की गई है, निम्नानुसार प्रतिपूरक समय की पात्रता होगी :-

3 घंटे की अवधि के प्रश्नपत्र के लिए	**60 मिनट**
2 घंटे की अवधि के प्रश्नपत्र के लिए	**40 मिनट**

स. इसके अतिरिक्त प्रदाय की जाने वाली सुविधाएं :-

यथा संभव ऐसे अभ्यर्थियों का परीक्षा कक्ष भूतल पर निर्धारित किया जाएगा।

द. अभ्यर्थी को पात्र सहलेखक साथ में लेकर परीक्षा हेतु आना होगा। आयोग/केन्द्राध्यक्ष द्वारा सहलेखक उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

टीपः-

1. **उपरोक्त प्रकरणों के अतिरिक्त दिव्यांगजन सम्बन्धित अन्य किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण एवं निर्णय लिए जाने हेतु आयोग के सर्वाधिकार सुरक्षित रहेंगे।**
2. **दिव्यांगजन श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थियों को जिनहें सहलेखक एवं भूतल पर बैठने की व्यवस्था की आवश्यकता है वे अपने ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उक्त आवश्यकताओं की प्रविष्टि करेंगे। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि आकस्मिक दुर्घटना एवं बीमारी के मामलों को छोड़कर अन्य मामलो में अभ्यर्थियों को उक्त सुविधाएँ उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टि के आधार पर ही देय होगी।**

ग्यारह विविध

1 **परीक्षार्थियों को किसी भी प्रश्नपत्र में ग्राफ पेपर या नक्शा / स्टेन्सिल उपलब्ध नहीं कराया जाएगा और परीक्षार्थी स्वयं भी ग्राफ पेपर या नक्शा / स्टेन्सिल परीक्षा भवन में नहीं लाएंगे।**

2 **परीक्षार्थियों को अपने साथ पेंसिल, व्हाइटनर, डिजिटल डायरी, वॉच, केल्क्यूलेटर, सेल्युलर फोन, पेजर तथा अन्य** electronic gadgets **लाना वर्जित हैं।उपरोक्त वर्जित वस्तुए अभ्यर्थी के पास पाए जाने पर अनुचित साधन प्रकरण अंतर्गत नकल प्रकरण बनाया जाएगा।**

बारह- परीक्षार्थी ओ.एम.आर. शीट एवं प्रश्नपत्रों पर दी गई समस्त सूचनाएं/निर्देश एवं अनुदेश ध्यानपूर्वक पढ़ें व अनिवार्यत: उनका पालन करें।

तेरह - अनुशासन व शालीनता

1 **परीक्षा कक्ष में धूम्रपान करना / अशिष्ट, अनर्गल वार्तालाप करना पूर्णतः निषिद्ध व दण्डनीय है।**

2 **परीक्षा परिसर में एवं भवन के अन्दर वीक्षक व केन्द्राध्यक्ष द्वारा दिए जाने वाले निर्देशों का पालन अनिवार्य है।**

3 **परीक्षा भवन के फर्नीचर अथवा केन्द्र पर की गई अन्य व्यवस्था को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुँचाई जाना चाहिए। यह दण्डनीय है।**

4 **यदि परीक्षार्थी केन्द्राध्यक्ष द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करता है अथवा अशिष्ट आचरण करता है अथवा अनुचित या अशोभनीय या अशालीन व्यवहार करता है तो वह परीक्षा से निष्कासित किया जा सकेगा।उसकी परीक्षा निरस्त की जा सकेगी तथा वह ऐसे अन्य दण्ड का भी भागी होगा जो आयोग उचित समझे। केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे परिक्षार्थियों के नाम गोपनीय ढंग से आयोग को सूचित किए जाए। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी केन्द्राध्यक्ष के पूर्ण प्रशासकीय नियंत्रण में होगा।**

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी एरिया - इंदौर

<u>ग्रंथपाल परीक्षा - 2022</u>

उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन हेतु ग्रंथपाल के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक 52/2022/ 30.12.2022 | ऑनलाइन आवेदन करने की

उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन | अंतिम तिथि 19.05.2023 दोपहर 12.00 बजे तक

महत्वपूर्ण निर्देश

A. आवेदन पत्र भरने संबंधित आवश्यक निर्देश :-

1. उपरोक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन दिनांक 20.04.2023 को (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 19.05.2023 (दोपहर 12:00 बजे) तक www.mponline.gov.in तथा www.mppsc.mp.gov.in पर भरे जा सकेंगे। इसके पश्चात ये लिंक बंद हो जाएगी।
2. ग्रंथपाल के पदों हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे । अन्य किसी भी प्रकार से भेजे गए आवेदन-पत्र आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।

B. आयु की गणना :-

1. <u>आयु की गणना 01 जनवरी 2023 के संदर्भ में की जाएगी</u> ।
2. आयु की गणना हेतु वही जन्मतिथि मान्य होगी जो अभ्यर्थी की 10 वीं (High School) की अंक-सूची में अंकित है। अतः अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र मे उक्त अंक-सूची में उल्लेखित नाम, पिता का नाम तथा जन्मतिथि का ही उल्लेख करें।

C. शुल्क संबंधी निर्देश :-

1. उपरोक्त परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट / डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग द्वारा किया जा सकेगा । इसके अतिरिक्त परीक्षा शुल्क एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क के माध्यम से नगद स्वीकार किया जाएगा । शुल्क विवरण हेतु परिशिष्ट -02 का अवलोकन करें। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र की जांच कर यह सुनिश्चित करें कि भुगतान का विवरण तथा "Payment Done" स्पष्टतः उल्लेखित है। परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए किसी बैंक का ड्राफ्ट अथवा चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।
2. आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रियांतर्गत ऑनलाइन आवेदन-पत्र में आयोग द्वारा सुनिश्चित की गई फीस के अतिरिक्त आधिक्य या त्रुटिवश गलत भुगतान के संबंध में रिफंड हेतु प्राप्त अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं होंगे। अभ्यर्थी को दिए गए निर्देशों का सूक्ष्मता से भली भांति अवलोकन करने के पश्चात् ही निर्धारित फीस का भुगतान करें। कियोस्क अथवा अन्य माध्यम से त्रुटिवश / आधिक्य भुगतान के रिफंड के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं है।

D. त्रुटि सुधार संबंधी निर्देश :-

1. <u>अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र की सावधानीपूर्वक जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदन-पत्र में त्रुटि सुधार का कार्य दिनांक 20.04.2023 से 21.05.2023 (दोपहर 12:00 बजे) तक ऑनलाइन ही किया जा सकेगा । इस हेतु प्रति त्रुटि सुधार प्रति सत्र ₹50 त्रुटि सुधार शुल्क देय होगा। अभ्यर्थी त्रुटि सुधार हेतु एम. पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं । ध्यान रखे कि अभ्यर्थी के नाम में कोई त्रुटि सुधार नहीं किया जा सकेगा।</u>
2. <u>अभ्यर्थी यह ध्यान रखें कि परीक्षा के आवेदन-पत्र में हुई किसी भी त्रुटि का सुधार साक्षात्कार के स्तर पर नहीं किया जा सकेगा, अतः वे परीक्षा का आवेदन-पत्र अत्यंत सावधानी पूर्वक भरें। यदि फिर भी नाम के अतिरिक्त कोई त्रुटि होती है, तो त्रुटि सुधार अवधि में वांछित सुधार कर लें।</u>
3. त्रुटि सुधार अवधि में श्रेणी सुधार के मामलों में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा आरक्षित वर्ग के रूप में भरे गए अपने ऑनलाइन आवेदन-पत्र में सुधार कर उसे अनारक्षित वर्ग किया जाता हैं तो उसे आवेदन शुल्क के अंतर की राशि (देखें परिशिष्ट-2) का भुगतान त्रुटि सुधार शुल्क के अतिरिक्त करना होगा, किन्तु अनारक्षित वर्ग के रूप में भरे गए ऑनलाइन आवेदन-पत्र को आरक्षित वर्ग में परिवर्तन की स्थिति में आवेदन शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।
4. ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी श्रेणी / वर्ग (अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) / लिंग (महिला / पुरुष) / दिव्यांगता / भूतपूर्व सैनिक / शासकीय सेवक / जन्म तिथि आदि के आधार पर ही परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाता है। अतः त्रुटि सुधार अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा। श्रेणी / वर्ग / जन्मतिथि परिवर्तन विषयक समस्त अभ्यावेदनों के संदर्भ में आयोग द्वारा कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे सभी अभ्यावेदन अमान्य किए जाएंगे । अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे शासन के अद्यतन आदेशों के अनुसार संबंधित श्रेणी के अंतर्गत सम्मिलित है। गलत जानकारी की स्थिति में उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE ,BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

3. प्रकाशित विज्ञापन में विज्ञापित पदों हेतु जो शैक्षणिक अर्हता /अनुभव / वांछनीय अर्हता एवं विज्ञापित रिक्तियों का आरक्षण वर्गीकरण आदि का उल्लेख किया गया है वह विभाग के द्वारा मांगपत्र के आधार पर प्रकाशित किया गया है, जिसमें आयोग की कोई भूमिका नहीं रहती है। अत: अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त संबंध में आयोग में प्राप्त शिकायतों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त संबंध में शिकायतकर्ता अभ्यर्थी सीधे उस विभाग को अपनी शिकायत प्रेषित कर सकते हैं।

F. परीक्षा केन्द्र तथा प्रवेश-पत्र

1. परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम एवं परीक्षा तिथि की जानकारी यथासमय आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।
2. आयोग द्वारा भर्ती विज्ञापनों में ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रण के समय अभ्यर्थियों से परीक्षा केन्द्र आवंटन हेतु शहर की अग्रमान्यता एवं उपलब्धता के आधार पर आवंटित की जाती है। अभ्यर्थी द्वारा एक बार अग्रमान्यता उपरांत परीक्षा शहर परिवर्तन के संबंध में प्रस्तुत कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रियाओं में सम्मिलित अभ्यर्थियों को परीक्षा में आने-जाने का नियमानुसार यात्रा व्यय प्राप्त करने हेतु Reimbursement का वर्गीकरण प्रावधानित है, जिसके अनुसार नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सम्पादित की जाती है । अतएव इस संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

G. परीक्षा नियम / निर्देश आदि

1. चयन / परीक्षा के संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जो भी संशोधन / निर्देश प्रदान किए जाएंगे, उन सभी संशोधनों / निर्देशों को चयन परिणाम में शामिल करके चयन परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस संबंध में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।
2. चयन / परीक्षा के संबंध में यदि भर्ती नियम, आयु, मूल निवासी, रोजगार पंजीयन आरक्षण संबंधी संशोधन शासन द्वारा किए जाते हैं, तो इस संबंध में यथा समय संशोधित सूचना जारी करने के उपरांत शासन द्वारा समय -समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप अंतिम चयन परिणाम घोषित किया जाएगा।
3. पाठ्यक्रम निर्धारण समिति द्वारा विज्ञापन के संदर्भ में प्रकाशित पाठ्यक्रम में यदि कोई परिवर्तन किया जाता है, तो तदनुसार संशोधित पाठ्यक्रम परीक्षा के यथोचित समयपूर्व आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। परीक्षा उपरोक्तानुसार संशोधित पाठ्यक्रम के आधार पर आयोजित की जाएगी । इस संबंध में कोई अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाएगा
4. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि / लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम को सुधारने का अधिकार सुरक्षित है । चयनित अभ्यर्थियों की सूची तथा प्रतीक्षा सूची एवं चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख संबंधित विभागों को आयोग द्वारा प्रेषित किए जाएंगे। नियुक्ति की कार्यवाही शासन के संबंधित विभागों द्वारा की जाएगी। मुख्य सूची / प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी नियुक्ति के संबंध में आयोग से पत्राचार न करें।
5. आयोग द्वारा प्रकाशित भर्ती विज्ञापनों के उपरांत कई अभ्यर्थियों द्वारा तथ्यहीन आधारों पर बिना कोई साक्ष्य / दस्तावेजों के अनावश्यक रूप से विभिन्न प्रकार के शिकायती अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जाते हैं, इस प्रकार के किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. <u>उक्त विज्ञापन का अंतिम चयन परिणाम याचिका क्रमांक 5901/2019, 25181/2019 एवं ओ.बी.सी. आरक्षण से संबंधित अन्य याचिकाओं के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा। ओ.बी.सी. आरक्षण से संबंधित याचिकाओं के लंबित रहने की अवधि में परीक्षा / चयन परिणाम सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 के अनुसार मुख्य भाग 87% तथा प्रावधिक भाग 13% के आधार पर जारी किया जाएगा।</u>

अन्य निर्देश :-

1. विज्ञापन के संदर्भ में समस्त आवश्यक सूचनाएँ, संशोधन आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध करवाई जाती हैं। अत: समस्त अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करें तथा उपलब्ध सूचनाओं का लाभ लें। आयोग द्वारा इस संदर्भ में प्राप्त ई-मेल / पत्राचार / दूरभाष संदेश के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।
2. आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के शैक्षणिक अर्हता, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं अन्य समस्त दस्तावेजों का संधारण नहीं किया जाता है । अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वप्रमाणित दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मात्र मिलान का कार्य आयोग द्वारा साक्षात्कार के समय किया जाता है। अंतिम चयन परिणाम में चयनित अभ्यर्थियों एवं प्रतीक्षासूची में नामांकित अभ्यर्थियों के समस्त दस्तावजों को चयन सूची अनुसार विभागों को प्रेषित कर दिया जाता है। दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य विभाग द्वारा नियुक्ति के पूर्व किया जाता है। अत: अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जानकारी आयोग द्वारा उपलब्ध करवायी जाना संभव नहीं है। इस संदर्भ में आयोग द्वारा किसी प्रकार का पत्राचार मान्य नहीं किया जाएगा । सूचना के अधिकार के अंतर्गत इस संदर्भ में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अंतरित किया जाएगा।
3. आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के संबंध में समय-समय पर दिशा-निर्देश प्रसारित किए जाते हैं, [illegible] परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी को कौन-कौन सी सामग्री लाना वर्जित रहती है अतएव औचित्यहीन जिज्ञासाओं के संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. प्रकाशित भर्ती विज्ञापन के अतिरिक्त अभ्यर्थियों की अन्य कोई भी औचित्यहीन जिज्ञासाओं के संबंध में किसी भी माध्यम से

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5. विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनाएँ, परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in एवं रोजगार और निर्माण समाचार-पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे । अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय दिए गए E-mail Address तथा मोबाइल नम्बर पर E-mail तथा SMS द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। अभ्यर्थी आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर विहित स्थान पर अपने E-mail Address तथा मोबाइल नम्बर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें ।

6. आयोग की परीक्षा और चयन प्रणाली निष्पक्ष एवं पारदर्शी है । किसी भी व्यक्ति द्वारा इस प्रणाली को विफल कर किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना नहीं है। अतः किसी भी व्यक्ति द्वारा सीधे या किसी अन्य के माध्यम से लाभ पहुंचाने का दावा किया जाता है तो ऐसा व्यावहारिक रूप से असंभव है । अतः ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आएं और उस व्यक्ति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर आयोग को अविलम्ब सूचित कर दें ताकि ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम तथा पता गोपनीय रखा जाएगा।

विज्ञापन का प्रकाशन "रोजगार और निर्माण" समाचार-पत्र के आगामी अंक में किया जाएगा ।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, के अंतर्गत ग्रंथपाल निम्नानुसार पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है :-

विषय	रिक्त पदों की संख्या						रिक्तियों में से मध्य प्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्य प्रदेश के मूल निवासी दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या			
	UR	SC	ST	OBC	EWS	कुल	UR	SC	ST	OBC	EWS	LD	VH	HH	MD
ग्रंथपाल (Librarian)	57	24	97	56	21	255	19	8	32	18	7	4	0	7	0
Abbreviations:	UR - Unreserved, SC- Scheduled Caste, ST- Scheduled Tribe, OBC- Other Backward Classes EWS-Economically Weaker Sections LD - Locomotor Disability, VH -Visual Handicapped, HH - Hearing Handicapped , MD- Multiple Disability														

दो - पद का विवरण

(A) विभाग का नाम : मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

(B) श्रेणी : राजपत्रित द्वितीय श्रेणी

(C) पद स्थिति : स्थायी

(D) वेतनमान : युक्तियुक्त एंट्री पे रू 57,700 अकादमिक स्तर 10

(E) कर्तव्य : शैक्षणिक कार्य

(F) पद का नाम : ग्रंथपाल

(G) अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता

(i) कम से कम 55 प्रतिशत अंको (अथवा जहां ग्रेडिंग प्रणाली लागू हो वहां पाइंट स्केल में समतुल्य ग्रेड) के साथ पुस्तकालय विज्ञान, सूचना विज्ञान अथवा प्रलेखन विज्ञान में निष्णायत उपाधि अथवा समतुल्य पेशेवर उपाधि। 2/ पुस्तकालय में कम्प्यूटरिकरण के ज्ञान के साथ सतत् रूप से बेहतर शैक्षणिक रिकार्ड। 3/ उपर्युक्त अर्हताओं को पूरा करने के अलावा अभ्यर्थी को वि.अ.आ., सीएसआईआर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) अथवा विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्यायित समान परीक्षा यथा एसएलईटी/एसईटी उत्तीर्ण करनी होगी अथवा जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एमफिल/पीएचडी उपाधि प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक व प्रक्रिया) विनियम, 2009 अथवा 2016 एवं समय-समय पर इनमें किए गए संशोधनों, जैसा भी मामला हो, के अनुसार पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई हो। बशर्ते कि दिनांक 11 जुलाई 2009 से पूर्व पीएच.डी. की उपाधि के लिए पंजीकृत अभ्यर्थी ऐसी उपाधि प्रदान करने वाली संस्थाओं के मौजूदा अध्यादेशों/उपविधियों/विनियमों के उपबंधों द्वारा अभिशासित होंगे तथा ऐसे पीएच.डी. अभ्यर्थियों द्वारा निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अध्याधीन विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/संस्थाओं में सहायक आचार्य अथवा समकक्ष पदों पर भर्ती और नियुक्ति के लिए एनईटी/एसएलईटी/एसईटी की अपेक्षाओं से छूट प्राप्त होगी।

क) अभ्यर्थी को पीएचडी की उपाधि केवल नियमित पद्धति से प्रदान की गई हो।

ख) पीएचडी शोध प्रबंध का कम से कम दो बाह्य परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन किया गया हो।

ग) पीएचडी के लिए अभ्यर्थी की एक खुली मौखिक परीक्षा आयोजित की गई हो।

घ) अभ्यर्थी ने अपने पीएचडी कार्य से दो अनुसंधान पत्रों को प्रकाशित किया हो, जिनमें से कम से कम एक रेफर्ड जर्नल में प्रकाशित हुआ हो।

ङ) अभ्यर्थी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/आईसीएसएसआर/सीएसआईआर अथवा इसी प्रकार की एजेंसी द्वारा प्रायोजित/वित्तपोषित/सहायता प्राप्त सम्मेलनों/संगोष्ठियों में अपने पीएचडी कार्यों के आधार पर कम से कम दो पत्रों को प्रस्तुत किए हो।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

नोट : 1. इन शर्तों को पूरा करने को संबंधित विश्वविद्यालय के कुल सचिव अथवा संकाय अध्यक्ष (शैक्षणिक कार्य) द्वारा अभिप्रमाणित किया जाएगा।

2. ऐसे निष्णायत कार्यक्रमों में एनईटी/एसएलईटी/एसईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अपेक्षित नहीं होगा, जिसके लिए वि.अ.आ. सीएसआईआर द्वारा एनईटी/एसएलईटी/एसईटी अथवा वि.अ.आ. द्वारा एस.एल.ई.टी./एसईटी जैसी परीक्षा आयोजित नहीं की जाती हो।

(H) आयु सीमा: 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो।

(I) आयु संगणना तिथि 01.01.2023

तीन (i) आवेदक के पास उपर्युक्त अर्हताएं ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 19.05.2023 तक होना चाहिए आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद किसी भी तिथि को उक्त अर्हतायें अर्जित करने वाले आवेदक विज्ञापित पदों हेतु विचारित होने की पात्रता नहीं रखेंगे।

(ii) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या मे लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित करने के पूर्व तक वृद्धि की जा सकेगी। पदों की संख्या में कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।

(iii) चयनित आवेदकों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी।

(iv) किसी भी प्रवर्ग में मध्य प्रदेश की मूल निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव में उसी प्रवर्ग के पुरुष उम्मीदवारों के चयन द्वारा भरे जा सकेंगें।

(v) दिव्यांगता प्रमाण-पत्र : दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन-पत्र के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-8-1-सत्रह-मेडी-2, दिनांक 09.01.2009 द्वारा गठित जिला चिकित्सा मण्डल से प्राप्त नवीनतम (Latest) स्थायी एवं वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/दि.स/302/2021/1098 दिनांक 06.05.2021 में उल्लेखनुसार दिनांक 01.06.2021 तथा उसके पश्चात् जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी पोर्टल के http:\\www.swavlambancard.gov.in के माध्यम से जारी होने पर ही मान्य होंगे, उक्त तिथि के बाद मेन्युअल प्रक्रिया से जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अमान्य होगा। अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि प्रमाण-पत्र में 40% या अधिक स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित होने पर ही दिव्यांग अभ्यर्थियों को देय आरक्षण तथा अन्य छूट का लाभ देय होगा।

(vi) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिला तथा दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पद केवल मध्य प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला तथा दिव्यांगजन हेतु आरक्षित है। छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के मूल निवासी ऐसे आवेदक जो अपने मूल निवास के राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्य है तथा अन्य प्रदेशों के दिव्यांगजन तथा महिला अभ्यर्थी आरक्षण हेतु पात्र नहीं है। उन्हें अनारक्षित पदों हेतु विचारित किया जाएगा।

(vii) मध्य प्रदेश के बाहर के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार अपना वर्ग अनारक्षित लिखें।

आयु सीमा में दी गयी अन्य छूटों के लिए परिशिष्ट -1 देखें।

चार मध्य प्रदेश सिविल सेवायें (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता :-

अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।

ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

स. कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् होता है, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT.COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

पांच महत्वपूर्ण :- यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि, वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तो को पूरा करते है। अत: आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तो को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जाएगी।

छ: अधिवार्षिकी आयु :- 62 वर्ष

सात चयन प्रक्रिया :-

(1) उपरोक्त पदों पर अंतिम चयन ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा के प्राप्तांक तथा यदि अभ्यर्थी मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि विद्वान (ग्रंथपाल) है तो इस रूप में कार्यानुभव के आधार पर देय वरीयता अंक के योग के गुणानुक्रम के आधार पर होगा।

(2) ऑनलाइन परीक्षा में सफल होने के लिए अभ्यर्थियों को प्रत्येक प्रश्न-पत्र में कम से कम 40 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। मध्य प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमाजोर तथा दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को अंकों में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस प्रकार उनके लिए लिखित परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न-पत्र में कम से कम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। 40% तथा 30% अंकों की गणना मे अतिथि विद्वानों को देय वरीयता अंक सम्मिलित नहीं होंगें।

(3) परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों में अतिथि विद्वानों को देय वरीयता अंक जोड़कर प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर चयन सूची जारी की जाएगी।

(4) आयोग की परीक्षा प्रणाली में पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना का कोई प्रावधान नहीं है। इस विषय में प्राप्त अभ्यावेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कंप्यूटर त्रुटि/ लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग को चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

प्रतियोगी परीक्षा ऑफलाइन पद्धति से (वस्तुनिष्ठ ओ.एम.आर. आधारित) आयोजित की जाएगी । ओ.एम.आर. संबंधित निर्देशों हेतु परिशिष्ट 4 (आप्टिकल स्कैनर द्वारा पढ़ी जाने वाली ओ.एम.आर. शीट के उपयोग संबंधी निर्देश तथा अन्य अनुदेश) का अवलोकन करें। यदि ऑनलाइन पद्धति से परीक्षा आयोजित की जाती है तो उससे संबंधित निर्देशा यथासमय आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित किए जाएंगे।

परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम एवं परीक्षा तिथि तथा परीक्षा केन्द्रो की जानकारी यथासमय आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।

आठ प्रतियोगी परीक्षा की तिथि तथा केंद्र :-

कोड़	नाम	कोड़	नाम	कोड़	नाम	कोड़	नाम	कोड़	नाम
01	भोपाल	02	इन्दौर	03	ग्वालियर	04	जबलपुर	05	सागर
06	उज्जैन	07	शहडोल	08	चंबल	09	रीवा	10	नर्मदापुरम

परीक्षा केन्द्रों के संबंध में आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय उपरोक्त में से प्राथमिकता क्रम में चार परीक्षा शहर का चयन करेंगे ।

अभ्यर्थियों की संख्या तथा प्रशासकीय कारणों से परीक्षा केन्द्रों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। यह आवश्यक नहीं है की अभ्यर्थी को उसके द्वारा चयनित केंद्र ही आबंटित किया जावे। प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से पृथक केंद्र भी आबंटित किया जा सकेगा। परीक्षा की समय सारिणी तथा तथा अन्य आवश्यक जानकारियां यथासमय "रोजगार और निर्माण" समाचार पत्र तथा आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई जाएगी।

नौ आवेदन प्रक्रिया :- उक्त पद हेतु आवेदन पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकेगें। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु परिशिष्ट -2 का अवलोकन करें।

दस अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में अंकित वर्तमान पते अथवा ई-मेल आई डी. पर ही आयोग द्वारा आवश्यक पत्र व्यवहार किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी का वर्तमान पते अथवा ई-मेल आई डी. परिवर्तित होता है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी को चाहिए कि वह अविलंब नए वर्तमान पते अथवा ई-मेल आई डी. की सूचना आयोग को लिखित में प्रस्तुत करें।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE ,BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

द्वारा वर्तमान पते अथवा ई-मेल आई डी. परिवर्तन की स्थिति में नए वर्तमान पते अथवा ई-मेल आई डी. की सूचना न देने पर आवश्यक पत्र-व्यवहार पुराने वर्तमान पते अथवा ई-मेल आई डी. पर किया जाएगा जिसके फलस्वरूप अभ्यर्थी को पत्रादि प्राप्त न होने की स्थिति निर्मित होती है, तो अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा तथा इस संदर्भ में अभ्यर्थी का कोई अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

ग्यारह आवेदक विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :-

(i) आयु सीमा की छूट परिशिष्ट -1

(ii) मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि विद्वानों हेतु देय वरीयता अंक तथा आयु सीमा में छूट की व्यवस्था परिशिष्ट -2

(iii) आवेदन पत्र भरने के तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियां परिशिष्ट -3

(iv) परीक्षा योजना हेतु परिशिष्ट -4

(v) परीक्षा के संबंध में निर्देश परिशिष्ट-5

सचिव

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

उच्चतर आयु सीमा में देय छूट

1 मध्य प्रदेश शासन , सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-8/2016/1/3, दिनांक 24 जुलाई 2019 के अनुसार अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ शासकीय/ निगम/ मण्डल/ स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/ नगर सैनिक/ दिव्यांगजन/ महिलाओं (अनारक्षित/ आरक्षित) आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

तथा

मध्य प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, के परिपत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, दिनांक 18.09.2022 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार विभिन्न प्रवर्गों हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। अत: उक्त आदेश के अनुपालन में समस्त छूटों को मिलाकर निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष के स्थान पर 48 वर्ष होगी।

अतिथि विद्वानों को देय आयु-सीमा में छूट :-

उन अभ्यर्थियों को जिन्होंने मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में ग्रंथपाल का कार्य अतिथि विद्वान के रूप में किया है तथा-उनके द्वारा अतिथि विद्वान के रूप में किए गए कार्य के आधार पर विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार निर्धारित आयु-सीमा में अधिक्तम 05 वर्ष की छूट दी जाएगी । जो सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्र अनुसार छूट की अधिक्तम आयु-सीमा से अधिक नहीं होगी।

स्पष्टीकरण - सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समस्त छूटों को मिलाकर अधिक्तम आयु-सीमा 45 वर्ष निर्धारित है जो 03 वर्ष की विशेष छूट को मिलाकर 48 वर्ष है।

टीप :- उपरोक्त आयु-सीमा में छूट केवल उन अतिथि विद्वानों को दी जाएगी जो सत्र 2019-20 में किसी शासकीय महाविद्यालय में अतिथि विद्वान के रूप में कार्यरत थे।

(2) अन्य छूट :- प्रोत्साहन स्वरूप दी गयी छूट:-

1 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी।

2 विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/18/85/3/1, दिनांक 3.9.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी।

3 मध्य प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक 427/1422/1(3)82, दिनांक 14 जून 1982 के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों को अनुज्ञेय आयु सीमा में छूट भूतपूर्व सैनिकों को उनके द्वारा की गयी सेवा के आधार पर अधिकतम 3 वर्षो की छूट होगी जो की अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष के अध्यधीन होगी।

4 उपरोक्त बिन्दु क्रमांक (1,2,3) के अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों / योजनाओं के अंतर्गत दी गयी छूटों में से यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक छूटों का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में अधिकतम लाभ वाले किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

5 समस्त आरक्षण तथा उससे जुड़ी आयु सीमा की छूटें मध्य प्रदेश राज्य के संदर्भ में है अत: अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग तथा महिला अभ्यर्थियों को देय आरक्षण तथा आयु सीमा में छूट केवल मध्य प्रदेश के मूल निवासियों को ही देय होगी। अन्य प्रदेशों के उक्त श्रेणी के अभ्यर्थी अनारक्षित मान्य होंगें।

नोट :-

(01) उपरोक्त परिशिष्ट -1 बिन्दु 1 तथा 2 मे उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

(02) अभ्यर्थियों को उपरोक्त सभी छूट देय होंगी किन्तु समस्त छूट को शामिल करते हुए भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 48 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(03) <u>अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को किसी भी स्थिति में आयु सीमा में कोई छूट प्रदान नही की जाएगी तथा उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 43 वर्ष रहेगी।</u>

(तीन) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा दायर याचिका क्रमांक 2108/2022 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 08.02.2022 के अनुपालन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पि.वर्ग के समान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु-सीमा में छूट देय होंगी किन्तु किसी भी स्थिति में अधिकतम आयु सीमा गणना तिथि 01.01.2023 को 48 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 48 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगें। उपरोक्तानुसार छूट का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों कि अभ्यर्थिता याचिका क्रमांक 2108/2022 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगी।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि विद्वान (ग्रंथपाल) के रूप में कार्यानुभव के आधार पर देय वरीयता अंक तथा आयु सीमा में छूट संबंधी व्यवस्था

मध्य प्रदेश शासन , उच्च शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक एफ 1-42/2017/38/1, दिनांक 20.12.2022 द्वारा आयु सीमा में छूट का निम्नानुसार निर्णय लिया गया है :-

1 उन अभ्यर्थियों को जिन्होंने मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में ग्रंथपाल का कार्य अतिथि विद्वान के रूप में किया है, उनके द्वारा अतिथि विद्वान के रूप में किए गए कार्य के आधार पर शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार निर्धारित आयु-सीमा में अधिक्तम 05 वर्ष की छूट दी जाएगी। जो सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्र अनुसार छूट की अधिक्तम आयु-सीमा से अधिक नहीं होगी।

2 उन अभ्यर्थियों को जिन्होंने मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में ग्रंथपाल का कार्य अतिथि विद्वान के रूप में किया है, उनके द्वारा अतिथि विद्वान के रूप में किए गए कार्य के आधार पर विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार प्रति सत्र अधिक्तम 04 अतिरिक्त वरीयता अंक के मान से अधिक्तम 20 अंक की सीमा तक वरीयता अंक दिए जाएंगे, वरीयता अंक अंतिम मेरिट सूची तैयार करते समय जोड़े जाएंगे।

उपरोक्त कंडिका 01 एवं 02 दी गई छूट वर्ष 2022 तक मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से विज्ञापित होनें वाली चयन प्रक्रियाओं में केवल उन अतिथि विद्वानों की दी जाएगी, जो सत्र 2019-20 में किसी शासकीय माहाविद्यालय में अतिथि विद्वान (ग्रंथपाल) के रूप में कार्यरत थे।

3 उपरोक्त व्यवस्था के अनुपालन में मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में संबन्धित विषयों का अध्यापन कार्य करने वाले अतिथि विद्वानों को निम्नानुसार वरीयता अंक तथा अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी :-

वरीयता अंक :-

1	एक शैक्षणिक सत्र में 151 या 151 से अधिक कार्य दिवसों पर	04 अंक
2	एक शैक्षणिक सत्र में 101 या 150 तक के मध्य कार्य दिवसों पर	03 अंक
3	एक शैक्षणिक सत्र में 51 से 100 तक के कार्य दिवसों पर	02 अंक
4	एक शैक्षणिक सत्र में 25 से 50 तक के कार्य दिवसों पर	01 अंक
वरीयता अंक का लाभ मध्य प्रदेश के मूल निवासी विद्वानों तथा मध्य प्रदेश के बाहर से आए अतिथि विद्वानों के लिए भी मान्य होगी।		

आयु सीमा में छूट :-

	एक शैक्षणिक सत्र में अनुभव के चार अंक प्राप्त होने पर	01 वर्ष
टीप:-	1. अभ्यर्थी सम्पूर्ण अतिथि अध्यापन अवधि में कार्य अनुभव के आधार पर प्रति सत्र अधिकतम 04 वरीयता अंक अधिकतम 20 अंक एवं प्रति सत्र 04 अंक प्राप्त करने पर ही एक वर्ष की छूट अधिकतम 5 वर्ष की छूट का लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगें जो म.प्र. मध्य प्रदेश शासन , उच्च शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक एफ 1-12/2017/38-1, दिनांक 14.08.2017 द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होगी। (45+03 वर्ष विशेष छूट = 48वर्ष)	

4 ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक का कार्य अतिथि विद्वान के रूप मे किया है वे इस परिशिष्ट-2 से संलग्न प्रपत्र –एक में संबंधित महाविद्यालय/ महाविद्यालयों के प्राचार्य से अनुभव प्रमाण-पत्र प्राप्त करेंगें।

5 उक्त प्रमाण-पत्र/ प्रमाण-पत्रों के आधार पर इस परिशिष्ट-2 से संलग्न प्रपत्र –दो (गणना-पत्रक) की अध्यापन अनुभव के आधार पर पूर्ति करेंगें तथा तत्पश्चात उक्त गणना पत्रक को प्रमाणीकरण हेतु अग्रणी महाविद्यालय में प्राधिकृत जांचकर्ता अधिकारी को प्रस्तुत करेंगें।

6 अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित गणना-पत्रक के आधार पर देय वरीयता अंक तथा आयु सीमा में छूट का उल्लेख अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में यथा-स्थान किया जाएगा जिससे उसे 48 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा के अध्यधीन अधिकतम आयु सीमा में गणना-पत्रक में अभिप्रमाणित छूट प्राप्त हो सकेगी।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

प्रपत्र- एक

कार्यालय, प्राचार्य, ... (शासकीय महाविद्यालय का नाम)

शासकीय महाविद्यालय का पता, दूरभाष एवं ई-मेल: ....

....

अनुभव प्रमाण-पत्र

(केवल लोक सेवा आयोग द्वारा जारी ग्रंथपाल/ क्रीड़ा अधिकारी सीधी भर्ती के सन्दर्भ में मान्य)

(अतिथि विद्वान के रूप में शैक्षणिक कार्य सम्पादित करने हेतु)

क्रमांक: ....   स्थान: ...., दिनांक: ....

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री .... (अतिथि विद्वान का नाम) आत्मज/आत्मजा श्री .... ने इस महाविद्यालय के .... विभाग में अतिथि विद्वान के रूप में निम्नानुसार सत्रों में शैक्षणिक कार्य संपन्न किया :

क्रमांक	शैक्षणिक सत्र	कुल कार्यदिवसों की संख्या	रिमार्क

टीप: यह अनुभव प्रमाण-पत्र महाविद्यालयीन लेखा एवं अन्य अभिलेखों के आधार पर जारी किया गया है।

स्थान: ....

(हस्ताक्षर)

प्राचार्य का नाम ....

प्राचार्य की पद मुद्रा

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

प्रपत्र-2

अनुभव के अधिभार की गणना हेतु पत्रक

(अतिथि विद्वान के रूप में शासकीय महाविद्यालयों में कार्य अनुभव के अधिभार की गणना बाबत)

विषय:	

आवेदक का पूरा नाम : ....

पिता/पति का नाम : ....

आवेदक को उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि विद्वान के रूप में कार्य करने पर, अनुभव के आधार पर वरीयता अंक अंतिम मेरिट में जोड़े जाएंगे | अधिभार की गणना हेतु प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के लिए ग्रंथपाल/ क्रीड़ा अधिकारी के रूप में कार्य करने पर निम्न तालिकानुसार अनुभव के अंक प्रदान किए जाएंगे:

1. एक शैक्षणिक सत्र में 151 से अधिक कार्यदिवसों पर : 04 अंक
2. एक शैक्षणिक सत्र में 101 से 150 के मध्य कार्यदिवसों पर : 03 अंक
3. एक शैक्षणिक सत्र में 51 से 100 के मध्य कार्यदिवसों पर : 02 अंक
4. एक शैक्षणिक सत्र में 25 से 50 तक के कार्यदिवसों पर : 01 अंक

अधिभार की गणना की तालिका

शैक्षणिक सत्र (अधिकतम पांच)	क्रमांक	महाविद्यालय/यों का/के नाम	महाविद्यालयवार कार्यदिवस की संख्या	सत्रवार कार्यदिवस की कुल संख्या	सत्रवार अनुभव के अंक	संलग्न प्रमाणपत्र का क्रमांक एवं दिनांक
.... (प्रथम सत्र)	....	....	....	....	....	....
.... (द्वितीय सत्र)	....	....	....	....	....	....
.... (तृतीय सत्र)	....	....	....	....	....	....
.... (चतुर्थ सत्र)	....	....	....	....	....	....
.... (पंचम सत्र)	....	....	....	....	....	....
अनुभव के कुल अंकों का योग (अधिकतम अंक 20):						

अग्रणी महाविद्यालय द्वारा अभिप्रमाणीकरण के लिए आरक्षित स्थान	
अनुभव के कुल अंक :	(जांचकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर एवं नाम) --
प्राचार्य / कुलसचिव के हस्ताक्षर एवं मोहर:	

(आवेदक के हस्ताक्षर)

दिनांक: ....

टीप:- [illegible] महाविद्यालय से अनुभव के अंक एवं आयु सीमा में छूट का अभिप्रमाणीकरण कराने का दायित्व आवेदक का ही होगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

परिशिष्ट- तीन

ग्रंथपाल के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के संबंध में निर्देश एवं अन्य जानकारी

1. ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश निम्नानुसार हैं :-

1. ऑनलाइन आवेदन-पत्र वेबसाइट पर www.mponline.gov.in तथा mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध है। जिसे ऑनलाइन ही जमा कर सकते हैं।

2. उपरोक्त व्यवस्था के अतिरिक्त अभ्यर्थी निम्नांकित माध्यमों से भी शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं:-
   - अ. स्वयं अपने घर पर या इंटरनेट कैफे के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन-पत्र भर कर परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं।
   - ब. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भर कर परीक्षा शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से कर सकते हैं ।

3. अभ्यर्थी MPONLINE के अधिकृत कियोस्क के माध्यम से शुल्क का नगद भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। MPONLINE के अधिकृत कियोस्कों की सूची www.mponline.gov.in पर पता एवं फोन नंबर सहित उपलब्ध हैं ।

4. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के पूर्व अपने अद्यतन पासपोर्ट साइज की फोटो ग्राफ तथा हस्ताक्षर की 25 KB से 200 KB तक की स्केन फाइल तैयार रखें जिसे उन्हें ऑनलाइन फार्म भरते समय Upload करना होगा। www.mponline.gov.in के KIOSK पर स्कैनिंग की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध है जिसका उपयोग किया जा सकता है।

   फोटो स्केनिंग के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश :-

   1. स्केनिंग हेतु पासपोर्ट साइज़ की नवीनतम रंगीन फोटो का प्रयोग करें, जिस पर अभ्यर्थी का नाम एवं फोटो खींचने का दिनांक अंकित हो जो तीन माह से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए ।
   2. फोटो खिचवाते समय रिलेक्स स्थिति में सीधे कैमरे में देखें।
   3. यदि आप चश्में का प्रयोग करते है तो यह सुनिश्चित करें कि कोई रिफ़्लेक्सन न हो तथा आपकी आंखे स्पष्टत: दिख रही हो।
   4. टोपी हैट तथा डार्क चश्में स्वीकार्य नहीं है। सर पर पहने जाने वाले धार्मिक परिधान स्वीकार्य है किन्तु उनसे आपका चेहरा नहीं ढँकना चाहिए।
   5. यह सुनिश्चित करें कि फोटो का बैकग्राउंड हल्के रंग या आदर्श रूप में सफेद हो।
   6. कृपया सेल्फी द्वारा ली गयी फोटो का प्रयोग न करें।

5. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन आवेदन-पत्र की प्रत्येक जानकारी अच्छी तरह समझकर सावधानीपूर्वक सही रूप में जिस प्रकार चाहा गया है उसी प्रकार जानकारी भरें। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र में वही नाम/उपनाम/जन्म तिथि को उल्लेखित करे जो उनकी हाई स्कूल की अंकसूची में उल्लेखित है। यदि अभ्यर्थी द्वारा नाम परिवर्तन करवाया गया है तब भी ऑनलाइन आवेदन-पत्र में हाई स्कूल की अंकसूची में उल्लेखित उक्त विवरण ही मान्य होंगे।

6. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी में दिए गए निर्धारित स्थान पर सही पूर्णांक, प्राप्तांक, उत्तीर्ण करने का वर्ष, औसत प्रतिशत एवं अन्य जानकारी जो ऑनलाइन आवेदन-पत्र में दी गयी है को सही रूप से अंकित करें।

7. अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अंकित की गयी जानकारी ही प्रमाणिक जानकारी मानी जाएगी । अतः ऑनलाइन आवेदन-पत्र Submit करने के पूर्व अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र सावधानीपूर्वक भलीभाँति पढ़ एवं समझकर तथा भरी गई जानकारी से स्वयं को संतुष्ट करने के पश्चात ही आवेदन Submit करें।

8. आवेदन-पत्र submit करने के बाद खुलने वाले pop up window में अभ्यर्थी को उसके द्वारा आवेदन-पत्र में उल्लेखित आधारभूत सूचनाएं अर्थात उसका नाम, माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, लिंग आदि की जानकारी दी जाएगी जिसमें त्रुटि परिलक्षित होने पर अभ्यर्थी Cancel बटन दबाकर पुन: फार्म में वापस जाकर अपेक्षित सुधार कर सकेंगे। Pop up window में OK बटन दबाकर फार्म सबमिट करने पर आवेदन-पत्र के सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना मिलेगी जिसमे उसके आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख होगा किन्तु यह Unpaid होगा ।

   अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि आवेदन-पत्र submit होने के बाद "proceed to payment" बटन दबाकर भुगतान की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थी को उसका आवेदन-पत्र प्राप्त होगा जिसमें भुगतान का विवरण भी होगा जिसमें भुगतान राशि तथा "Payment Done" स्पष्टत: उल्लेखित होगा। अभ्यर्थी उक्त सूचना को प्रिंट करके अपने पास रखें तथा भविष्य में आयोग से किए जाने वाले पत्र व्यवहार में आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख करें। अभ्यर्थी उक्त आवेदन-पत्र क्रमांक तथा जन्म तिथि का प्रयोग कर प्रवेश-पत्र डाऊनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थी "Payment Done" उल्लेखित आवेदन-पत्र की प्रिंटआउट प्राप्त करने के पश्चात ही आवेदन-पत्र को जमा मानें।

9. त्रुटि सुधार सुविधा :- अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र सावधानी पूर्वक भरें। आवेदन-पत्र में कोई त्रुटि होने पर दिनांक 20.04.2023 से [illegible].05.2023 (दोपहर 12:00 बजे) तक प्रति सत्र त्रुटि सुधार सत्र रु. 50/- शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन-पत्र [illegible] द्वारा स्वयं अथवा कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन ही त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। नियत अवधि में त्रुटि सुधार नहीं करने पर कोई पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए ऐसे अभ्यावेदनों को नस्तीबद्ध किया जाएगा। एक से अधिक आवेदन-पत्र [illegible]

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

अतिरिक्त आवेदन-पत्रों हेतु जमा शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में भरी गयी श्रेणी/ वर्ग (अनारक्षित/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग)/ लिंग (महिला/ पुरुष)/ शासकीय सेवक/ दिव्यांगजन/ भूतपूर्व सैनिक) आदि के आधार पर ही परिणाम घोषित किया जाता है । अतः त्रुटिसुधार अवधि समाप्त होने के बाद श्रेणी/ वर्ग परिवर्तन विषयक कोई भी पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीबद्ध किया जाएगा ।

महत्वपूर्ण :- त्रुटि सुधार अवधि के पश्चात अभ्यर्थी से प्राप्त अभ्यावेदनों के द्वारा अथवा आयोग को प्राप्त शिकायतों से यदि यह तथ्य संज्ञान में आता है कि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में मिथ्या जानकारी प्रस्तुत की गयी है तो उसके विरुद्ध आवश्यक विधि सम्मत कार्यवाही की जा सकेगी।

10. अभ्यर्थी उक्त आवेदन-पत्र को सुरक्षित रखें । आवेदन-पत्र में अंकित आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक की प्रविष्टि कर इंटरनेट के माध्यम से वे प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्रिंटआउट ले सकेंगे ।

11. <u>अत्यावश्यक</u> :-

यदि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में वर्टिकल श्रेणी (अना./ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग) गलत भरी गयी है तो उसे अनारक्षित (ओपन) के कट ऑफ मार्क्स के अंतर्गत आने पर अनारक्षित (ओपन) श्रेणी में उम्मीदवारी मान्य होगी और यदि होरीजोंटल आरक्षण (महिला/ भूतपूर्व सैनिक/ दिव्यांगजन) में गलत श्रेणी भरी है तो उसी वर्ग के ओपन के कट ऑफ मार्क्स के अंतर्गत आने पर उस वर्ग के ओपन में उम्मीदवारी मान्य की जाएगी।

ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए निर्देश और विधि :-

1. कृपया आवेदन-पत्र भरने से पहले विज्ञापन में दी गई समस्त जानकारी और शर्तों को अच्छी तरह पढ़ लें। आवेदन-पत्र दिनांक 20.04.2023 को दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 19.05.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक ऑनलाइन भरे जा सकते हैं।
2. आवेदन-पत्र में त्रुटि सुधार का कार्य दिनांक 20.04.2023 को दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 21.05.2023 (दोपहर 12:00 बजे) को रात्रि 12.00 बजे तक ऑनलाइन किया जा सकेगा। इस हेतु प्रति त्रुटि सुधार सत्र रु. 50/- शुल्क के भुगतान के पश्चात आवेदन-पत्र में वांछित सुधार किया जा सकेगा।
3. श्रेणी सुधार के मामलों में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा आरक्षित वर्ग के रूप में भरे गए अपने आवेदन-पत्र में सुधार कर उसे अनारक्षित वर्ग करने की मांग की जाती है तो उसे आवेदन शुल्क के अंतर की राशि का भुगतान त्रुटि सुधार शुल्क के अतिरिक्त करना होगा किन्तु अनारक्षित वर्ग के रूप में भरे गए आवेदन-पत्र को आरक्षित वर्ग में परिवर्तन की स्थिति में आवेदन शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।
4. <u>आवेदन एवं परीक्षा शुल्कः-</u>

मप्र के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क			शेष सभी श्रेणी एवं मध्य प्रदेश से बाहर के निवासी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क
₹250/-			₹ 500/-
सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों को उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त पोर्टल शुल्क ₹. 40/- (सेवाकर सहित) अतिरिक्त देय होगा। जो अभ्यर्थी राज्य सेवा तथा वन सेवा दोनों हेतु आवेदन करेंगे उन्हें भी उपरोक्त अनुसार ही शुल्क एक बार ही देना होगा।			
टीप :-	1.	परीक्षा के परिणाम के बाद आयोग की वेबसाइट mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन माड्यूल की सहायता से ₹50/- शुल्क का भुगतान कर अभ्यर्थी उनकी OMR शीट Download कर सकेंगें।	

आवेदन एवं परीक्षा शुल्क एवं पोर्टल के शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है। यदि कियोस्क धारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो एमपी ऑनलाइन के निम्नांकित दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

हेल्पलाइन - 0755-6720210 तथा 0755-6720211

केवल विज्ञापन निरस्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को आवेदन एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाइन पद्धति से वापस किया जाएगा, किन्तु पोर्टल शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा ।

5. <u>ऑनलाइन आवेदन भरने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारीः-</u>

मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2022 के लिए आवेदन-पत्र वेबसाइट WWW.mppsc.mp.gov.in एवं <u>www.mponline.gov.in</u> पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरकर परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान मध्यप्रदेश राज्य के जिला, तहसील एवं ब्लाक एवं कुछ ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित एमपी ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्कों के माध्यम से किया जा सकता है। एमपी ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्कों की सूची के लिए www.mponline.gov.in पर locateKiosk/CSCsLink देखें। अभ्यर्थी हेल्पलाइन - 0755-6720210 तथा 0755-6720211 से भी एमपी ऑनलाइन कियोस्क की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

7. इंटरनेट कैफे या स्वयं घर बैठे कम्प्यूटर द्वारा इंटरनेट के माध्यम से आवेदन-पत्र / परीक्षा शुल्क भरने की विधिः-

अभ्यर्थी https://www.mponline.gov.in वेबसाइट के माध्यम से होम पेज पर CitizenServices पर क्लिक करें इसके उपरांत Application लिंक पर जाकर MPPSC M.P. Public Service Commission बटन को क्लिक करें। अब उसे यहां निम्नानुसार आप्शन दिखाई देंगे।
Click here to Apply
Pay for unpaid Application/DuplicateReceipt
Click here to Edit
Download Admit Card Duplicate Receipt/ View Application Status
Click Here to View Advertisement

अभ्यर्थी फार्म भरने से पहले Click here to View Advertisement को क्लिक कर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में दी गई समस्त जानकारी और शर्तों को अच्छी तरह पढ़ लें। इसके उपरांत ही अभ्यर्थी Click here to Apply को क्लिक करें। इसके उपरांत अभ्यर्थी को स्क्रीन पर फार्म दिखाई देगा। अभ्यर्थी को फार्म में मांगी गई समस्त जानकारियां को सही-सही भरना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को फार्म पृष्ठ पर नीचे की ओर एक बटन Upload Image दिखाई देगा। इसमें अभ्यर्थी को अपना फोटो-हस्ताक्षर सहित अटैच करना है। इस बटन के दाहिनी ओर अभ्यर्थी को फोटो-हस्ताक्षर के (प्रारूप हेतु इस लिंक्स) दिखाई देंगी। Links. को क्लिक करने पर फोटो हस्ताक्षर के फार्मेट का प्रिंट लेकर उचित स्थान पर फोटो चिपकाकर उसके नीचे हस्ताक्षर करें। इसके उपरांत उक्त फार्मेट को स्कैन कर jpg फार्मेट में ही सेव करें। अब अभ्यर्थी Upload Image बटन क्लिक करें इसके उपरांत जिस डायरेक्ट्री में अभ्यर्थी ने अपना फोटो हस्ताक्षर स्कैन कर सेव किया है। उस डायरेक्ट्री से अपना फोटो-हस्ताक्षर सिलेक्ट कर अटैच करे।

अभ्यर्थी फार्म को पूर्ण रूप से भरने के बाद उसे अच्छी तरह पढ़ लें और यह सुनिश्चित कर ले कि फार्म में जो भी जानकारी भरी गई हैं वह सही है। यदि फार्म में कोई गलत जानकारी भर दी गई है तो पुनः उसे ठीक कर लें। इसके उपरांत ही Submit बटन दबाए। इससे अभ्यर्थी को एक आवेदन फार्म नंबर प्राप्त होगा। इसके उपरांत अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए Proceed to Payment बटन दबाएगा तो उसे परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु निम्नानुसार आप्शन दिखाई देंगेः-

1. इंटरनेट बैंकिंग (सभी राष्ट्रीयकृत बैंक)
2. क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड

इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान - अभ्यर्थी चाहे तो स्वंय घर बैठे इंटरनेट या इंटरनेट कैफे के माध्यम से फार्म भरकर परीक्षा शुल्क का भुगतान इंटरनेट बैंकिग से कर सकता है। अभ्यर्थी फार्म भरने के उपरांत Proceed to Payment का वटन दबाएगा। यहां पर उसे इंटरनेट बैंकिग आप्शन दिखाई देखा। इसे क्लिक करने पर वह अपने बैंक द्वारा प्रदान यूजर आई डी पासवर्ड डालकर लागिन होगा। इस प्रक्रिया से अभ्यर्थी अपने बैंक अकाउंट से शुल्क का भुगतान कर सकता है। सफलता पूर्वक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थी को स्क्रीन पर पावती नम्बर और अभ्यर्थी का विवरण दिखाई देगा। इसका प्रिंट लेकर रसीद अवश्य लें एवं उसे संभालकर रखें।

क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान - अभ्यर्थी किसी भी इंटरनेट कैफे या घर बैठे भी स्वयं इंटरनेट के माध्यम से कम्प्यूटर द्वारा अपना फार्म भर सकता है। फार्म भरने के उपरांत परीक्षा शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड के माध्यम से किया जा सकता है। अभ्यर्थी द्वारा फार्म भरने के उपरांत परीक्षा शुल्क का भुगतान करने के लिए Proceed to Payment का बटन दबाने पर कम्प्यूटर स्क्रीन पर बैंक का पैमेंट गेटवे दिखाई देगा। इसमें क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड का विवरण भरने के उपरांत कंफर्म बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। अभ्यर्थी को परीक्षा शुल्क भुगतान प्रक्रिया सफलता पूर्वक पूर्ण होने के पश्चात कम्प्यूटराईजड रसीद प्राप्त होगी जिस पर उसकी ट्रांजेक्शन संबंधी जानकारी अंकित होगी। अभ्यर्थी इस रसीद को संभालकर रखे।

सफलतापूर्वक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थी को स्क्रीन पर पावती नंबर और अभ्यर्थी का विवरण दिखाई देगा। इसका प्रिंट लेकर रसीद अवश्य लें। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि उनका आवेदन-पत्र तभी जमा मान्य होगा जब उसके पास ऑनलाइन आवेदन की वह प्रिंटआउट हो जिसपर भुगतान की गयी राशि तथा "Payment Done" अंकित हो ।

8. एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से आवेदन-पत्र / परीक्षा शुल्क भरने की विधिः-

अभ्यर्थी आवेदन फार्म भरने के लिए अपने नजदीकी एमपी ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क पर जाएगा। कियोस्क संचालक www.mponline.gov.in वेबसाइट ओपन कर अपना यूजर आईडी और पासवर्ड डालकर लागिन टाइप में कियोस्क का चयन करेगा। इसके उपरांत सर्विसेज में जाकर एप्लीकेशन में MPPSC सिलेक्ट कर सर्वप्रथम फार्म भरने संबंधी निर्देश और जानकारियां अभ्यर्थी को उपलब्ध कराएगा। अभ्यर्थी इन्हें सावधानीपूर्वक पढ़ ले ताकि मांगी गई समस्त जानकारियां फार्म में सही-सही भर सके। इसके उपरांत अभ्यर्थी कियोस्क संचालक को अपनी समस्त जानकारी उपलब्ध कराकर फार्म भरवा ले एवं सामने बैठकर

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

पासपोर्ट साइज का फोटो अवश्य ले जाए। कियोस्क संचालक अभ्यर्थी का फोटो हस्ताक्षर स्कैन कर उचित स्थान पर अटैच करेगा। फार्म भरने के उपरांत अभ्यर्थी फार्म में भरी गईं समस्त जानकारियां अच्छी तरह पढ़ लें। अभ्यर्थी सभी जानकारियां सही-सही भरी होने के उपरांत ही कियोस्क संचालक को **Proceed to Payment** बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान करने का कहे। कियोस्क संचालक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने पर दो पृष्ठीय कम्प्यूटराइज्ड रसीद अभ्यर्थी को प्रदान करेगा। इस रसीद में परीक्षा शुल्क और पोर्टल शुल्क की पूरी जानकारी अंकित रहेगी। साथ ही अभ्यर्थी से संबंधित पूर्ण जानकारी भी रसीद में अंकित होगी।

अभ्यर्थी इस रसीद को ध्यानपूर्वक पढ़ लें तथा अपने पास संभालकर रखें। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि उनका आवेदन-पत्र तभी जमा मान्य होगा जब उसके पास ऑनलाइन आवेदन की वह प्रिंटआउट हो जिसपर भुगतान की गयी राशि तथा "Payment Done" अंकित हो । जानकारी की शुद्धता एवं सत्यता का पूरा उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का ही होगा।

9. यदि अभ्यर्थी के पास क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड या नेटबैंकिंग सुविधा उपलब्ध नहीं है तो भरे गए फार्म का कियोस्क के माध्यम से Pay for unpaid Application/ Duplicate Receipt लिंक द्वारा परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान कर सकता हैः-

इसके लिए अभ्यर्थी को उपरोक्त बताए गए बिन्दु में दर्शाई गई विधि अनुसार फार्म भरने के उपरांत अपने नजदीक में स्थापित एमपीऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क पर जाकर भरे गए फार्म का आवेदन क्रमांक एवं अपनी जन्मतिथि कियोस्क संचालक को बताना होगा। इसके उपरांत कियोस्क संचालक Pay for unpaid Application/ Duplicate Receipt लिंक पर क्लिक कर उक्त जानकारियां भरकर फार्म ओपन कर लेगा। इसके उपरांत Proceed to Payment बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान कर देगा। शुल्क भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने पर कियोस्क संचालक अभ्यर्थी कम्प्यूटराइज्ड रसीद प्रदान करेगा। इस रसीद में परीक्षा शुल्क और पोर्टल शुल्क की जानकारी के साथ अभ्यर्थी द्वारा भरी गई समस्त जानकारियाँ अंकित होंगी। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि उनका आवेदन-पत्र तभी जमा मान्य होगा जब उसके पास ऑनलाइन आवेदन की वह प्रिंटआउट हो जिसपर भुगतान की गयी राशि तथा "Payment Done" अंकित हो ।

- अभ्यर्थियों से निवेदन है कि “ऑनलाइन आवेदन” की पावती पृष्ठ की प्रति भविष्य के लिए संभाल कर रखें।
- ऐसे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे जिन्हें ऑनलाइन भरने के बाद प्रिंट लेकर मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा या एमपीऑनलाइन के पास डाक या किसी अन्य माध्यम से भेजा जाएगा। परीक्षा शुल्क के लिए किसी भी प्रकार का ड्राफ्ट भी स्वीकार नहीं होगा। ऐसा करने पर इन्हें मान्य न करते हुए निरस्त कर दिया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी अभ्यर्थी की ही मानी जाएंगी।

नोटः- यदि आपको ऑनलाइन फार्म में भरने में कोई समस्या आती है तो नीचे दर्शाए गए एम.पी. ऑनलाइन के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें

हेल्पलाइन - 0755-6720210 तथा 0755-6720211

2. अन्य निर्देश/ जानकारी :-

1 अभ्यर्थी को आयोग से पत्राचार करते समय अपना पूरा नाम, श्रेणी, परीक्षा का नाम, पंजीयन क्रमांक, अनुक्रमांक, परीक्षा केन्द्र, पूर्ण पता तथा मोबाइल नंबर लिखना चाहिए ।

2 अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अंकित मोबाइल नम्बर तथा ई-मेल आई.डी. पर ही SMS या ई-मेल द्वारा आवश्यक होने पर सूचनाएँ दी जाएंगी ।

3 परीक्षा के समय परीक्षार्थी केन्द्राध्यक्ष के अनुशासनिक व प्रशासनिक नियंत्रण में रहेंगे। अनुचित साधन का उपयोग या उपयोग करने का प्रयास, आपस में बातचीत करना, सांकेतिक भाषा का प्रयोग करना, ओ.एम.आर. शीट एवं प्रश्न पत्र को क्षति पहुँचाना, धौंस डपट देना, शारीरिक क्षति पहुँचाना, वीक्षक/ केन्द्राध्यक्ष/ अधिकारियों के निर्देशों की अवमानना करना, दुर्व्यवहार, अपशब्दों का उपयोग, अशिष्ट आचरण, परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिका को क्षति पहुँचाना एवं उत्तर पुस्तिका को जमा न करना आदि को दण्डनीय माना जाएगा ।

4 पहचान चिह्न :- ओ.एम.आर. शीट पर परीक्षार्थी केवल निर्धारित स्थान पर ही अपना अनुक्रमांक लिखें । यदि उम्मीदवार उत्तर पुस्तिका के अन्य किसी भाग पर अनुक्रमांक या अन्य अंक, अपना नाम या अन्य नाम या किसी प्रकार का चिह्न लगाएंगें तो उसे पहचान चिन्ह बनाया माना जाएगा । ऐसे पहचान चिन्ह वाले प्रकरणों में अभ्यर्थी की उम्मीदवारी तथा परीक्षा निरस्त की जा सकेगी ।

5 परीक्षा परिसर तथा साक्षात्कार कक्ष में मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस वर्जित हैं ।

6 उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर ले कि सभी स्थानों अर्थात उनके आवेदन-पत्र, परीक्षा हाल में उपस्थिति सूची पर तथा आयोग के साथ किए गए समस्त पत्र व्यवहार में उनके व्दारा किए गए हस्ताक्षर एक समान होना चाहिए । इनमें किसी भी प्रकार का अंतर नहीं होना चाहिए । यदि विभिन्न स्थानों पर उनके व्दारा किए गए हस्ताक्षरों में कोई अंतर पाया जाता है तो आयोग व्दारा उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है ।

3. आवेदन की अंतिम तिथि:-

ऑनलाइन आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19.05.2023 है । अंतिम तिथि को दोपहर 12.00 के बाद आवेदन-पत्र जमा करने की सुविधा बंद कर दी जाएगी ।

4. नियोक्ता की अनापत्ति:-

जो व्यक्ति पहले से शासकीय सेवक के रूप में स्थायी या अस्थायी रूप में काम कर रहे हों या किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी (जिसमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त व्यक्ति शामिल नही है) या जो सार्वजनिक उद्यमों में कार्यरत है उन्हें एक अभिवचन [Undertaking] (जैसा कि ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र की घोषणा में छपा है) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप में अपने कार्यालय विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस पद के लिए आवेदन किया है । उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

यदि आयोग को चयन के किसी भी स्तर पर उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने से संबंद्ध अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत किया जा सकता है / उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

5. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन-पत्र, व्यक्तिगत विवरण पत्रक एवं अनुप्रमाणन-पत्रक के साथ निम्न अभिलेख संलग्न कर आयोग को प्रस्तुत करना होगा :-

1 परीक्षा का आवेदन पत्र

2 आयोग की वेबसाइट mppsc.mp.gov.in में "Download Format" लिंक पर उपलब्ध कराए गए अनुप्रमाणन-पत्रक, व्यक्तिगत विवरण-पत्रक तथा उपस्थिति पत्रक Download करें।

3 आयु संबंधी प्रमाण के लिए - केवल हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी अथवा मैट्रिक्यूलेशन की अंकसूची/ प्रमाण-पत्र जिनमें जन्मतिथि का स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जाएगा ।

4 शैक्षणिक अर्हताओं के प्रमाण पत्र- हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी तथा उसके बाद की उन समस्त परीक्षाओं की जिन्हें अभ्यर्थी ने उत्तीर्ण किया है एवं समस्त वर्षों/सेमेस्टर्स की स्वसत्यापित अंकसूचियां। उपाधि संलग्न करना आवश्यक नहीं होगा।

5 मूल-निवासी / स्थानीय निवास प्रमाण-पत्र ।

6 आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थी हेतु मध्यप्रदेश शासन के विहित प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र ।

7 जाति प्रमाण-पत्र- उच्चतर आयु सीमा में शिथिलीकरण अथवा अन्य किसी रियायत के लिए दावा करने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उपयुक्त प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाण पत्र अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जो कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत है, अनुप्रमाणन-पत्र के साथ अनिवार्यतः संलग्न करना चाहिए। विवाहित महिलाओं के मामले में उसके पिता के नाम का उल्लेख करने वाला जाति प्रमाण-पत्र ही स्वीकार किया जाएगा। अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के जाति प्रमाण-पत्रों में यह प्रमाणन आवश्यक है कि अभ्यर्थी क्रीमीलेयर में नहीं आता है । जिन प्रमाण-पत्रों में क्रीमीलेयर में न आने संबंधी कंडिका कटी होगी या नहीं होगी वे किसी भी प्रकार की छूट हेतु मान्य नहीं किए जाएंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी अभ्यर्थियों को अनुप्रमाणन पत्रक के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेखों में निम्न प्रारूप में घोषणा-पत्र (Declaration)_ प्रस्तुत करना होगा कि वे शासन द्वारा अभिनिर्धारित नवीनतम मापदंडों के अनुसार क्रीमीलेयर में नहीं आते:-

क्रीमीलेयर में आने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी के रूप में मान्य किए जाएंगे ।

घोषणा-पत्र (Declaration) का प्रारूप

मैं ———————— आयोग के विज्ञापन क्रमांक 52/2022 दिनांक 30.12.2022 के अंतर्गत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत कर रहा रही हूँ । मैं निम्नानुसार घोषणा करता / करती हूँ

1. मैं ——————पुत्र/पुत्री श्री—————— निवासी ग्राम/ कस्बा/ शहर/————जिला ————,मध्य प्रदेश का/ की मूल निवासी हूँ । यह घोषणा करता/ करती हूँ कि मैं ————जाति का/ की सदस्य हूं जो शासन द्वारा शासकीय सेवा में (अन्य पिछड़ा वर्ग) श्रेणी में आरक्षण के लिए अधिसूचित है।

2. मैं शपथ पूर्वक यह भी घोषणा करता/ करती हूं कि आवेदन की अंतिम तिथि तक मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के अद्यतन परिपत्र में निर्धारित मापदंडों के अनुसार, मैं सम्पन्न वर्ग अर्थात क्रीमीलेयर की श्रेणी के अंतर्गत नहीं आता/ आती हूँ ।

दिनांक :- ————

हस्ताक्षर————
नाम————
रोल नंबर ————

यदि अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय मूल जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र की मूल प्रति मूलतः प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो उसकी अभ्यर्थिता अस्वीकृत कर दी जाएगी, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा। इस संबंध में अभ्यर्थी के किसी वचन पत्र अथवा अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाएगा। वांछित प्रमाण-पत्रों के अभाव में किसी शिथिलीकरण/ रियायत की पात्रता के बारे में विचार नहीं किया जाएगा।

8 दिव्यांगजन श्रेणी होने की स्थिति में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन अभ्यर्थी हेतु)

दिव्यांगता प्रमाण-पत्र : दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदल-पत्र के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-8-1-सत्रह-मेडी-2, दिनांक 09.01.2009 द्वारा गठित जिला चिकित्सा मण्डल से प्राप्त नवीनतम (Latest) स्थायी स्थायी एवं वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है। सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/दि.स/302/2021/1098 दिनांक 06.05.2021 में उल्लेखनुसार दिनांक 01.06.2021 तथा उसके पश्चात जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी पोर्टल के http:\\www.swavlambancard.gov.in के माध्यम से जारी होने पर ही मान्य होंगे, उक्त [illegible] के [illegible] प्रक्रिया से जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अमान्य होगा। अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि प्रमाण-पत्र [illegible] अधिक स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित होने पर ही दिव्यांग अभ्यर्थियों को देय आरक्षण तथा अन्य छूट का लाभ देय [illegible]।

9 [illegible] सेवकों/ भूतपूर्व सैनिकों को देय छूट हेतु नियोक्ता अधिकारी/सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र ।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

10 अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत देय छूट हेतु शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का प्रमाण पत्र ।

11 विक्रम पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थियों को देय छूट हेतु विक्रम पुरस्कार प्राप्त होने का प्रमाण पत्र ।

12 अतिथि विद्वान अनुभव प्रमाण-पत्र ।

उक्त अभिलेखों के सेट की एक प्रति स्वप्रमाणित एवं हस्ताक्षरित कर निर्धारित अंतिम तिथि तक आयोग को निम्नांकित पते पर प्रस्तुत करें :-

सचिव,
मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग,
रेसीडेंसी एरिया,
इंदौर, मध्य प्रदेश 452001

टीप -

1. लिफाफे के शीर्ष पर "ग्रंथपाल" के साक्षात्कार हेतु अभिलेख" तथा प्रेषक के स्थान पर अभ्यर्थी के परीक्षा का रोल नम्बर, नाम एवं पते का उल्लेख अनिवार्यतः करें।
2. अभिलेखों के दो सेट सुरक्षित रखें। उक्त सेट मूल अभिलेखों के साथ साक्षात्कार के समय अनिवार्यतः साथ लाएँ ।
3. केवल उन्ही अभ्यार्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित किया जाएगा जिन्हें अभिलेखों के सूक्ष्म परीक्षण के पश्चात अर्ह पाया जाएगा।

<u>महत्वपूर्ण टीप :-</u> परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय भी फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रति तथा एक स्वप्रमाणित छायाप्रति लेकर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना है। फोटो परिचय पत्र द्वारा अभ्यर्थी की पहचान की पुष्टि न होने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार देने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

यदि आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक अभ्यर्थियों के अभिलेख आयोग कार्यालय में प्राप्त नहीं होते हैं, तो ऐसे अभ्यर्थियों की साक्षात्कार की उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी । डाक विभाग अथवा अन्य किसी भी माध्यम से निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त अभिलेख मान्य नहीं किए जाएंगे। अतः अभ्यर्थी अंतिम निर्धारित तिथि के पूर्व स्वयं के अभिलेख आयोग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

6. कदाचरण और उसके लिए कार्यवाही:- कोई अभ्यर्थी, जो आयोग द्वारा निम्नलिखित का दोषी पाया जाता है:-

01 जिसने अपनी अभ्यर्थिता के लिए लिखित परीक्षा या साक्षात्कार में किसी भी तरीके से समर्थन अभिप्राप्त किया हो या वैसा करने का प्रयास किया हो, या

02 प्रतिरूपण किया हो; या

03 किसी व्यक्ति से प्रतिरूपण कराया हो; या

04 कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किए हों, जिनमें फेरबदल किया गया हो; या

05 ऐसे कथन किए हो जो गलत और झूठे हों या जिनमें चयन के किसी भी प्रक्रम पर सारभूत जानकारी छिपायी हो, या

06 परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लिया हो, या

07 परीक्षा कक्ष में अथवा अन्य किसी भी स्थान पर अनुचित साधनों का उपयोग किया हो या करने का प्रयास किया हो, या

08 परीक्षा संचालन में लगे कर्मचारीवृन्द को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारीरिक क्षति पहुंचाई हो, या

09 उनके प्रवेश-पत्र में अभ्यर्थियों के लिए दिए गए किसी भी अनुदेशों या अन्य निर्देशों, जिनमें परीक्षा संचालन में लगे केन्द्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारीवृन्द द्वारा मौखिक रूप से दिए गए अनुदेश सम्मिलित हैं, अतिक्रमण किया हो, या

10 परीक्षा कक्ष में या साक्षात्कार में किसी अन्य तरीके से दुर्व्यवहार किया हो, या

11 परीक्षा समाप्त हो जाने के पश्चात् यदि अभ्यर्थी कर्तव्यरत अधीक्षणकर्ता (इनविजिलेटर) के पास उसकी ओ.एम.आर. शीट जमा करने में असफल रहता है या ओ.एम.आर. शीट को क्षति पहुंचाता है, या

12 परीक्षा के पूर्व किसी भी रीति से प्रश्नपत्र अभिप्राप्त करता है या उसके लिए प्रयास करता है, तो आयोग-

(एक) उसे उस परीक्षा के लिए, जिसके लिए वह उम्मीदवार है निरर्ह ठहरा सकेगा और/या उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी परीक्षा से या उनके द्वारा किए जाने वाले किसी चयन से विवर्जित कर सकेगा।

(दो) यदि वह शासन के आधीन पहले से ही सेवा में हो तो उपर्युक्त नियमों के आधीन उस पर आनुशासनिक कार्यवाही हेतु पैतृक विभाग को अनूशंसा की जाएगी।

(तीन) इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक अभियोजन भी दर्ज किया जा सकेगा।

<u>एवं त[illegible] द्वारा उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए उसके आधीन नियोजन से विवर्जित किया जा सकेगा ।</u>

ऐसे अ[illegible] जिन्हें किसी भी चयन संस्था द्वारा विशिष्ट कालावधि हेतु भर्ती परीक्षा हेतु विवर्जित किया गया है, उस का[illegible] हेतु आवेदन करने [illegible] रहेंगे।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

7. प्रवेश-पत्र -

01 अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, यदि:-

(क) वह, आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश-पत्र धारण न करता हो, और

(ख) वह, आयोग द्वारा जारी विज्ञापन/प्रवेश-पत्र में उल्लिखित फोटो परिचय-पत्रों की कोई एक मूल फोटो परिचय-पत्र धारण न करता हो, और

(ग) आयोग द्वारा जारी किए गए प्रवेश-पत्र के संलग्न फोटो से उसके चेहरे का मिलान न होता हो, और

(घ) आयोग द्वारा जारी किए गए प्रवेश-पत्र में उल्लिखित नाम एवं फोटो का, आयोग द्वारा विहित उसके द्वारा लाए गए फोटोयुक्त परिचय-पत्र में उल्लिखित नाम एवं फोटो से मिलान न होता हो।

02 प्रवेश-पत्र व्यक्तिगत रूप से नहीं भेजे जाएंगे । अभ्यर्थियों को परीक्षा के 10 दिन पूर्व से परीक्षा शहर की जानकारी e-Mail द्वारा तथा परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र दिनांक (निर्धारित नहीं) से 52/2022 www.mponline.gov.in तथा mppsc.mp.gov.in पर डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेगें। आवेदको को वेबसाइट से ही परीक्षा के प्रवेश-पत्र प्राप्त करना होंगे । इस संबंध में किया गया कोई भी पत्राचार मान्य नहीं होगा। प्रवेश-पत्र एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क के माध्यम से डाउनलोड करने पर पांच रुपए पोर्टल शुल्क देय होगा।

03 यदि प्रवेश-पत्र प्राप्त करने में कोई समस्या आती है तो आयोग अथवा एम.पी. ऑनलाइन से संपर्क करें ।

04 यदि किसी अभ्यर्थी का नाम नॉमिनल रोल में सम्मिलित नहीं है परन्तु उसे प्रवेश-पत्र प्राप्त हो चुका है तो वह केन्द्राध्यक्ष से मिलकर अपना प्रवेश-पत्र प्रस्तुत करे । केन्द्राध्यक्ष संतुष्ट होने पर उसे उसी केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित करेंगे ।

05 अत्यंत महत्वपूर्ण - अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश-पत्र के साथ निम्न मान्य मूल फोटो युक्त पहचान प्रमाण-पत्र में से कोई एक प्रस्तुत करने एवं उससे अभ्यर्थी की पहचान की पुष्टि होने के पश्चात ही परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी:-

1	आधार कार्ड	6	केन्द्र शासन/ राज्य शासन/ सार्वजनिक सेवा के उपक्रम के मामले में नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र
2	मतदाता पहचान पत्र	7	बैंक अथवा पोस्ट ऑफिस की फोटोयुक्त पासबुक
3	ड्रायविंग लायसेंस	8	शैक्षणिक संस्थान द्वारा अधिकतम तीन वर्ष पूर्व तक जारी परिचय पत्र
4	पैन कार्ड	9	राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटो परिचय पत्र
5	पासपोर्ट		

08 मध्यप्रदेश के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिकों के लिए जो पद आरक्षित किए गए हैं ऐसे अभ्यर्थी जो स्वयं भूतपूर्व सैनिक हो (भूतपूर्व सैनिक पर आश्रित अभ्यर्थी मान्य नहीं होंगे) उन्हें भूतपूर्व सैनिक के डिस्चार्ज सर्टिफिकेट (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में) अभिवचन पत्र तथा मूल निवास प्रमाण पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है । प्रारूप निम्नानुसार है:-

अभिवचन (Undertaking) का प्रारूप

मैंने ग्रंथपाल के विज्ञापन क्रमांक 52/2022 दिनांक 30.12.2022 के अंतर्गत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत किया है तथा मैं भूतपूर्व सैनिक हूँ। अतः भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित पद के विरुद्ध मुझे भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत मान्य किया जाए। भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाण-पत्र संलग्न है।

हस्ताक्षर...............................

पूरा नाम.....................................

रोल नंबर ....

01. ग्रंथपाल के पदों का परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट mppsc.mp.gov.in तथा "रोजगार और निर्माण" समाचार पत्र पर प्रकाशित किया जाएगा । अभ्यर्थी को उसके परीक्षा परिणाम की सूचना अन्य किसी भी रीति से नहीं दी जाएगी तथा न ही इस संदर्भ में कोई अभ्यावेदन मान्य किया जाएगा।

10. यात्रा व्यय का भुगतान -

(अ) निम्नलिखित श्रेणी के अभ्यर्थियों को परीक्षा तथा साक्षात्कार हेतु मध्य प्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अधीन यात्रा व्यय की पात्रता होगी :-

1. मध्य प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी जो कही सेवारत न हों।
2. मध्य प्रदेश के मूल निवासी 40% या अधिक दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थी जो कहीं सेवारत न हों।

(ब) उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उल्लिखित वर्तमान निवास के पते के शहर/ग्राम से उन्हें आवंटित परीक्षा शहर तक आने तथा जाने के यात्रा व्यय का भुगतान किया जाएगा।

(स) उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को इसके लिए केंद्राध्यक्ष द्वारा आयोग द्वारा निर्धारित घोषणा-पत्र प्रदान किया जाएगा जिसे भरकर अभ्यर्थी को यात्रा व्यय की पात्रता से संबन्धित निम्न अभिलेखों के साथ केंद्राध्यक्ष को प्रस्तुत करना होगा :-

1. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाणन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति।

2. दिव्यांगता के प्रमाणन हेतु जिला चिकित्सा मण्डल द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति ।

3. यात्रा का टिकट जिसमें यात्रा की तिथि, कहां से कहां तक यात्रा की गयी तथा किराए की राशि का स्पष्टतः उल्लेख हो ।

(द) अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के परीक्षण के बाद यात्रा व्यय का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से अभ्यर्थी के खाते में किया जाएगा। इस हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन-पत्र में विहित स्थान पर अपने बैंक का नाम, खाता क्रमांक तथा बैंक के IFSC Code का उल्लेख करना तथा साथ ही अपने बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ एवं आधार कार्ड की स्केन प्रति आवेदन-पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

(इ) यात्रा व्यय भुगतान की पात्रता रखने वाले अभ्यर्थी अपने वर्तमान पते के निकटतम शहर को प्रथम विकल्प के केंद्र के रूप में चुनें।

(फ) जिन अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने हेतु देय यात्रा भत्ता का ऑनलाइन भुगतान प्राप्त नहीं होता है वे इस संदर्भ में कलेक्टर/कमिश्नर कार्यालय से पत्र व्यवहार करें। इस संदर्भ में आयोग से कोई पत्र व्यवहार न करें। इस संदर्भ में आयोग में प्राप्त पत्र बिना किसी कार्यवाही के नस्तीबद्ध किए जाएंगे।

(ज) साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय उपरोक्त नियमानुसार आयोग कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

परिशिष्ट-चार

आप्टिकल स्कैनर द्वारा पढ़ी जाने वाली ओ.एम.आर. शीट के उपयोग संबंधी निर्देश तथा अन्य अनुदेश

टीप - ओ.एम.आर.शीट का मूल्यांकन आप्टिकल स्कैनर/कम्प्यूटर द्वारा किया जाएगा अतः ओ.एम.आर.शीट का उपयोग नीचे बताई गई बातों पर आवश्यक ध्यान रखते हुए अत्यन्त सावधानी पूर्वक करें।

1 आप अपने साथ परीक्षा कक्ष में कम से कम दो काले बाल प्वाइंट पेन अवश्य लाए।

2 गोले भरने के लिए केवल काला बाल प्वाइंट पेन का ही उपयोग करें। गोलों को पूरी तरह गहरा काला करें, अधूरा अस्पष्ट या हल्का काला करने पर ओ.एम.आर. शीट स्कैनर द्वारा जांची नहीं जा सकेगी।

3 ओ.एम.आर.शीट पर किसी प्रकार का रफकार्य न किया जाए। इस कार्य के लिए प्रश्नपत्र पर अलग से स्थान निर्धारित है, उस स्थान का ही उपयोग करें ।

4 ओ.एम.आर. शीट अत्यन्त सावधानीपूर्वक रखें। उसे किसी तरह से मोड़ा या काटा न जाए और किसी प्रकार से गंदी न की जाए अन्यथा कम्प्यूटर/आप्टिकल स्कैनर उसे रद्द कर देगा।

5 उत्तर देना प्रारंभ करने के पहले सुनिश्चित कर लें कि ओ.एम.आर. शीट पर सभी प्रविष्टियाँ सही रूप से की गई है। अभ्यर्थी द्वारा उसे प्रदत्त प्रश्न पत्र सेट ए.बी.सी.डी. अंकन न करने पर OMR का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

6 आपको प्रत्येक प्रश्न क्रमांक के सामने का केवल एक ही गोला काला करना है। एक से अधिक गोले को काला करने पर या गोलों को हल्का, अस्पष्ट या अधूरा काला करने पर या किसी अन्य पेन्सिल या स्याही से काला करने पर किसी अन्य तरीके से कोई निशान जैसे (✓) या (✗) लगाने पर ओ.एम.आर. शीट कम्प्यूटर/आप्टिकल स्कैनर द्वारा पढ़ी नहीं जाएगी।

7 ओ.एम.आर. शीट पर उत्तर अंकन के लिए - सामान्य निर्देश -

(अ) प्रश्नों के उत्तरः ओ.एम.आर. शीट पर यथास्थान उत्तर अंकित करने के अनुदेश दिए हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ें। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए ओ.एम.आर. शीट पर आवश्यक संख्या लिखी है। प्रत्येक प्रश्न क्रमांक के नीचे/सामने क्रमशः 4 गोले ए.बी.सी.डी. बने है। प्रश्नपत्र में प्रत्येक प्रश्न के 4 वैकल्पिक उत्तर ए.वी.सी.डी. दिए हैं। इनमें से एक सही उत्तर चुनकर संबंधित प्रश्न क्रमांक के नीचे/सामने बने गोलों में से केवल एक गोला काले बाल पाईन्ट पेन से गहरा काला करें। एक से अधिक गोलों को काला करने पर प्रश्न का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

OMR Sheet में उत्तर अंकित कर उसे काटने/ मिटाने/ व्हाइटनर लगाने से उक्त प्रश्न का मूल्यांकन नहीं किया जा सकेगा।

(ब) ओ.एम.आर. शीट के सामने के पृष्ठ पर अपना नाम, अनुक्रमांक, परीक्षा तिथि, प्रश्नपत्र कोड आदि भरने के लिए बने खानों में प्रविष्टि के लिए काले बाल पेन का उपयोग करें। प्रश्न पत्र A,B,C,D set में से कोई एक ही सेट दिया जाएगा। अपने सेट का कोड क्रमांक सावधानी से नियत स्थान पर भरें एवं सेट के गोले को काले पेन से काला करें।

(स) हस्ताक्षर - ओ.एम.आर. शीट पर निर्धारित स्थान पर बाल पेन से हस्ताक्षर करें।

(द) ओ.एम.आर. शीट के पीछे के पृष्ठ पर अनुक्रमांक, प्रश्नपत्र कोड के कॉलम के गोलों में प्रविष्टि करने के लिए काला बाल प्वाइंट पेन का उपयोग कर संबंधित क्रमांक के गोले को काला करें। अभ्यर्थी उसे आवंटित 'प्रश्न पत्र के सेट कोड ध्यान से देखें तथा सेट की जानकारी सुनिश्चित होने के पश्चात ही प्रश्न पत्र के सेट कोड के गोले को अत्यंत सावधानी से काला करें। इसी काले किए गए कोड (ABCD के गोले) के आधार पर ही उत्तरशीट का मूल्यांकन किया जाएगा। सेट कोड गलत भरने पर त्रुटि सुधार नहीं होगा। मूल्यांकन अभ्यर्थी द्वारा भरे गए सेट कोड की उत्तर कुंजी के आधार पर होगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा । आवश्यक प्रविष्टियाँ सही स्थान पर उचित रूप से न भरने पर अभ्यर्थी की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य नहीं किया जाएगा।

8. रोल नम्बर की प्रविष्टि (चित्र एक)

रोल नम्बर के खाने में बायें से दायें 1 से 6 तक स्तम्भ है। पहला स्तम्भ का लाख का, दूसरा स्तम्भ दस हजार का, तीसरा स्तम्भ हजार का, चौथा स्तम्भ सैकड़े का, पाचवा स्तम्भ दहाई का एवं छठा स्तम्भ इकाई का है। इनके नीचे 0 से 9 अंक लिखे हुए गोले हैं। इन्हीं में आपको अपने रोल नम्बर भरना है। उदाहरणार्थ यदि आपका रोल नं. 684021 है तो आप पहले ऊपर की लाइन में चौकोर खानों में दर्शाए अनुसार रोल नम्बर काला बाल प्वाइंट पेन से लिखें तत्पश्चात पहले स्तम्भ के गोले क्रमांक 6, दूसरे स्तम्भ के गोले क्रमांक 8, तीसरे स्तम्भ के गोले क्रमांक 4, चौथे स्तम्भ के गोले क्रमांक 0, पांचवे स्तम्भ के गोले क्रमांक 2 तथा छठे स्तम्भ के गोले क्रमांक 1 को काला बाल प्वाइंट से गहरा काला करें।

अनुक्रमांक के गोले न भरने पर या गलत भरने पर OMR का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। अंकों में तथा गोले भरने में भिन्नता होने पर भी ओ.एम.आर शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

रोल नं. चित्र 1



परीक्षार्थियों हेतु निर्देश एवं अनुदेश

निम्नलिखित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ने के उपरांत ही परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हों। निर्देशों एवं अनुदेशों का पालन न करने पर परीक्षार्थी आयोग द्वारा निर्धारित दंड का भागी होगा।

एक - प्रवेश

01 परीक्षा में परीक्षार्थी को दिया गया प्रवेश नितांत प्रावधिक है।

02 परीक्षा नियत समय पर प्रारंभ होगी। केन्द्राध्यक्ष की घड़ी का समय ही प्रामाणिक मानकर परीक्षा संचालन किया जाएगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् आने पर परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

03 परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश-पत्र तथा मान्य फोटो युक्त परिचय-पत्र आवश्यक रूप से अपने साथ रखें।

04 परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी की जॉंच की जाएगी। परीक्षार्थी अपने साथ केवल दो काले बाल प्वाइंट पेन, प्रवेश-पत्र एवं मान्य फोटो युक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएँ । इसके अतिरिक्त मोबाइल, केलक्युलेटर, पेजर एवं किसी भी प्रकार का कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं है।

दो - निर्गमन

01 सामान्यतः परीक्षार्थी को परीक्षा की अवधि में परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वीक्षक से विशेष अनुमति लेकर उनकी निगरानी में ही बाहर जाया जा सकेगा।

02 किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् एक घंटे तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भले ही उसने प्रश्नपत्र हल कर लिया हो।

03 प्रश्नपत्र हल करने के पश्चात् केन्द्राध्यक्ष/वीक्षक द्वारा ओ.एम.आर. शीट एकत्रित किए जाने के उपरांत वीक्षक की अनुमति से ही परीक्षार्थी परीक्षा भवन छोड़ेगा। ओ.एम.आर. शीट सहित कक्ष से बाहर जाने पर अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाएगा ।

04 निर्धारित समय समाप्त होने के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जाएगा (केवल दृष्टिबाधित तथा ऐसे अस्थिबाधित जो दोनों ही हाथों से लिखने में असमर्थ हैं तथा वे जिन्होंने सहलेखक की सुविधा ली है, ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा में 20 मिनिट प्रति घण्टा अतिरिक्त समय दिया जाएगा ।

निर्धारित समय के उपरांत कोई भी परीक्षार्थी न तो लिखे उत्तरों में कोई संशोधन करेगा और न ही शेष रहे प्रश्नों के उत्तर लिखने का प्रयास करेगा।

तीन - ओ.एस.आर.शीट पर नाम और अनुक्रमांक :-

ओ.एम.आर. शीट पर परीक्षार्थी केवल निर्धारित स्थान पर ही अपना नाम और अनुक्रमांक लिखें। ओ.एम.आर. शीट के अन्य किसी भी भाग पर न तो अनुक्रमांक, न अपना नाम और न ही पता अंकित करें। ओ.एम.आर. शीट के साथ अन्य कोई सामग्री संलग्न करना वर्जित है। ओ.एस.आर.शीट पर पेंसिल, रबर एवं व्हाइटनर का उपयोग करने या अभ्यर्थी के पास कक्ष में पांए जाने पर अनुचित साधन का प्रकरण जर्द किया जाएगा। ओ.एम.आर. शीट में (आपको दिए गए A, B, C, D प्रश्न पत्र सेट में से कोई एक सेट मिलेगा) प्रश्नपत्र का सेट अवश्य लिखें एवं सेट के गोले को काले पेन से अनिवार्यतः काला करें। आपके द्वारा प्रश्नपत्र सेट के गोले को काला करने पर ही उक्त सेट की उत्तर कुंजी से ही ओ.एम.आर. शीट मूल्यांकन होगा। जैसा चित्र में सेट-B को काला किया है। सेट का गोला काला नहीं करने पर मुल्यांकन नहीं किया जाएगा।

चित्र- चार

A	○
B	●
C	○
D	○

उत्तर अंकित करने हेतु अनुदेश -

1 केवल काली स्याही वाले बॉल प्वाइंट पेन का प्रायोग करें।

2 प्रत्येक प्रश्न का उत्तर - पत्र में दिए गए प्रश्न क्रमांक के सामने संबद्ध गोले को काला करें।

3 प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु केवल एक ही गोले को गहरा काला करना है, जैसे नीचे दिखाया गया है :-

4 पूरे गोले को गहरा काला कीजिए।

5 उत्तर के लिए दिए गए गोले को काला कीजिए एक से अधिक गोले काले करने / चिह्न (.) होने पर भी उत्तर मान्य नहीं होगा।

6 उत्तर पत्र पर कच्चा काम करना मना है। इस काम के लिए प्रश्न पत्र के अंत में खाली जगह का ही उपयोग कीजिए ।

7 प्रश्न-पत्र के सेट के गोले को अत्यंत सावधानी से काला करें। उत्तर-पत्र में काले किए गए सेट के गोले के आधार पर ही उसे जॉंचा जाएगा। गलत गोला काला करने पर अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

8 अभ्यर्थी अगर प्रश्न पुस्तिका सेट का गोला नहीं भरता है, तो मुल्यांकन नहीं किया जाएगा। एवं वह अयोग्य माना जाएगा।

9 अभ्यर्थी अगर अपने अनुक्रमांक के गोले नहीं भरता है, तो मुल्यांकन नहीं किया जाएगा। एवं वह अयोग्य माना जाएगा।

10 अभ्यर्थी अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका कक्ष के विक्षक को ही जमा करें।

11 अभ्यर्थी अगर अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर उत्तर के गोले भरने / मिटाने के लिए यदि ... / व्हाइटनर का उपयोग करता है, तो नकल का प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

चार - अनुचित साधन :-

परीक्षार्थी ... कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण जैसे मोबाइल, वॉच, डिजिटल डायरी, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पेजर, कैल्कुलेटर ... नकल ..., रबर व्हाइटनर जैसी सामग्री के साथ पाया जाता है, तो अनुचित साधन का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। उनके ...

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST- CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

स्केल या पॉकेट में कोई अवांछित सामग्री, कोई पुस्तक या कागज जो परीक्षा में प्रश्नपत्र हल करने में सहायक हो। अभ्यर्थी के पास पाए जाने पर नकल प्रकरण दर्ज होगा।

परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग सर्वथा वर्जित व दण्डनीय है। परीक्षा भवन में अपने साथ कोई भी लिखित या कोरा कागज, पुस्तक, वस्तु, टीप विशेषकर मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण तथा अन्य वर्जित वस्तुएँ आदि लाना अनुचित साधनों के प्रयोग में सम्मिलित माना जाएगा। इसी प्रकार परीक्षा कक्ष में अन्य परीक्षार्थी से चर्चा करना, उसकी ओ.एम.आर.शीट से नकल करना अथवा अपनी शीट से अन्य परीक्षार्थी को नकल करवाना, किसी अन्य परीक्षार्थी से ओ.एम.आर. शीट बदलना, परीक्षा भवन में जोर-जोर से बोलना, किसी भी प्रकार की सांकेतिक भाषा अथवा किसी प्रकार भव भगिमा से अन्य परीक्षार्थी को किसी प्रश्न का उत्तर बताना अथवा किसी अन्य परीक्षार्थी से किसी प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने का कोई प्रयास करना या किसी कागज पर प्रश्न पत्र की नकल करना भी अनुचित साधनों के प्रयोग के अन्तर्गत माना जाएगा। परीक्षा भवन में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर परीक्षार्थी द्वारा दी गई परीक्षा को निरस्त किया जा सकेगा, उसे परीक्षा से निष्कासित किया जा सकेगा तथा साथ ही उसे आगामी ऐसी अवधि के लिए जो आयोग उचित समझे आयोग की सभी परीक्षाओं, अन्य प्रदेशों के आयोगों की परीक्षा एवं साक्षात्कारों से वंचित किए जाने का दण्ड भी दिया जा सकेगा।

परीक्षा की गोपनीयता :- परीक्षा पूर्व / दौरान / पश्चात प्रश्न-पत्र की गोपनीयता के भंग होने की किसी भी गतिविधि में लिप्त पाए जाने वाले अभ्यर्थियों / व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जा कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

पांच - **प्रश्न संबंधी शिकायत**

प्रश्न से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत होने पर परीक्षार्थी परीक्षा के प्रावधिक उत्तर कुंजी प्रकाशन के निर्दिष्ट तिथियों पर 07 दिवस के अंदर निर्धारित शुल्क (100 रुपए प्रति प्रश्न तथा रुपए 40 प्रति सत्र पोर्टल चार्ज प्रथक से देय) आपत्ति शुल्क एवं पोर्टल चार्ज किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। जमा कर ऑनलाइन पद्धति से आपत्ति दर्ज कराए । परीक्षा के प्रावधिक उत्तर कुंजी प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर ऑनलाइन पद्धति से दर्ज शिकायतों पर ही विचार किया जाएगा। इसके पश्चात एवं अन्य किसी पद्धति से प्रस्तुत आवेदनों को नस्तीबद्ध किया जाएगा । आपत्ति दर्ज कराने पर देय शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। दर्ज आपत्तियाँ सही पाई जाने पर संशोधन का लाभ समस्त अभ्यर्थियों को प्राप्त होगा। भले ही उनके द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं की गई हो।

छः - **ओ.एम.आर.शीट का लौटाना -**

परीक्षार्थी परीक्षा के उपरान्त ओ.एम.आर. शीट कक्ष के वीक्षक को ही सौंपेंगे। परीक्षार्थी द्वारा किसी भी स्थिति में ओ.एम.आर. शीट परीक्षा कक्ष से बाहर ले जाना अथवा परीक्षा के उपरांत उसे वापस न दिया जाना गम्भीर अपराध माना जाएगा और इस हेतु उसके विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

सात - **ओ.एम.आर.शीट पर अनुक्रमांक अंकन व अन्य पूर्तियाँ**

1. ओ.एम.आर.शीट पर नियत स्थान पर परीक्षार्थी अपना सही नाम और अनुक्रमांक शब्दों एवं अंकों में अंकित करें तथा परीक्षा का विषय कोड के सही गोले भरें। साथ ही प्रश्न पत्र सेट और भी अत्यंत सावधानी से भरें एवं सेट के गोले को काला करें। इस संबंध में दिए गए निर्देशों को गम्भीरता पूर्वक पढने के पश्चात ही आवश्यक प्रविष्टियाँ की जाएं।
2. ओ.एम.आर. शीट पर कोई दाग/ चिह्न न लगने पाए, इस बात की सतर्कता बरतें।

आठ - **प्रश्नपत्र पर अंकन**

परीक्षार्थी प्रश्नपत्र पर भी अनुक्रमांक लिखे तथा रफ कार्य प्रश्नपत्र में दिए गए पृष्ठ पर ही करें इसके अतिरिक्त प्रश्नपत्र पर कुछ भी लिखना, प्रश्नपत्र की नकल करना या उसकी प्रति बनाना निषिद्ध होकर अनुचित साधन प्रयोग के समान दण्डनीय है।

नौ - **उपस्थिति पत्रक**

प्रत्येक प्रश्नपत्र के समय परीक्षा कक्ष में वीक्षक के समक्ष परीक्षार्थी तिथि सहित अपने हस्ताक्षर करें। यह हस्ताक्षर नमूने के हस्ताक्षर के अनुरूप हों। हस्ताक्षर के नीचे अपना नाम भी लिखें।

दस- **दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु सहलेखक संबंधी नियम**

अ. **अभ्यर्थियों का विवरण जिन्हें सुविधा प्रदान की जाएगी :-**

1. दृष्टिबाधित, ऊपरी हिस्से में (हाथ से) निःशक्त तथा सेरिब्रल पाल्सी से दिव्यांगजन परीक्षार्थी।
2. मानसिक रूप से संस्तम (स्पेस्टिक) डाइसलेक्सिक पर्सन्स विद डिसएबिलिटिज एक्ट 1995 में परिभाषित अशक्तता वाले परीक्षार्थी।
3. ऐसे परीक्षार्थी जो अचानक बीमार हो जाने की स्थिति में जब वह लिखने में असमर्थ हो, इस आशय का प्रमाण-पत्र ऐसे शासकीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया हो जो सहायक सर्जन रैंक से कम का न हो।
4. आकस्मिक दुर्घटना हो जाने पर जब परीक्षार्थी लिखने में असमर्थ हो ओर इस आशय का प्रमाण-पत्र ऐसे शासकीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया हो, जो सहायक सर्जन से कम रैंक का न हो।
5. उपरोक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को छोड़कर अन्य अभ्यर्थियों को सहलेखक एवं प्रतिपूरक समय की सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

ब. **प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ :-**

उपरोक्त से संबंधित अभ्यर्थियों को सहायक एवं प्रतिपूरक समय की सुविधा प्रदान की जाएगी। उपरोक्त सुविधा लेने हेतु अभ्यर्थी द्वारा संपूर्ण जानकारी मय दस्तावेजों एवं घोषणा-पत्र सहित परीक्षा दिनांक से एक दिवस पूर्व संबंधित परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के सम्मुख प्रस्तुत करना होगा ताकि नियमानुसार लिखित अनुमति प्रदान की जा सके। अपरिहार्य कारणों से पूर्व में आवेदित लेखन सहायक उपस्थित न होने की दशा में परीक्षार्थी द्वारा केन्द्राध्यक्ष के सत्यापन उपरांत नियमानुसार निर्धारित शर्तो के अनुरूप योग्यताधारी अन्य लेखन सहायक की अनुमति दी जा सकेगी। लेखन सहायक से घोषणा-पत्र भरवाया जाएगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

(i) **लेखन सहायक की नियुक्ति हेतु शर्तें :-**

लेखन सहायक एक ऐसा विद्यार्थी होना चाहिए जिसकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अभ्यर्थी द्वारा दी जा रही परीक्षा की अर्हता से कम होना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि किसी परीक्षा हेतु अभ्यर्थी की शैक्षणिक अर्हता स्नातक उपाधि है तो लेखन सहायक की योग्यता स्नातक से कम होना चाहिए। (अर्थात् स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं होना चाहिए) यदि किसी पद की परीक्षा की शैक्षणिक अर्हता स्नातकोत्तर उपाधि है तो सहलेखक की योग्यता स्नातकोत्तर उपाधि से कम होनी चाहिए (अर्थात् स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण नहीं होना चाहिए)

(ii) **प्रतिपूरक समय हेतु शर्तें :-**

ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्हें उपरोक्तानुसार सहलेखक की सुविधा प्रदान की गई है, निम्नानुसार प्रतिपूरक समय की पात्रता होगी :-

3 घंटे की अवधि के प्रश्नपत्र के लिए	60 मिनट
2 घंटे की अवधि के प्रश्नपत्र के लिए	40 मिनट

स. **इसके अतिरिक्त प्रदाय की जाने वाली सुविधाएं :-**

यथा संभव ऐसे अभ्यर्थियों का परीक्षा कक्ष भूतल पर निर्धारित किया जाएगा।

द. अभ्यर्थी को पात्र सहलेखक साथ में लेकर परीक्षा हेतु आना होगा। आयोग/केन्द्राध्यक्ष द्वारा सहलेखक उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

टीपः-

1. उपरोक्त प्रकरणों के अतिरिक्त दिव्यांगजन सम्बन्धित अन्य किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण एवं निर्णय लिए जाने हेतु आयोग के सर्वाधिकार सुरक्षित रहेंगे।
2. दिव्यांगजन श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्हें सहलेखक एवं भूतल पर बैठने की व्यवस्था की आवश्यकता है वे अपने ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उक्त आवश्यकताओं की प्रविष्टि करेंगे। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि आकस्मिक दुर्घटना एवं बीमारी के मामलों को छोड़कर अन्य मामलो में अभ्यर्थियों को उक्त सुविधाएँ उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टि के आधार पर ही देय होगी।

ग्यारह विविध

1 परीक्षार्थियों को किसी भी प्रश्नपत्र में ग्राफ पेपर या नक्शा / स्टेन्सिल उपलब्ध नहीं कराया जाएगा और परीक्षार्थी स्वयं भी ग्राफ पेपर या नक्शा / स्टेन्सिल परीक्षा भवन में नहीं लाएंगे।

2 परीक्षार्थियों को अपने साथ पेंसिल, व्हाइटनर, डिजिटल डायरी, वॉच, केल्क्यूलेटर, सेल्युलर फोन, पेजर तथा अन्य electronic gadgets लाना वर्जित हैं।उपरोक्त वर्जित वस्तुए अभ्यर्थी के पास पाए जाने पर अनुचित साधन प्रकरण अंतर्गत नकल प्रकरण बनाया जाएगा।

बारह- परीक्षार्थी ओ.एम.आर. शीट एवं प्रश्नपत्रों पर दी गई समस्त सूचनाएं/निर्देश एवं अनुदेश ध्यानपूर्वक पढ़ें व अनिवार्यतः उनका पालन करें।

तेरह - अनुशासन व शालीनता

1 परीक्षा कक्ष में धूम्रपान करना / अशिष्ट, अनर्गल वार्तालाप करना पूर्णतः निषिद्ध व दण्डनीय है।

2 परीक्षा परिसर में एवं भवन के अन्दर वीक्षक व केन्द्राध्यक्ष द्वारा दिए जाने वाले निर्देशों का पालन अनिवार्य है।

3 परीक्षा भवन के फर्नीचर अथवा केन्द्र पर की गई अन्य व्यवस्था को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुँचाई जाना चाहिए। यह दण्डनीय है।

4 यदि परीक्षार्थी केन्द्राध्यक्ष द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करता है अथवा अशिष्ट आचरण करता है अथवा अनुचित या अशोभनीय या अशालीन व्यवहार करता है तो वह परीक्षा से निष्कासित किया जा सकेगा।उसकी परीक्षा निरस्त की जा सकेगी तथा वह ऐसे अन्य दण्ड का भी भागी होगा जो आयोग उचित समझे। केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे परिक्षार्थियों के नाम गोपनीय ढंग से आयोग को सूचित किए जाए। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी केन्द्राध्यक्ष के पूर्ण प्रशासकीय नियंत्रण में होगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी एरिया - इंदौर

<u>क्रीड़ा अधिकारी परीक्षा - 2022</u>

उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन हेतु क्रीड़ा अधिकारी के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक 53/2022/ 30.12.2022	ऑनलाइन आवेदन करने की
उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन	अंतिम तिथि 27.05.2023 दोपहर 12.00 बजे तक

महत्वपूर्ण निर्देश

A. आवेदन पत्र भरने संबंधित आवश्यक निर्देश :-

1. उपरोक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन दिनांक 28-04-2023 को (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 27.05.2023 (दोपहर 12:00 बजे) तक www.mponline.gov.in तथा www.mppsc.mp.gov.in पर भरे जा सकेंगे। इसके पश्चात ये लिंक बंद हो जाएगी।
2. क्रीड़ा अधिकारी के पदों हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे । अन्य किसी भी प्रकार से मैन्युअल अथवा डाक द्वारा भेजे गए आवेदन-पत्र आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।

B. आयु की गणना :-

1. <u>आयु की गणना 01 जनवरी 2023 के संदर्भ में की जाएगी</u> ।
2. आयु की गणना हेतु वही जन्मतिथि मान्य होगी जो अभ्यर्थी की 10 वीं (High School) की अंक-सूची में अंकित है। अत: अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र मे उक्त अंक-सूची में उल्लेखित नाम, पिता का नाम तथा जन्मतिथि का ही उल्लेख करें।

C. शुल्क संबंधी निर्देश :-:

1. उपरोक्त परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट / डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग द्वारा किया जा सकेगा । इसके अतिरिक्त परीक्षा शुल्क एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क के माध्यम से नगद स्वीकार किया जाएगा । शुल्क विवरण हेतु परिशिष्ट -02 का अवलोकन करें। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र की जांच कर यह सुनिश्चित करें कि भुगतान का विवरण तथा "Payment Done" स्पष्टत: उल्लेखित है। परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए किसी बैंक का ड्राफ्ट अथवा चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।
2. आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रियांतर्गत ऑनलाइन आवेदन-पत्र में आयोग द्वारा सुनिश्चित की गई फीस के अतिरिक्त आधिक्य या त्रुटिवश गलत भुगतान के संबंध में रिफंड हेतु प्राप्त अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं होंगे। अभ्यर्थी को दिए गए निर्देशों का सूक्ष्मता से भली-भांति अवलोकन करने के पश्चात् ही निर्धारित फीस का भुगतान करें। कियोस्क अथवा अन्य माध्यम से त्रुटिवश / आधिक्य भुगतान के रिफंड के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं है।

D. त्रुटि सुधार संबंधी निर्देश :-

1. <u>अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र की सावधानीपूर्वक जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदन-पत्र में त्रुटि सुधार का कार्य दिनांक 28-04-2023 से 29.05.2023 (दोपहर 12:00 बजे) तक ऑनलाइन ही किया जा सकेगा । इस हेतु प्रति त्रुटि सुधार प्रति सत्र ₹50 त्रुटि सुधार शुल्क देय होगा। अभ्यर्थी त्रुटि सुधार हेतु एम. पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं । ध्यान रखे कि अभ्यर्थी के नाम में कोई त्रुटि सुधार नहीं किया जा सकेगा।</u>
2. <u>अभ्यर्थी यह ध्यान रखें कि परीक्षा के आवेदन-पत्र में हुई किसी भी त्रुटि का सुधार साक्षात्कार के स्तर पर नहीं किया जा सकेगा, अत: वे परीक्षा का आवेदन-पत्र अत्यंत सावधानी पूर्वक भरें। यदि फिर भी नाम के अतिरिक्त कोई त्रुटि होती है, तो त्रुटि सुधार अवधि में वांछित सुधार कर लें।</u>
3. त्रुटि सुधार अवधि में श्रेणी सुधार के मामलों में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा आरक्षित वर्ग के रूप में भरे गए अपने ऑनलाइन आवेदन-पत्र में सुधार कर उसे अनारक्षित वर्ग किया जाता हैं तो उसे आवेदन शुल्क के अंतर की राशि (देखें परिशिष्ट-2) का भुगतान त्रुटि सुधार शुल्क के अतिरिक्त करना होगा, किन्तु अनारक्षित वर्ग के रूप में भरे गए ऑनलाइन आवेदन-पत्र को आरक्षित वर्ग में परिवर्तन की स्थिति में आवेदन शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।
4. ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी श्रेणी / वर्ग (अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) / लिंग (महिला / पुरुष) / दिव्यांगता / भूतपूर्व सैनिक / शासकीय सेवक / जन्म तिथि आदि के आधार पर ही परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाता है। अत: त्रुटि सुधार अवधि समाप्त होने के पश्चात् भी [illegible] परिवर्तन मान्य नहीं होगा। श्रेणी / वर्ग / जन्मतिथि परिवर्तन विषयक समस्त अभ्यावेदनों के संदर्भ में आयोग द्वारा [illegible] कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे सभी अभ्यावेदन अमान्य किए जाएंगे । अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें [illegible] शासन के अद्यतन आदेशों के अनुसार संबंधित श्रेणी के अंतर्गत सम्मिलित है। गलत जानकारी की स्थिति में [illegible] निरस्त की जाएगी।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'
Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

3. प्रकाशित विज्ञापन में विज्ञापित पदों हेतु जो शैक्षणिक अर्हता /अनुभव / वांछनीय अर्हता एवं विज्ञापित रिक्तियों का आरक्षण वर्गीकरण आदि का उल्लेख किया गया है वह विभाग के द्वारा मांगपत्र के आधार पर प्रकाशित किया गया है, जिसमें आयोग की कोई भूमिका नहीं रहती है। अत: अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त संबंध में आयोग में प्राप्त शिकायतों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त संबंध में शिकायतकर्ता अभ्यर्थी सीधे उस विभाग को अपनी शिकायत प्रेषित कर सकते हैं।

F. परीक्षा केन्द्र तथा प्रवेश-पत्र :-

1. परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम, परीक्षा तिथि एवं परीक्षा केन्द्रों की जानकारी यथासमय आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।
2. आयोग द्वारा भर्ती विज्ञापनों में ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रण के समय अभ्यर्थियों से परीक्षा केन्द्र आवंटन हेतु शहर की अग्रमान्यता एवं उपलब्धता के आधार पर आवंटित की जाती है। अभ्यर्थी द्वारा एक बार अग्रमान्यता उपरांत परीक्षा शहर परिवर्तन के संबंध में प्रस्तुत कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रियाओं में सम्मिलित अभ्यर्थियों को परीक्षा में आने-जाने का नियमानुसार यात्रा व्यय प्राप्त करने हेतु Reimbursement का वर्गीकरण प्रावधानित है, जिसके अनुसार नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सम्पादित की जाती है । अतएव इस संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

G. परीक्षा नियम / निर्देश आदि :-

1. चयन / परीक्षा के संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जो भी संशोधन / निर्देश प्रदान किए जाएंगे, उन सभी संशोधनों / निर्देशों को चयन परिणाम में शामिल करके चयन परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस संबंध में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।
2. चयन / परीक्षा के संबंध में यदि भर्ती नियम, आयु, मूल निवासी, रोजगार पंजीयन आरक्षण संबंधी संशोधन शासन द्वारा किए जाते हैं, तो इस संबंध में यथा समय संशोधित सूचना जारी करने के उपरांत शासन द्वारा समय -समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप अंतिम चयन परिणाम घोषित किया जाएगा।
3. पाठ्यक्रम निर्धारण समिति द्वारा विज्ञापन के संदर्भ में प्रकाशित पाठ्यक्रम में यदि कोई परिवर्तन किया जाता है, तो तदनुसार संशाधित पाठ्यक्रम परीक्षा के यथोचित समयपूर्व आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। परीक्षा उपरोक्तानुसार संशोधित पाठ्यक्रम के आधार पर आयोजित की जाएगी । इस संबंध में कोई अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाएगा
4. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि / लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम को सुधारने का अधिकार सुरक्षित है । चयनित अभ्यर्थियों की सूची तथा प्रतीक्षा सूची एवं चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख संबंधित विभागों को आयोग द्वारा प्रेषित किए जाएंगे। नियुक्ति की कार्यवाही शासन के संबंधित विभागों द्वारा की जाएगी। मुख्य सूची / प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी नियुक्ति के संबंध में आयोग से पत्राचार न करें।
5. आयोग द्वारा प्रकाशित भर्ती विज्ञापनों के उपरांत कई अभ्यर्थियों द्वारा तथ्यहीन आधारों पर बिना कोई साक्ष्य / दस्तावेजों के अनावश्यक रूप से विभिन्न प्रकार के शिकायती अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जाते हैं, इस प्रकार के किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. <u>उक्त विज्ञापन का अंतिम चयन परिणाम याचिका क्रमांक 5901/2019, 25181/2019 एवं ओ.बी.सी. आरक्षण से संबंधित अन्य याचिकाओं के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा। ओ.बी.सी. आरक्षण से संबंधित याचिकाओं के लंबित रहने की अवधि में परीक्षा/चयन परिणाम सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 के अनुसार मुख्य भाग 87% तथा प्रावधिक भाग 13% के आधार पर जारी किया जाएगा।</u>

अन्य निर्देश :-

1. विज्ञापन के संदर्भ में समस्त आवश्यक सूचनाएँ, संशोधन आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध करवाई जाती हैं। अत: समस्त अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करें तथा उपलब्ध सूचनाओं का लाभ लें। आयोग द्वारा इस संदर्भ में प्राप्त ई-मेल / पत्राचार / दूरभाष संदेश के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।
2. आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के शैक्षणिक अर्हता, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं अन्य समस्त दस्तावेजों का संधारण नहीं किया जाता है । अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वप्रमाणित दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मात्र मिलान का कार्य आयोग द्वारा साक्षात्कार के समय किया जाता है। अंतिम चयन परिणाम में चयनित अभ्यर्थियों एवं प्रतीक्षासूची में नामांकित अभ्यर्थियों के समस्त दस्तावेजों को चयन सूची अनुसार विभागों को प्रेषित कर दिया जाता है। दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य विभाग द्वारा नियुक्ति के पूर्व किया जाता है। अत: अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जानकारी आयोग द्वारा उपलब्ध करवायी जाना संभव नहीं है। इस संदर्भ में आयोग द्वारा किसी प्रकार का पत्राचार मान्य नहीं किया जाएगा । सूचना के अधिकार के अंतर्गत इस संदर्भ में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अंतरित किया जाएगा।
3. आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के संबंध में समय-समय पर दिशा-निर्देश प्रसारित किए जाते हैं, [illegible] परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी को कौन-कौन सी सामग्री लाना वर्जित रहती है अतएव औचित्यहीन जिज्ञासाओं के संबंध में किसी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

4. प्रकाशित भर्ती विज्ञापन के अतिरिक्त अभ्यर्थियों की अन्य कोई भी औचित्यहीन जिज्ञासाओं के संबंध में किसी भी माध्यम से प्राप्त अभ्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5. विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनाएँ, परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in एवं रोजगार और निर्माण समाचार-पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे । अभ्यर्थी द्‌वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय दिए गए E-mail Address तथा मोबाइल नम्बर पर E-mail तथा SMS द्‌वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। अभ्यर्थी आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर विहित स्थान पर अपने E-mail Address तथा मोबाइल नम्बर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें ।

6. आयोग की परीक्षा और चयन प्रणाली निष्पक्ष एवं पारदर्शी है । किसी भी व्यक्ति द्‌वारा इस प्रणाली को विफल कर किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना नहीं है। अतः किसी भी व्यक्ति द्‌वारा सीधे या किसी अन्य के माध्यम से लाभ पहुंचाने का दावा किया जाता है तो ऐसा व्यावहारिक रूप से असंभव है । अतः ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आएं और उस व्यक्ति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर आयोग को दें अविलम्ब सूचित कर ताकि ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम तथा पता गोपनीय रखा जाएगा।

विज्ञापन का प्रकाशन "रोजगार और निर्माण" समाचार-पत्र के आगामी अंक में किया जाएगा ।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, के अंतर्गत क्रीड़ा अधिकारी के निम्नानुसार पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है :-

विषय	रिक्त पदों की संख्या						रिक्तियों में से मध्य प्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्य प्रदेश के मूल निवासी दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या			
	UR	SC	ST	OBC	EWS	कुल	UR	SC	ST	OBC	EWS	LD	VH	HH	MD
क्रीड़ा अधिकारी (Sports Officer)	23	9	77	15	5	129	8	3	25	5	2	1	0	9	0
Abbreviations:	UR - Unreserved, SC- Scheduled Caste, ST- Scheduled Tribe, OBC- Other Backward Classes EWS-Economically Weaker Sections LD - Locomotor Disability, VH -Visual Handicapped, HH - Hearing Handicapped , MD- Multiple Disability														

दो - पद का विवरण

(A) विभाग का नाम : मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग

(B) श्रेणी : राजपत्रित द्वितीय श्रेणी

(C) पद स्थिति : स्थायी

(D) वेतनमान : युक्तियुक्त एंट्री पे रू 57,700 अकादमिक स्तर 10

(E) कर्तव्य : शैक्षणिक कार्य

(F) पद का नाम : क्रीड़ा अधिकारी

(G) अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता

(i) शारीरिक शिक्षा और खेलकूद विज्ञान अथवा शारीरिक शिक्षा और खेलकूद विज्ञान में 55 प्रतिशत अंको (अथवा जहां कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली लागू हो वहां पाइंट स्केल में समतुल्य ग्रेड) के साथ निष्णायत उपाधि ।

2/ अंतर्विश्वविद्यालयी/अंतर्महाविद्यालयी प्रतिस्पर्धाओं अथवा राज्य और / अथवा राष्ट्रीय चैंपियनशिपों में विश्विद्यालय / महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का रिकार्ड ।

3/ उपर्युक्त अर्हताओं को पूरा करने के अलावा अभ्यर्थी को वि.अ.आ., अथवा सीएसआईआर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रत्यायित समान परीक्षा यथा एसएलईटी/एसईटी उत्तीर्ण करनी होगी अथवा जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एमफिल/पीएचडी उपाधि प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक व प्रक्रिया) विनियम, 2009 अथवा 2016 एवं समय-समय पर इनमें किए गए संशोधनों, जैसा भी मामला हो, के अनुसार शारीरिक शिक्षा अथवा शारीरिक शिक्षा और खेलकूद अथवा खेल विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई हो। बशर्ते कि दिनांक 11 जुलाई 2009 से पूर्व पीएच.डी. की उपाधि के लिए पंजीकृत अभ्यर्थी ऐसी उपाधि प्रदान करने वाली संस्थाओं के मौजूदा अध्यादेशों / उपविधियों / विनियमों के उपबंधों द्वारा अभिशासित होंगे तथा ऐसे पीएच.डी. धारक अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों / संस्थाओं में सहायक आचार्य अथवा समकक्ष पदों पर भर्ती और नियुक्ति के लिए एनईटी / एसएलईटी / एसईटी की अपेक्षाओं से छूट प्राप्त होगी।

क) अभ्यर्थी को पीएचडी की उपाधि केवल नियमित पद्धति से प्रदान की गई हो।

ख) पीएचडी शोध प्रबंध का कम से कम दो बाह्य परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन किया गया हो।

ग) पीएचडी के लिए अभ्यर्थी की एक खुली मौखिक परीक्षा आयोजित की गई हो।

घ) अभ्यर्थी ने अपने पीएचडी कार्य से दो अनुसंधान पत्रों को प्रकाशित किया

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

जिनमें से कम से कम एक रेफर्ड जर्नल में प्रकाशित हुआ हो।

ड) अभ्यर्थी ने अपने पीएचडी कार्यों के आधार पर सम्मेलन / विचार गोष्ठियों में कम से कम दो पत्रों को प्रस्तुत किया हो।

नोट (क) से (ड) में दी गई इन शर्तो पर खरा उतरने के संबंध में संबंधित विश्वविद्यालय के कुल सचिव अथवा संकाय अध्यक्ष (शैक्षणिक कार्य) द्वारा अभिप्रमाणित किया जाना होता है।

4/ ऐसी विधाओं में निष्णायत कार्यक्रमों में एनईटी / एसएलईटी / एसईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना आपेक्षित नहीं होगा, जिसके लिए वि.अ.आ., सीएसआईआर द्वारा एनईटी / एसएलईटी / इसईटी अथवा वि.अ.आ. द्वारा एसएलईटी / एसईटी जैसी परीक्षा आयोजित नहीं की जाती हो।

5/ इन विनियमों के अनुसार आयोजित की गई शारीरिक-फिटनेश परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

अथवा

ख) एशियाई खेल अथवा राष्ट्रमंडल खेलों में पदक विजेता, जिनके पास कम से कम स्नातकोत्तर स्तर की उपाधि हो।

(H)	शारीरिक स्वास्थ्यता जाँच संबंधी मानदंड :-	क) इन विनियमों के उपबंधो के अध्यधीन सभी अभ्यर्थी जिनके लिए शारीरिक स्वस्थता जाँच करना अपेक्षित है, उन्हें ऐसी जांच करवाने से पूर्व एक चिकित्सा प्रमाणपत्र देना होगा कि वह ऐसी जांच करने के लिए चिकित्सीय रूप से स्वस्थ्य हैं ।	
ख) उपरोक्त उपखंड (क) में वर्णित ऐसे प्रमाण पत्र को प्रस्तुत करने पर अभ्यर्थी को निम्न मानक के अनुसार शारीरिक परीक्षा में भाग लेना अपेक्षित होगा:			
नियमन जो पुरुषों के लिए है			
12 मिनट वाली दौड़/ चलने का परीक्षण			
30 वर्ष तक के लिए	40 वर्ष तक के लिए	45 वर्ष तक के लिए	50 वर्ष तक के लिए
1800 मीटर	1500 मीटर	1200 मीटर	800 मीटर
नियमन जो महिलाओं के लिए है			
8 मिनट वाली दौड़/ चलने का परीक्षण			
30 वर्ष तक के लिए	40 वर्ष तक के लिए	45 वर्ष तक के लिए	50 वर्ष तक के लिए
1000 मीटर	800 मीटर	600 मीटर	400 मीटर

(I) आयु सीमा: 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो।

(J) आयु संगणना तिथि 01.01.2023

तीन (i) आवेदक के पास उपर्युक्त अर्हताएं ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 27.05.2023 तक होना चाहिए आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद किसी भी तिथि को उक्त अर्हतायें अर्जित करने वाले आवेदक विज्ञापित पदों हेतु विचारित होने की पात्रता नहीं रखेंगे।

(ii) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या मे लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित करने के पूर्व तक वृद्धि की जा सकेगी। पदों की संख्या में कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।

(iii) चयनित आवेदकों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी।

(iv) <u>किसी भी प्रवर्ग में मध्य प्रदेश की मूल निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव में उसी प्रवर्ग के पुरुष उम्मीदवारों के चयन द्वारा भरे जा सकेंगें।</u>

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

(v) दिव्यांगता प्रमाण-पत्र : दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन-पत्र के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-8-1-सत्रह-मेडी-2, दिनांक 09.01.2009 द्वारा गठित जिला चिकित्सा मण्डल से प्राप्त नवीनतम (Latest) स्थायी एवं वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/दि.स/302/2021/1098 दिनांक 06.05.2021 में उल्लेखनुसार दिनांक 01.06.2021 तथा उसके पश्चात् जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी पोर्टल के http:\\www.swavlambancard.gov.in के माध्यम से जारी होने पर ही मान्य होंगे, उक्त तिथि के बाद मेन्युअल प्रक्रिया से जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अमान्य होगा। अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि प्रमाण-पत्र में 40% या अधिक स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित होने पर ही दिव्यांग अभ्यर्थियों को देय आरक्षण तथा अन्य छूट का लाभ देय होगा।

(vi) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिला, तथा दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पद केवल मध्य प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला तथा दिव्यांगजन हेतु आरक्षित है। छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के मूल निवासी ऐसे आवेदक जो अपने मूल निवास के राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्य है तथा अन्य प्रदेशों के दिव्यांगजन तथा महिला अभ्यर्थी आरक्षण हेतु पात्र नहीं है। उन्हें अनारक्षित पदों हेतु विचारित किया जाएगा।

(vii) मध्य प्रदेश के बाहर के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार अपना वर्ग अनारक्षित लिखें।

आयु सीमा में दी गयी अन्य छूटों के लिए <u>परिशिष्ट -1</u> देखें।

चार मध्य प्रदेश सिविल सेवायें (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता :-

अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।

ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा।

पांच महत्वपूर्ण :- यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि, वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते है। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जाएगी।

छः अधिवार्षिकी आयु :- 62 वर्ष

सात चयन प्रक्रिया :-

(1) उपरोक्त पदों पर अंतिम चयन ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा के प्राप्तांक तथा यदि अभ्यर्थी मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि विद्वान (क्रीड़ा अधिकारी) है तो इस रूप में कार्यानुभव के आधार पर देय वरीयता अंक के योग के गुणानुक्रम के आधार पर होगा।

(2) ऑनलाइन परीक्षा में सफल होने के लिए अभ्यर्थियों को प्रत्येक प्रश्न-पत्र में कम से कम 40 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। मध्य प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमाजोर तथा दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को अंकों में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस प्रकार उनके लिए लिखित परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न-पत्र में कम से कम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

40% तथा 30% अंकों की गणना मे अतिथि विद्वानों को देय वरीयता अंक सम्मिलित नहीं होंगें।

(3) परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों में अतिथि विद्वानों को देय वरीयता अंक जोड़कर प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर चयन सूची जारी की जाएगी।

(4) आयोग की परीक्षा प्रणाली में पुनर्मूल्यांकन / पुनर्गणना का कोई प्रावधान नहीं है। इस विषय में प्राप्त अभ्यावेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कंप्यूटर त्रुटि/ लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग को चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

प्रतियोगी परीक्षा ऑफलाइन पद्धति से (वस्तुनिष्ठ ओ.एम.आर. आधारित) आयोजित की जाएगी । ओ.एम.आर. संबंधित निर्देशों हेतु परिशिष्ट 4 (आप्टिकल स्कैनर द्वारा पढ़ी जाने वाली ओ.एम.आर. शीट के उपयोग संबंधी निर्देश तथा अन्य अनुदेश) का अवलोकन करें। यदि ऑनलाइन पद्धति से परीक्षा आयोजित की जाती है तो उससे संबंधित निर्देश यथासमय आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित किए जाएंगे।

परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम एवं परीक्षा तिथि तथा परीक्षा केन्द्रो की जानकारी यथासमय आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।

आठ प्रतियोगी परीक्षा की तिथि तथा केंद्र :-

कोड़	नाम	कोड़	नाम	कोड़	नाम	कोड़	नाम	कोड़	नाम
01	भोपाल	02	इन्दौर	03	ग्वालियर	04	जबलपुर	05	सागर
06	उज्जैन	07	शहडोल	08	चंबल	09	रीवा	10	नर्मदापुरम

परीक्षा केन्द्रों के संबंध में आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय उपरोक्त में से प्राथमिकता क्रम में चार परीक्षा शहर का चयन करेंगे ।

अभ्यर्थियों की संख्या तथा प्रशासकीय कारणों से परीक्षा केन्द्रों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। यह आवश्यक नहीं है की अभ्यर्थी को उसके द्वारा चयनित केंद्र ही आबंटित किया जावे। प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से पृथक केंद्र भी आबंटित किया जा सकेगा। परीक्षा की समय सारिणी तथा तथा अन्य आवश्यक जानकारियां यथासमय "रोजगार और निर्माण" समाचार पत्र तथा आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई जाएगी।

नौ आवेदन प्रक्रिया :- उक्त पद हेतु आवेदन पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकेगें। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु परिशिष्ट -2 का अवलोकन करें।

दस अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में अंकित वर्तमान पते अथवा ई-मेल आई डी. पर ही आयोग द्वारा आवश्यक पत्र व्यवहार किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी का वर्तमान पते अथवा ई-मेल आई डी. परिवर्तित होता है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी को चाहिए कि वह अविलंब नए वर्तमान पते अथवा ई-मेल आई डी. की सूचना आयोग को लिखित में प्रस्तुत करे। अभ्यर्थी द्वारा वर्तमान पते अथवा ई-मेल आई डी. परिवर्तन की स्थिति में नए वर्तमान पते अथवा ई-मेल आई डी. की सूचना न देने पर आवश्यक पत्र-व्यवहार पुराने वर्तमान पते अथवा ई-मेल आई डी. पर किया जाएगा जिसके फलस्वरूप अभ्यर्थी को पत्रादि प्राप्त न होने की स्थिति निर्मित होती है, तो अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा तथा इस संदर्भ में अभ्यर्थी का कोई अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

ग्यारह शासन द्वारा कोविड़-19 के संबंध में समय-समय पर जारी किए गए नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

बारह आवेदक विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :-

(i) आयु सीमा की छूट परिशिष्ट -1

(ii) मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि विद्वानों हेतु देय वरीयता अंक तथा आयु सीमा में छूट की व्यवस्था परिशिष्ट -2

(iii) आवेदन पत्र भरने के तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियां परिशिष्ट -3

(iv) परीक्षा के संबंध में निर्देश परिशिष्ट -4

सचिव

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: T= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

परिशिष्ट -1

उच्चतर आयु सीमा में देय छूट

1 मध्य प्रदेश शासन , सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-8/2016/1/3, दिनांक 24 जुलाई 2019 के अनुसार अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ शासकीय/ निगम/ मण्डल/ स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/ नगर सैनिक/ दिव्यांगजन/ महिलाओं (अनारक्षित/ आरक्षित) आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

तथा

मध्य प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, के परिपत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, दिनांक 18.09.2022 द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार विभिन्न प्रवर्गों हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। अत: उक्त आदेश के अनुपालन में समस्त छूटों को मिलाकर निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष के स्थान पर 48 वर्ष होगी।

अतिथि विद्वानों को देय आयु-सीमा में छूट :-

उन अभ्यर्थियों को जिन्होंने मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में क्रीड़ा अधिकारी का कार्य अतिथि विद्वान के रूप में किया है तथा उनके द्वारा अतिथि विद्वान के रूप में किए गए कार्य के आधार पर विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार निर्धारित आयु-सीमा में अधिक्तम 05 वर्ष की छूट दी जाएगी । जो सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्र अनुसार छूट की अधिक्तम आयु-सीमा से अधिक नहीं होगी।
स्पष्टीकरण - सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समस्त छूटों को मिलाकर अधिक्तम आयु-सीमा 45 वर्ष निर्धारित है जो 03 वर्ष की विशेष छूट को मिलाकर 48 वर्ष है।
टीप :- उपरोक्त आयु-सीमा में छूट केवल उन अतिथि विद्वानों को दी जाएगी जो सत्र 2019-20 में किसी शासकीय महाविद्यालय में अतिथि विद्वान के रूप में कार्यरत थे।

(2) अन्य छूट :- प्रोत्साहन स्वरूप दी गयी छूट:-

1 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी।

2 विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/18/85/3/1, दिनांक 3.9.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जाएगी।

3 मध्य प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक 427/1422/1(3)82, दिनांक 14 जून 1982 के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों को अनुज्ञेय आयु सीमा में छूट भूतपूर्व सैनिकों को उनके द्वारा की गयी सेवा के आधार पर अधिकतम 3 वर्षों की छूट होगी जो की अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष के अध्यधीन होगी।

4 उपरोक्त बिन्दु क्रमांक (1,2,3) के अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों / योजनाओं के अंतर्गत दी गयी छूटों में से यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक छूटों का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में अधिकतम लाभ वाले किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

5 समस्त आरक्षण तथा उससे जुड़ी आयु सीमा की छूटें मध्य प्रदेश राज्य के संदर्भ में है अत: अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग तथा महिला अभ्यर्थियों को देय आरक्षण तथा आयु सीमा में छूट केवल मध्य प्रदेश के मूल निवासियों को ही देय होगी। अन्य प्रदेशों के उक्त श्रेणी के अभ्यर्थी अनारक्षित मान्य होंगें।

नोट :-

(01) उपरोक्त परिशिष्ट -1 बिन्दु 1 तथा 2 मे उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

(02) अभ्यर्थियों को उपरोक्त सभी छूट देय होंगी किन्तु समस्त छूट को शामिल करते हुए भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 48 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

(03) <u>अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को किसी भी स्थिति में आयु सीमा में कोई छूट प्रदान नही की जाएगी तथा उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 43 वर्ष रहेगी।</u>

(तीन) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा दायर याचिका क्रमांक 2108/2022 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 08.02.2022 के अनुपालन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पि.वर्ग के समान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु-सीमा में छूट देय होंगी किन्तु किसी भी स्थिति में अधिकतम आयु सीमा गणना तिथि 01.01.2023 को 48 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 48 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगें। उपरोक्तानुसार छूट का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों कि अभ्यर्थिता याचिका क्रमांक 2108/2022 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगी।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि विद्वान (क्रीड़ा अधिकारी) के रूप में कार्यानुभव के आधार पर देय वरीयता अंक तथा आयु सीमा में छूट संबंधी व्यवस्था

मध्य प्रदेश शासन , उच्च शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक एफ 1-42/2017/38/1, दिनांक 20.12.2022 द्वारा आयु सीमा में छूट का निम्नानुसार निर्णय लिया गया है :-

1 उन अभ्यर्थियों को जिन्होंने मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में क्रीड़ा अधिकारी का कार्य अतिथि विद्वान के रूप में किया है, उनके द्वारा अतिथि विद्वान के रूप में किए गए कार्य के आधार पर शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार निर्धारित आयु-सीमा में अधिकतम 05 वर्ष की छूट दी जाएगी। जो सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्र अनुसार छूट की अधिक्तम आयु-सीमा से अधिक नहीं होगी।

2 उन अभ्यर्थियों को जिन्होंने मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में क्रीड़ा अधिकारी का कार्य अतिथि विद्वान के रूप में किया है, उनके द्वारा अतिथि विद्वान के रूप में किए गए कार्य के आधार पर विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार प्रति सत्र अधिक्तम 04 अतिरिक्त वरीयता अंक के मान से अधिक्तम 20 अंक की सीमा तक वरीयता अंक दिए जाएंगे, वरीयता अंक अंतिम मेरिट सूची तैयार करते समय जोड़े जाएंगे।

> उपरोक्त कंडिका 01 एवं 02 दी गई छूट वर्ष 2022 तक मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से विज्ञापित होनें वाली चयन प्रक्रियाओं में केवल उन अतिथि विद्वानों की दी जाएगी, जो सत्र 2019-20 में किसी शासकीय माहाविद्यालय में अतिथि विद्वान (क्रीड़ा अधिकारी) के रूप में कार्यरत थे।

3 उपरोक्त व्यवस्था के अनुपालन में मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में संबन्धित विषयों का अध्यापन कार्य करने वाले अतिथि विद्वानों को निम्नानुसार वरीयता अंक तथा अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी :-

वरीयता अंक :-

1	एक शैक्षणिक सत्र में 151 या 151 से अधिक कार्य दिवसों पर	04 अंक
2	एक शैक्षणिक सत्र में 101 या 150 तक के मध्य कार्य दिवसों पर	03 अंक
3	एक शैक्षणिक सत्र में 51 से 100 तक के कार्य दिवसों पर	02 अंक
4	एक शैक्षणिक सत्र में 25 से 50 तक के कार्य दिवसों पर	01 अंक
वरीयता अंक का लाभ मध्य प्रदेश के मूल निवासी विद्वानों तथा मध्य प्रदेश के बाहर से आए अतिथि विद्वानों के लिए भी मान्य होगी।		

आयु सीमा में छूट :-

	एक शैक्षणिक सत्र में अनुभव के चार अंक प्राप्त होने पर	01 वर्ष
टीप:-	1. अभ्यर्थी सम्पूर्ण अतिथि अध्यापन अवधि में कार्य अनुभव के आधार पर प्रति सत्र अधिकतम 04 वरीयता अंक अधिकतम 20 अंक एवं प्रति सत्र 04 अंक प्राप्त करने पर ही एक वर्ष की छूट अधिकतम 5 वर्ष की छूट का लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगें जो म.प्र. मध्य प्रदेश शासन , उच्च शिक्षा विभाग के आदेश क्रमांक एफ 1-12/2017/38-1, दिनांक 14.08.2017 द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक नहीं होगी। (45+03 वर्ष विशेष छूट = 48वर्ष)	

4 ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक का कार्य अतिथि विद्वान के रूप मे किया है वे इस परिशिष्ट-2 से संलग्न प्रपत्र -एक में संबंधित महाविद्यालय/ महाविद्यालयों के प्राचार्य से अनुभव प्रमाण-पत्र प्राप्त करेंगें।

5 उक्त प्रमाण-पत्र/ प्रमाण-पत्रों के आधार पर इस परिशिष्ट-2 से संलग्न प्रपत्र -दो (गणना-पत्रक) की अध्यापन अनुभव के आधार पर पूर्ति करेंगें तथा तत्पश्चात उक्त गणना पत्रक को प्रमाणीकरण हेतु अग्रणी महाविद्यालय में प्राधिकृत जांचकर्ता अधिकारी को प्रस्तुत करेंगें।

6 अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित गणना-पत्रक के आधार पर देय वरीयता अंक तथा आयु सीमा में छूट का उल्लेख अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में यथा-स्थान किया जाएगा जिससे उसे 48 वर्ष की अधिकतम सीमा के अध्यधीन अधिकतम आयु सीमा में गणना-पत्रक में अभिप्रमाणित छूट प्राप्त हो सकेगी।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

प्रपत्र- एक

कार्यालय, प्राचार्य, ... (शासकीय महाविद्यालय का नाम)

शासकीय महाविद्यालय का पता, दूरभाष एवं ई-मेल: ....

....

अनुभव प्रमाण-पत्र

(केवल लोक सेवा आयोग द्वारा जारी ग्रंथपाल/ क्रीड़ा अधिकारी सीधी भर्ती के सन्दर्भ में मान्य)

(अतिथि विद्वान के रूप में शैक्षणिक कार्य सम्पादित करने हेतु)

क्रमांक: .... स्थान: ...., दिनांक: ....

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री .... (अतिथि विद्वान का नाम) आत्मज/आत्मजा श्री .... ने इस महाविद्यालय के .... विभाग में अतिथि विद्वान के रूप में निम्नानुसार सत्रों में शैक्षणिक कार्य संपन्न किया :

क्रमांक	शैक्षणिक सत्र	कुल कार्यदिवसों की संख्या	रिमार्क

टीप: यह अनुभव प्रमाण-पत्र महाविद्यालयीन लेखा एवं अन्य अभिलेखों के आधार पर जारी किया गया है|

स्थान: ....

(हस्ताक्षर)

प्राचार्य का नाम ....

प्राचार्य की पद मुद्रा

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

अनुभव के अधिभार की गणना हेतु पत्रक

प्रपत्र-2

(अतिथि विद्वान के रूप में शासकीय महाविद्यालयों में कार्य अनुभव के अधिभार की गणना बाबत)

विषय:	

आवेदक का पूरा नाम : ....

पिता/पति का नाम : ....

आवेदक को उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि विद्वान के रूप में कार्य करने पर, अनुभव के आधार पर वरीयता अंक अंतिम मेरिट में जोड़े जाएंगे| अधिभार की गणना हेतु प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के लिए ग्रंथपाल/ क्रीड़ा अधिकारी के रूप में कार्य करने पर निम्न तालिकानुसार अनुभव के अंक प्रदान किए जाएंगे:

1. एक शैक्षणिक सत्र में 151 से अधिक कार्यदिवसों पर : 04 अंक
2. एक शैक्षणिक सत्र में 101 से 150 के मध्य कार्यदिवसों पर : 03 अंक
3. एक शैक्षणिक सत्र में 51 से 100 के मध्य कार्यदिवसों पर : 02 अंक
4. एक शैक्षणिक सत्र में 25 से 50 तक के कार्यदिवसों पर : 01 अंक

अधिभार की गणना की तालिका

शैक्षणिक सत्र (अधिकतम पांच)	क्रमांक	महाविद्यालय/यों का/के नाम	महाविद्यालयवार कार्यदिवस की संख्या	सत्रवार कार्यदिवस की कुल संख्या	सत्रवार अनुभव के अंक	संलग्न प्रमाणपत्र का क्रमांक एवं दिनांक
.... (प्रथम सत्र)	....	....	....	....	....	....
.... (द्वितीय सत्र)	....	....	....	....	....	....
.... (तृतीय सत्र)	....	....	....	....	....	....
.... (चतुर्थ सत्र)	....	....	....	....	....	....
.... (पंचम सत्र)	....	....	....	....	....	....
				अनुभव के कुल अंकों का योग (अधिकतम अंक 20):		

अग्रणी महाविद्यालय द्वारा अभिप्रमाणीकरण के लिए आरक्षित स्थान

अनुभव के कुल अंक :

(जांचकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर एवं नाम)

प्राचार्य / कुलसचिव के हस्ताक्षर एवं मोहर:

(आवेदक के हस्ताक्षर)

दिनांक: ....

टीप- जिले के अग्रणी महाविद्यालय से अनुभव के अंक एवं आयु सीमा में छूट का अभिप्रमाणीकरण कराने का दायित्व आवेदक का ही होगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

परिशिष्ट- तीन

क्रीड़ा अधिकारी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के संबंध में निर्देश एवं अन्य जानकारी

1. ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश निम्नानुसार हैं :-

1. ऑनलाइन आवेदन-पत्र वेबसाइट पर www.mponline.gov.in तथा mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध है। जिसे ऑनलाइन ही जमा कर सकते हैं।
2. उपरोक्त व्यवस्था के अतिरिक्त अभ्यर्थी निम्नांकित माध्यमों से भी शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं:-
   - अ. स्वयं अपने घर पर या इंटरनेट कैफे के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन-पत्र भर कर परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं।
   - ब. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भर कर परीक्षा शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से कर सकते हैं ।
3. अभ्यर्थी MPONLINE के अधिकृत कियोस्क के माध्यम से शुल्क का नगद भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। MPONLINE के अधिकृत कियोस्कों की सूची www.mponline.gov.in पर पता एवं फोन नंबर सहित उपलब्ध हैं ।
4. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के पूर्व अपने अद्यतन पासपोर्ट साइज की फोटो ग्राफ तथा हस्ताक्षर की 25 KB से 200 KB तक की स्केन फाइल तैयार रखें जिसे उन्हें ऑनलाइन फार्म भरते समय Upload करना होगा। www.mponline.gov.in के KIOSK पर स्कैनिंग की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है जिसका उपयोग किया जा सकता है।

   फोटो स्केनिंग के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश :-

   1. स्केनिंग हेतु पासपोर्ट साइज़ की नवीनतम रंगीन फोटो का प्रयोग करें, जिस पर अभ्यर्थी का नाम एवं फोटो खींचने का दिनांक अंकित हो जो तीन माह से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए ।
   2. फोटो खिचवाते समय रिलेक्स स्थिति में सीधे कैमरे में देखें।
   3. यदि आप चश्में का प्रयोग करते है तो यह सुनिश्चित करें कि कोई रिफ़्लेक्सन न हो तथा आपकी आंखे स्पष्टतः दिख रही हो।
   4. टोपी हैट तथा डार्क चश्में स्वीकार्य नहीं है। सर पर पहने जाने वाले धार्मिक परिधान स्वीकार्य है किन्तु उनसे आपका चेहरा नहीं ढ़ँकना चाहिए।
   5. यह सुनिश्चित करें कि फोटो का बैकग्राउंड हल्के रंग या आदर्श रूप में सफेद हो।
   6. कृपया सेल्फी द्वारा ली गयी फोटो का प्रयोग न करें।
5. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन आवेदन-पत्र की प्रत्येक जानकारी अच्छी तरह समझकर सावधानीपूर्वक सही रूप में जिस प्रकार चाहा गया है उसी प्रकार जानकारी भरें। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र में वही नाम/उपनाम/जन्म तिथि को उल्लेखित करे जो उनकी हाई स्कूल की अंकसूची में उल्लेखित है। यदि अभ्यर्थी द्वारा नाम परिवर्तन करवाया गया है तब भी ऑनलाइन आवेदन-पत्र में हाई स्कूल की अंकसूची में उल्लेखित उक्त विवरण ही मान्य होंगे।
6. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी में दिए गए निर्धारित स्थान पर सही पूर्णांक, प्राप्तांक, उत्तीर्ण करने का वर्ष, औसत प्रतिशत एवं अन्य जानकारी जो ऑनलाइन आवेदन-पत्र में दी गयी है को सही रूप से अंकित करें।
7. अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अंकित की गयी जानकारी ही प्रमाणिक जानकारी मानी जाएगी । अतः ऑनलाइन आवेदन-पत्र Submit करने के पूर्व अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र सावधानीपूर्वक भलीभाँति पढ़ एवं समझकर तथा भरी गई जानकारी से स्वयं को संतुष्ट करने के पश्चात ही आवेदन Submit करें।
8. आवेदन-पत्र submit करने के बाद खुलने वाले pop up window में अभ्यर्थी को उसके द्वारा आवेदन-पत्र में उल्लेखित आधारभूत सूचनाएं अर्थात <u>उसका नाम, माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, लिंग आदि की जानकारी दी जाएगी</u> जिसमें त्रुटि परिलक्षित होने पर अभ्यर्थी Cancel बटन दबाकर पुनः फार्म में वापस जाकर अपेक्षित सुधार कर सकेंगे। Pop up window में OK बटन दबाकर फार्म सबमिट करने पर आवेदन-पत्र के सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना मिलेगी जिसमे उसके आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख होगा किन्तु यह Unpaid होगा ।

   अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि आवेदन-पत्र submit होने के बाद "proceed to payment" बटन दबाकर भुगतान की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थी को उसका आवेदन-पत्र प्राप्त होगा जिसमें भुगतान का विवरण भी होगा जिसमें भुगतान राशि तथा "Payment Done" स्पष्टतः उल्लेखित होगा। अभ्यर्थी उक्त सूचना को प्रिंट करके अपने पास रखें तथा भविष्य में आयोग से किए जाने वाले पत्र व्यवहार में आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख करें। अभ्यर्थी उक्त आवेदन-पत्र क्रमांक तथा जन्म तिथि का प्रयोग कर प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थी "Payment Done" उल्लेखित आवेदन-पत्र की प्रिंटआउट प्राप्त करने के पश्चात ही आवेदन-पत्र को जमा मानें।
9. [illegible] सुविधा :- अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र सावधानी पूर्वक भरें। आवेदन-पत्र में कोई त्रुटि होने पर दिनांक 28-04-2023 से [illegible]-05-2023 (दोपहर 12:00 बजे) तक प्रति सत्र त्रुटि सुधार सत्र रु. 50/- शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन-पत्र [illegible] द्वारा स्वयं अथवा कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन ही त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। नियत अवधि में त्रुटि सुधार [illegible] [illegible] अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए ऐसे अभ्यावेदनों को नस्तीबद्ध किया जाएगा। एक से अधिक आवेदन-पत्र [illegible]

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA, (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

अतिरिक्त आवेदन-पत्रों हेतु जमा शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में भरी गयी श्रेणी/ वर्ग (अनारक्षित/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग)/ लिंग (महिला/ पुरुष)/ शासकीय सेवक/ दिव्यांगजन/ भूतपूर्व सैनिक) आदि के आधार पर ही परिणाम घोषित किया जाता है । अतः त्रुटिसुधार अवधि समाप्त होने के बाद श्रेणी/ वर्ग परिवर्तन विषयक कोई भी पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीबद्ध किया जाएगा ।

महत्वपूर्ण :- त्रुटि सुधार अवधि के पश्चात अभ्यर्थी से प्राप्त अभ्यावेदनों के द्वारा अथवा आयोग को प्राप्त शिकायतों से यदि यह तथ्य संज्ञान में आता है कि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में मिथ्या जानकारी प्रस्तुत की गयी है तो उसके विरुद्ध आवश्यक विधि सम्मत कार्यवाही की जा सकेगी।

10. अभ्यर्थी उक्त आवेदन-पत्र को सुरक्षित रखें । आवेदन-पत्र में अंकित आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक की प्रविष्टि कर इंटरनेट के माध्यम से वे प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्रिंटआउट ले सकेंगे ।

11. <u>अत्यावश्यक</u> :-

यदि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में वर्टिकल श्रेणी (अना./ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग) गलत भरी गयी है तो उसे अनारक्षित (ओपन) के कट ऑफ मार्क्स के अंतर्गत आने पर अनारक्षित (ओपन) श्रेणी में उम्मीदवारी मान्य होगी और यदि होरीजोंटल आरक्षण (महिला/ भूतपूर्व सैनिक/ दिव्यांगजन) में गलत श्रेणी भरी है तो उसी वर्ग के ओपन के कट ऑफ मार्क्स के अंतर्गत आने पर उस वर्ग के ओपन में उम्मीदवारी मान्य की जाएगी।

ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए निर्देश और विधि :-

1. कृपया आवेदन-पत्र भरने से पहले विज्ञापन में दी गई समस्त जानकारी और शर्तों को अच्छी तरह पढ़ लें। आवेदन-पत्र दिनांक 28-04-2023 को दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 27.05.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक ऑनलाइन भरे जा सकते हैं।
2. आवेदन-पत्र में त्रुटि सुधार का कार्य दिनांक 28-04-2023 को दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 29.05.2023 (दोपहर 12:00 बजे) को रात्रि 12.00 बजे तक ऑनलाइन किया जा सकेगा। इस हेतु प्रति त्रुटि सुधार सत्र रु. 50/- शुल्क के भुगतान के पश्चात आवेदन-पत्र में वांछित सुधार किया जा सकेगा।
3. श्रेणी सुधार के मामलों में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा आरक्षित वर्ग के रूप में भरे गए अपने आवेदन-पत्र में सुधार कर उसे अनारक्षित वर्ग करने की मांग की जाती है तो उसे आवेदन शुल्क के अंतर की राशि का भुगतान त्रुटि सुधार शुल्क के अतिरिक्त करना होगा किन्तु अनारक्षित वर्ग के रूप में भरे गए आवेदन-पत्र को आरक्षित वर्ग में परिवर्तन की स्थिति में आवेदन शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।
4. <u>आवेदन एवं परीक्षा शुल्कः-</u>

मप्र के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क	शेष सभी श्रेणी एवं मध्य प्रदेश से बाहर के निवासी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क
₹250/-	₹ 500/-
सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों को उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त पोर्टल शुल्क ₹. 40/- (सेवाकर सहित) अतिरिक्त देय होगा। जो अभ्यर्थी राज्य सेवा तथा वन सेवा दोनों हेतु आवेदन करेंगे उन्हें भी उपरोक्त अनुसार ही शुल्क एक बार ही देना होगा।	
टीप :- 1. परीक्षा के परिणाम के बाद आयोग की वेबसाइट mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन माड्यूल की सहायता से ₹50/- शुल्क का भुगतान कर अभ्यर्थी उनकी OMR शीट Download कर सकेंगें।	

आवेदन एवं परीक्षा शुल्क एवं पोर्टल के शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है। यदि कियोस्क धारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो एमपी ऑनलाइन के निम्नांकित दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

हेल्पलाइन - 0755-6720210 तथा 0755-6720211

केवल विज्ञापन निरस्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को आवेदन एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाइन पद्धति से वापस किया जाएगा, किन्तु पोर्टल शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा ।

5. <u>ऑनलाइन आवेदन भरने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारीः-</u>

मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2022 के लिए आवेदन-पत्र वेबसाइट WWW.mppsc.mp.gov.In एवं <u>www.mponline.gov.in</u> पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरकर परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान मध्यप्रदेश राज्य के जिला, तहसील एवं ब्लाक एवं कुछ ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित एमपी ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्कों के माध्यम से किया जा सकता है। एमपी ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्कों की सूची के लिए www.mponline.gov.in पर locateKiosk/CSCsLink देखें। अभ्यर्थी हेल्पलाइन - 0755-6720210 तथा 0755-6720211 से भी एमपी ऑनलाइन [illegible] केन्द्र की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

7. इंटरनेट कैफे या स्वयं घर बैठे कम्प्यूटर द्वारा इंटरनेट के माध्यम से आवेदन-पत्र / परीक्षा शुल्क भरने की विधिः-

अभ्यर्थी **https://www.mponline.gov.in** वेबसाइट के माध्यम से होम पेज पर **CitizenServices**पर क्लिक करें इसके उपरांत **Application** लिंक पर जाकर **MPPSC** (M.P. Public Service Commission) बटन को क्लिक करें। अब उसे यहां निम्नानुसार आप्शन दिखाई देंगे।

Click here to Apply
Pay for unpaid Application/DuplicateReceipt
Click here to Edit
Download Admit Card Duplicate Receipt/ View Application Status
Click Here to View Advertisement

अभ्यर्थी फार्म भरने से पहले Click here to View Advertisement को क्लिक कर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में दी गई समस्त जानकारी और शर्तों को अच्छी तरह पढ़ लें। इसके उपरांत ही अभ्यर्थी Click here to Apply को क्लिक करें। इसके उपरांत अभ्यर्थी को स्क्रीन पर फार्म दिखाई देगा। अभ्यर्थी को फार्म में मांगी गई समस्त जानकारियां को सही-सही भरना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को फार्म पृष्ठ पर नीचे की ओर एक बटन **Upload Image** दिखाई देगा। इसमें अभ्यर्थी को अपना फोटो-हस्ताक्षर सहित अटैच करना है। इस बटन के दाहिनी ओर अभ्यर्थी को फोटो-हस्ताक्षर के (प्रारूप हेतु इस लिंक्स) दिखाई देंगी। **Links.** को क्लिक करने पर फोटो हस्ताक्षर के फार्मेट का प्रिंट लेकर उचित स्थान पर फोटो चिपकाकर उसके नीचे हस्ताक्षर करें। इसके उपरांत उक्त फार्मेट को स्कैन कर jpg फार्मेट में ही सेव करें। अब अभ्यर्थी **Upload Image** बटन क्लिक करें इसके उपरांत जिस डायरेक्ट्री में अभ्यर्थी ने अपना फोटो हस्ताक्षर स्कैन कर सेव किया है। उस डायरेक्ट्री से अपना फोटो-हस्ताक्षर सिलेक्ट कर अटैच करे।

अभ्यर्थी फार्म को पूर्ण रूप से भरने के वाद उसे अच्छी तरह पढ़ लें और यह सुनिश्चित कर ले कि फार्म में जो भी जानकारी भरी गई हैं वह सही है। यदि फार्म में कोई गलत जानकारी भर दी गई है तो पुनः उसे ठीक कर लें। इसके उपरांत ही **Submit** बटन दबाए। इससे अभ्यर्थी को एक आवेदन फार्म नंबर प्राप्त होगा। इसके उपरांत अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिए **Proceed to Payment** बटन दबाएगा तो उसे परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु निम्नानुसार आप्शन दिखाई देंगेः-

1. इंटरनेट बैंकिंग (सभी राष्ट्रीयकृत बैंक)
2. क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड

इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान - अभ्यर्थी चाहे तो स्वंय घर बैठे इंटरनेट या इंटरनेट कैफे के माध्यम से फार्म भरकर परीक्षा शुल्क का भुगतान इंटरनेट बैंकिग से कर सकता है। अभ्यर्थी फार्म भरने के उपरांत **Proceed to Payment** का बटन दबाएगा। यहां पर उसे इंटरनेट बैंकिग आप्शन दिखाई देखा। इसे क्लिक करने पर वह अपने बैंक द्वारा प्रदान यूजर आई डी पासवर्ड डालकर लागिन होगा। इस प्रक्रिया से अभ्यर्थी अपने बैंक अकाउंट से शुल्क का भुगतान कर सकता है। सफलता पूर्वक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थी को स्क्रीन पर पावती नम्बर और अभ्यर्थी का विवरण दिखाई देगा। इसका प्रिंट लेकर रसीद अवश्य लें एवं उसे संभालकर रखें।

क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान - अभ्यर्थी किसी भी इंटरनेट कैफे या घर बैठे भी स्वयं इंटरनेट के माध्यम से कम्प्यूटर द्वारा अपना फार्म भर सकता है। फार्म भरने के उपरांत परीक्षा शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड के माध्यम से किया जा सकता है। अभ्यर्थी द्वारा फार्म भरने के उपरांत परीक्षा शुल्क का भुगतान करने के लिए **Proceed to Payment** का बटन दबाने पर कम्प्यूटर स्क्रीन पर बैंक का पैमेंट गेटवे दिखाई देगा। इसमें क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड का विवरण भरने के उपरांत कंफर्म बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। अभ्यर्थी को परीक्षा शुल्क भुगतान प्रक्रिया सफलता पूर्वक पूर्ण होने के पश्चात कम्प्यूटराईजड रसीद प्राप्त होगी जिस पर उसकी ट्रांजेक्शन संबंधी जानकारी अंकित होगी। अभ्यर्थी इस रसीद को संभालकर रखे।

सफलतापूर्वक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थी को स्क्रीन पर पावती नंबर और अभ्यर्थी का विवरण दिखाई देगा। इसका प्रिंट लेकर रसीद अवश्य लें। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि उनका आवेदन-पत्र तभी जमा मान्य होगा जब उसके पास ऑनलाइन आवेदन की वह प्रिंटआउट हो जिसपर भुगतान की गयी राशि तथा "Payment Done" अंकित हो ।

8. एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से आवेदन-पत्र / परीक्षा शुल्क भरने की विधिः-

अभ्यर्थी आवेदन फार्म भरने के लिए अपने नजदीकी एमपी ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क पर जाएगा। कियोस्क संचालक **www.mponline.gov.in** वेबसाइट ओपन कर अपना यूजर आईडी और पासवर्ड डालकर लागिन टाइप में कियोस्क [illegible] कर लागिन करेगा। इसके उपरांत सर्विसेज में जाकर एप्लीकेशन में **MPPSC** सिलेक्ट कर सर्वप्रथम फार्म भरने संबंधी निर्देश और ऑनलाइन फार्म अभ्यर्थी को उपलब्ध कराएगा। अभ्यर्थी इन्हें सावधानीपूर्वक पढ़ ले ताकि मांगी गई समस्त जानकारियां फार्म में सही भरी जा सकें। इसके उपरांत अभ्यर्थी कियोस्क संचालक को अपनी समस्त जानकारी उपलब्ध कराकर फार्म भरवा ले एवं साथ ही [illegible]

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

पासपोर्ट साइज का फोटो अवश्य ले जाए। कियोस्क संचालक अभ्यर्थी का फोटो हस्ताक्षर स्कैन कर उचित स्थान पर अटैच करेगा। फार्म भरने के उपरांत अभ्यर्थी फार्म में भरी गई समस्त जानकारियां अच्छी तरह पढ़ लें। अभ्यर्थी सभी जानकारियां सही-सही भरी होने के उपरांत ही कियोस्क संचालक को **Proceed to Payment** बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान करने का कहे। कियोस्क संचालक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने पर दो पृष्ठीय कम्प्यूटराइज्ड रसीद अभ्यर्थी को प्रदान करेगा। इस रसीद में परीक्षा शुल्क और पोर्टल शुल्क की पूरी जानकारी अंकित रहेगी। साथ ही अभ्यर्थी से संबंधित पूर्ण जानकारी भी रसीद में अंकित होगी।

अभ्यर्थी इस रसीद को ध्यानपूर्वक पढ़ लें तथा अपने पास संभालकर रखें। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि उनका आवेदन-पत्र तभी जमा मान्य होगा जब उसके पास ऑनलाइन आवेदन की वह प्रिंटआउट हो जिसपर भुगतान की गयी राशि तथा "Payment Done" अंकित हो । जानकारी की शुद्धता एवं सत्यता का पूरा उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का ही होगा।

9. यदि अभ्यर्थी के पास क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड या नेटबैंकिंग सुविधा उपलब्ध नहीं है तो भरे गए फार्म का कियोस्क के माध्यम से Pay for unpaid Application/ Duplicate Receipt लिंक द्वारा परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान कर सकता है:-

इसके लिए अभ्यर्थी को उपरोक्त बताए गए बिन्दु में दर्शाई गई विधि अनुसार फार्म भरने के उपरांत अपने नजदीक में स्थापित एमपीऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क पर जाकर भरे गए फार्म का आवेदन क्रमांक एवं अपनी जन्मतिथि कियोस्क संचालक को बताना होगा। इसके उपरांत कियोस्क संचालक Pay for unpaid Application/ Duplicate Receipt लिंक पर क्लिक कर उक्त जानकारियां भरकर फार्म ओपन कर लेगा। इसके उपरांत **Proceed to Payment** बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान कर देगा। शुल्क भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने पर कियोस्क संचालक अभ्यर्थी कम्प्यूटराइज्ड रसीद प्रदान करेगा। इस रसीद में परीक्षा शुल्क और पोर्टल शुल्क की जानकारी के साथ अभ्यर्थी द्वारा भरी गई समस्त जानकारियाँ अंकित होंगी। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि उनका आवेदन-पत्र तभी जमा मान्य होगा जब उसके पास ऑनलाइन आवेदन की वह प्रिंटआउट हो जिसपर भुगतान की गयी राशि तथा "Payment Done" अंकित हो ।

- अभ्यर्थियों से निवेदन है कि "ऑनलाइन आवेदन" की पावती पृष्ठ की प्रति भविष्य के लिए संभाल कर रखें।
- ऐसे आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे जिन्हें ऑनलाइन भरने के बाद प्रिंट लेकर मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा या एमपीऑनलाइन के पास डाक या किसी अन्य माध्यम से भेजा जाएगा। परीक्षा शुल्क के लिए किसी भी प्रकार का ड्राफ्ट भी स्वीकार नहीं होगा। ऐसा करने पर इन्हें मान्य न करते हुए निरस्त कर दिया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी अभ्यर्थी की ही मानी जाएंगी।

नोटः- यदि आपको ऑनलाइन फार्म में भरने में कोई समस्या आती है तो नीचे दर्शाए गए एम.पी. ऑनलाइन के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें

हेल्पलाइन - 0755-6720210 तथा 0755-6720211

2. अन्य निर्देश/ जानकारी :-

1 अभ्यर्थी को आयोग से पत्राचार करते समय अपना पूरा नाम, श्रेणी, परीक्षा का नाम, पंजीयन क्रमांक, अनुक्रमांक, परीक्षा केन्द्र, पूर्ण पता तथा मोबाइल नंबर लिखना चाहिए ।

2 अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अंकित मोबाइल नम्बर तथा ई-मेल आई.डी. पर ही SMS या ई-मेल द्वारा आवश्यक होने पर सूचनाएँ दी जाएंगी ।

3 परीक्षा के समय परीक्षार्थी केन्द्राध्यक्ष के अनुशासनिक व प्रशासनिक नियंत्रण में रहेंगे। अनुचित साधन का उपयोग या उपयोग करने का प्रयास, आपस में बातचीत करना, सांकेतिक भाषा का प्रयोग करना, ओ.एम.आर. शीट एवं प्रश्न पत्र को क्षति पहुँचाना, धौंस डपट देना, शारीरिक क्षति पहुँचाना, वीक्षक/ केन्द्राध्यक्ष/ अधिकारियों के निर्देशों की अवमानना करना, दुर्व्यवहार, अपशब्दों का उपयोग, अशिष्ट आचरण, परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिका को क्षति पहुँचाना एवं उत्तर पुस्तिका को जमा न करना आदि को दण्डनीय माना जाएगा ।

4 पहचान चिह्न :- ओ.एम.आर. शीट पर परीक्षार्थी केवल निर्धारित स्थान पर ही अपना अनुक्रमांक लिखें । यदि उम्मीदवार उत्तर पुस्तिका के अन्य किसी भाग पर अनुक्रमांक या अन्य अंक, अपना नाम या अन्य नाम या किसी प्रकार का चिह्न लगाएंगें तो उसे पहचान चिन्ह बनाया माना जाएगा । ऐसे पहचान चिन्ह वाले प्रकरणों में अभ्यर्थी की उम्मीदवारी तथा परीक्षा निरस्त की जा सकेगी ।

5 परीक्षा परिसर तथा साक्षात्कार कक्ष में मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस वर्जित हैं ।

6 उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर ले कि सभी स्थानों अर्थात उनके आवेदन-पत्र, परीक्षा हाल में उपस्थिति सूची पर तथा आयोग के साथ किए गए समस्त पत्र व्यवहार में उनके व्दारा किए गए हस्ताक्षर एक समान होना चाहिए । इनमें किसी भी प्रकार का अंतर नहीं होना चाहिए । यदि विभिन्न स्थानों पर उनके व्दारा किए गए हस्ताक्षरों में कोई अंतर पाया जाता है तो आयोग व्दारा उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है ।

3. आवेदन की अंतिम तिथि:-

ऑनलाइन आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27.05.2023 है । अंतिम तिथि को दोपहर 12.00 के बाद आवेदन-पत्र जमा करने की सुविधा बंद कर दी जाएगी ।

4. नियोक्ता की अनापत्ति:-

जो व्यक्ति पहले से शासकीय सेवक के रूप में स्थायी या अस्थायी रूप में काम कर रहे हों या किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हों (जिसमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त व्यक्ति शामिल नही है) या जो सार्वजनिक उद्यमों में कार्यरत है उनको यह अभिवचन [Undertaking] (जैसा कि ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र की घोषणा में छपा है) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस पद के लिए आवेदन किया है । उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

यदि आयोग को चयन के किसी भी स्तर पर उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने से संबंद्ध अनुमति रोकते हुएं कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत किया जा सकता है / उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

5. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन-पत्र, व्यक्तिगत विवरण पत्रक एवं अनुप्रमाणन-पत्रक के साथ निम्न अभिलेख संलग्न कर आयोग को प्रस्तुत करना होगा :-

1 परीक्षा का आवेदन पत्र

2 आयोग की वेबसाइट mppsc.mp.gov.in में "Download Format" लिंक पर उपलब्ध कराए गए अनुप्रमाणन-पत्रक, व्यक्तिगत विवरण-पत्रक तथा उपस्थिति पत्रक Download करें।

3 आयु संबंधी प्रमाण के लिए - केवल हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी अथवा मैट्रिक्यूलेशन की अंकसूची/ प्रमाण-पत्र जिनमें जन्मतिथि का स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जाएगा ।

4 शैक्षणिक अर्हताओं के प्रमाण पत्र- हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी तथा उसके बाद की उन समस्त परीक्षाओं की जिन्हें अभ्यर्थी ने उत्तीर्ण किया है एवं समस्त वर्षो/सेमेस्टर्स की स्वसत्यापित अंकसूचियां। उपाधि संलग्न करना आवश्यक नहीं होगा।

5 मूल-निवासी / स्थानीय निवास प्रमाण-पत्र ।

6 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थी हेतु मध्यप्रदेश शासन के विहित प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र ।

7 जाति प्रमाण-पत्र- उच्चतर आयु सीमा में शिथिलीकरण अथवा अन्य किसी रियायत के लिए दावा करने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उपयुक्त प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाण पत्र अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जो कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत है, अनुप्रमाणन-पत्र के साथ अनिवार्यतः संलग्न करना चाहिए। विवाहित महिलाओं के मामले में उसके पिता के नाम का उल्लेख करने वाला जाति प्रमाण-पत्र ही स्वीकार किया जाएगा। अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के जाति प्रमाण-पत्रों में यह प्रमाणन आवश्यक है कि अभ्यर्थी क्रीमीलेयर में नहीं आता है । जिन प्रमाण-पत्रों में क्रीमीलेयर में न आने संबंधी कंडिका कटी होगी या नहीं होगी वे किसी भी प्रकार की छूट हेतु मान्य नहीं किए जाएंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी अभ्यर्थियों को अनुप्रमाणन पत्रक के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेखों में निम्न प्रारूप में घोषणा-पत्र (Declaration)_ प्रस्तुत करना होगा कि वे शासन द्वारा अभिनिर्धारित नवीनतम मापदंडों के अनुसार क्रीमीलेयर में नहीं आतेः-

क्रीमीलेयर में आने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी के रूप में मान्य किए जाएंगे ।

घोषणा-पत्र (Declaration) का प्रारूप

मैं ------------------ आयोग के विज्ञापन क्रमांक 53/2022 दिनांक 30.12.2022 के अंतर्गत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत कर रहा रही हूँ । मैं निम्नानुसार घोषणा करता / करती हूँ

1. मैं ---------------पुत्र/पुत्री श्री--------------- निवासी ग्राम/ कस्बा/ शहर/----------जिला ----------,मध्य प्रदेश का/ की मूल निवासी हूँ । यह घोषणा करता/ करती हूँ कि मैं -------------जाति का/ की सदस्य हूं जो शासन द्वारा शासकीय सेवा में (अन्य पिछड़ा वर्ग) श्रेणी में आरक्षण के लिए अधिसूचित है।

2. मैं शपथ पूर्वक यह भी घोषणा करता/ करती हूं कि आवेदन की अंतिम तिथि तक मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के अद्यतन परिपत्र में निर्धारित मापदंडों के अनुसार, मैं सम्पन्न वर्ग अर्थात क्रीमीलेयर की श्रेणी के अंतर्गत नहीं आता/ आती हूँ ।

दिनांक :- --------------

हस्ताक्षर-----------------
नाम-----------------
रोल नंबर ---------------

यदि अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय मूल जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र की मूल प्रति मूलतः प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो उसकी अभ्यर्थिता अस्वीकृत कर दी जाएगी, जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा। इस संबंध में अभ्यर्थी के किसी वचन पत्र अथवा अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाएगा। वांछित प्रमाण-पत्रों के अभाव में किसी शिथिलीकरण/ रियायत की पात्रता के बारे में विचार नहीं किया जाएगा।

8 दिव्यांगजन श्रेणी होने की स्थिति में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन अभ्यर्थी हेतु)

दिव्यांगता प्रमाण-पत्र : दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन-पत्र के साथ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक एफ-8-1-सत्रह-मेडी-2, दिनांक 09.01.2009 द्वारा गठित जिला चिकित्सा मण्डल से प्राप्त नवीनतम (Latest) स्थायी स्थायी एवं वैध दिव्यांगता प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है। सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण संचालनालय, मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/दि.स/302/2021/1098 दिनांक 06.05.2021 में उल्लेखनुसार दिनांक 01.06.2021 तथा उसके पश्चात जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र यूडीआईडी पोर्टल के http:\\www.swavlambancard.gov.in के माध्यम से जारी होने पर ही मान्य होंगे, उक्त तिथि के पश्चात अन्य प्रक्रिया से जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अमान्य होगा। अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि प्रमाण-पत्र में 40% या उससे अधिक स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित होने पर ही दिव्यांग अभ्यर्थियों को देय आरक्षण तथा अन्य छूट का लाभ देय होगा।

9 भूतपूर्व सैनिकों/ भूतपूर्व सैनिकों को देय छूट हेतु नियोक्ता अधिकारी/सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र ।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

10 अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत देय छूट हेतु शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का प्रमाण पत्र ।

11 विक्रम पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थियों को देय छूट हेतु विक्रम पुरस्कार प्राप्त होने का प्रमाण पत्र ।

12 अतिथि विद्वान अनुभव प्रमाण-पत्र ।

उक्त अभिलेखों के सेट की एक प्रति स्वप्रमाणित एवं हस्ताक्षरित कर निर्धारित अंतिम तिथि तक आयोग को निम्नांकित पते पर प्रस्तुत करें :-

सचिव,
मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग,
रेसीडेंसी एरिया,
इंदौर, मध्य प्रदेश 452001

टीप -

1. लिफाफे के शीर्ष पर "क्रीड़ा अधिकारी" के साक्षात्कार हेतु अभिलेख" तथा प्रेषक के स्थान पर अभ्यर्थी के परीक्षा का रोल नम्बर, नाम एवं पते का उल्लेख अनिवार्यत: करें।
2. अभिलेखों के दो सेट सुरक्षित रखें। उक्त सेट मूल अभिलेखों के साथ साक्षात्कार के समय अनिवार्यत: साथ लाएँ ।
3. केवल उन्ही अभ्यार्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित किया जाएगा जिन्हें अभिलेखों के सूक्ष्म परीक्षण के पश्चात अर्ह पाया जाएगा।

<u>महत्वपूर्ण टीप :-</u> परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय भी फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रति तथा एक स्वप्रमाणित छायाप्रति लेकर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना है। फोटो परिचय पत्र द्वारा अभ्यर्थी की पहचान की पुष्टि न होने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार देने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

यदि आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक अभ्यर्थियों के अभिलेख आयोग कार्यालय में प्राप्त नहीं होते हैं, तो ऐसे अभ्यर्थियों की साक्षात्कार की उम्मीदवारी निरस्त मानी जाएगी । डाक विभाग अथवा अन्य किसी भी माध्यम से निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त अभिलेख मान्य नहीं किए जाएंगे। अत: अभ्यर्थी अंतिम निर्धारित तिथि के पूर्व स्वयं के अभिलेख आयोग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

6. कदाचरण और उसके लिए कार्यवाही:- कोई अभ्यर्थी, जो आयोग द्वारा निम्नलिखित का दोषी पाया जाता है:-

01 जिसने अपनी अभ्यर्थिता के लिए लिखित परीक्षा या साक्षात्कार में किसी भी तरीके से समर्थन अभिप्राप्त किया हो या वैसा करने का प्रयास किया हो, या

02 प्रतिरूपण किया हो; या

03 किसी व्यक्ति से प्रतिरूपण कराया हो; या

04 कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किए हों, जिनमें फेरबदल किया गया हो; या

05 ऐसे कथन किए हो जो गलत और झूठे हों या जिनमें चयन के किसी भी प्रक्रम पर सारभूत जानकारी छिपायी हो, या

06 परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लिया हो, या

07 परीक्षा कक्ष में अथवा अन्य किसी भी स्थान पर अनुचित साधनों का उपयोग किया हो या करने का प्रयास किया हो, या

08 परीक्षा संचालन में लगे कर्मचारीवृन्द को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारीरिक क्षति पहुंचाई हो, या

09 उनके प्रवेश-पत्र में अभ्यर्थियों के लिए दिए गए किसी भी अनुदेशों या अन्य निर्देशों, जिनमें परीक्षा संचालन में लगे केन्द्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारीवृन्द द्वारा मौखिक रूप से दिए गए अनुदेश सम्मिलित हैं, अतिक्रमण किया हो, या

10 परीक्षा कक्ष में या साक्षात्कार में किसी अन्य तरीके से दुर्व्यवहार किया हो, या

11 परीक्षा समाप्त हो जाने के पश्चात् यदि अभ्यर्थी कर्तव्यरत अधीक्षणकर्ता (इनविजिलेटर) के पास उसकी ओ.एम.आर. शीट जमा करने में असफल रहता है या ओ.एम.आर. शीट को क्षति पहुंचाता है, या

12 परीक्षा के पूर्व किसी भी रीति से प्रश्नपत्र अभिप्राप्त करता है या उसके लिए प्रयास करता है, तो आयोग-

(एक) उसे उस परीक्षा के लिए, जिसके लिए वह उम्मीदवार है निरर्ह ठहरा सकेगा और/या उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी परीक्षा से या उनके द्वारा किए जाने वाले किसी चयन से विवर्जित कर सकेगा।

(दो) यदि वह शासन के आधीन पहले से ही सेवा में हो तो उपर्युक्त नियमों के आधीन उस पर आनुशासनिक कार्यवाही हेतु पैतृक विभाग को अनूशंसा की जाएगी।

(तीन) इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक अभियोजन भी दर्ज किया जा सकेगा।

<u>एवं तद आयोग द्वारा उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए उसके आधीन नियोजन से विवर्जित किया जा सकेगा।</u>

ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें किसी भी चयन संस्था द्वारा विशिष्ट कालावधि हेतु भर्ती परीक्षा हेतु विवर्जित किया गया है, उस कालावधि हेतु आवेदन करने हेतु अपात्र रहेंगे।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

7. **प्रवेश-पत्र -**

01 अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, यदि:-

(क) वह, आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश-पत्र धारण न करता हो, और

(ख) वह, आयोग द्वारा जारी विज्ञापन/प्रवेश-पत्र में उल्लिखित फोटो परिचय-पत्रों की कोई एक मूल फोटो परिचय-पत्र धारण न करता हो, और

(ग) आयोग द्वारा जारी किए गए प्रवेश-पत्र के संलग्न फोटो से उसके चेहरे का मिलान न होता हो, और

(घ) आयोग द्वारा जारी किए गए प्रवेश-पत्र में उल्लिखित नाम एवं फोटो का, आयोग द्वारा विहित उसके द्वारा लाए गए फोटोयुक्त परिचय-पत्र में उल्लिखित नाम एवं फोटो से मिलान न होता हो।

02 प्रवेश-पत्र व्यक्तिगत रूप से नहीं भेजे जाएंगे । अभ्यर्थियों को परीक्षा के 10 दिन पूर्व से परीक्षा शहर की जानकारी e-Mail द्वारा तथा परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र दिनांक (निर्धारित नहीं) से 53/2022 www.mponline.gov.in तथा mppsc.mp.gov.in पर डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेगें। आवेदको को वेबसाइट से ही परीक्षा के प्रवेश-पत्र प्राप्त करना होंगे । इस संबंध में किया गया कोई भी पत्राचार मान्य नहीं होगा। प्रवेश-पत्र एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क के माध्यम से डाउनलोड करने पर पांच रुपए पोर्टल शुल्क देय होगा।

03 यदि प्रवेश-पत्र प्राप्त करने में कोई समस्या आती है तो आयोग अथवा एम.पी. ऑनलाइन से संपर्क करें ।

04 यदि किसी अभ्यर्थी का नाम नॉमिनल रोल में सम्मिलित नहीं है परन्तु उसे प्रवेश-पत्र प्राप्त हो चुका है तो वह केन्द्राध्यक्ष से मिलकर अपना प्रवेश-पत्र प्रस्तुत करे । केन्द्राध्यक्ष संतुष्ट होने पर उसे उसी केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित करेंगे ।

05 अत्यंत महत्वपूर्ण - अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश-पत्र के साथ निम्न मान्य मूल फोटो युक्त पहचान प्रमाण-पत्र में से कोई एक प्रस्तुत करने एवं उससे अभ्यर्थी की पहचान की पुष्टि होने के पश्चात ही परीक्षा देने की अनुमति मिलेगी:-

1	आधार कार्ड	6	केन्द्र शासन/ राज्य शासन/ सार्वजनिक सेवा के उपक्रम के मामले में नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र
2	मतदाता पहचान पत्र	7	बैंक अथवा पोस्ट ऑफिस की फोटोयुक्त पासबुक
3	ड्रायविंग लायसेंस	8	शैक्षणिक संस्थान द्वारा अधिकतम तीन वर्ष पूर्व तक जारी परिचय पत्र
4	पैन कार्ड	9	राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटो परिचय पत्र
5	पासपोर्ट		

08 मध्यप्रदेश के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिकों के लिए जो पद आरक्षित किए गए हैं ऐसे अभ्यर्थी जो स्वयं भूतपूर्व सैनिक हो (भूतपूर्व सैनिक पर आश्रित अभ्यर्थी मान्य नहीं होंगे) उन्हें भूतपूर्व सैनिक के डिस्चार्ज सर्टिफिकेट (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र में) अभिवचन पत्र तथा मूल निवास प्रमाण पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है । प्रारूप निम्नानुसार है:-

अभिवचन (Undertaking) का प्रारूप

मैंने क्रीड़ा अधिकारी के पदों के विज्ञापन क्रमांक 53/2022 दिनांक 30.12.2022 के अंतर्गत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत किया है तथा मैं भूतपूर्व सैनिक हूँ। अतः भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित पद के विरुद्ध मुझे भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत मान्य किया जाए। भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाण-पत्र संलग्न है।

हस्ताक्षर.................................
पूरा नाम..
रोल नंबर ....

01. क्रीड़ा अधिकारी के पदों का परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट mppsc.mp.gov.in तथा "रोजगार और निर्माण" समाचार पत्र पर प्रकाशित किया जाएगा । अभ्यर्थी को उसके परीक्षा परिणाम की सूचना अन्य किसी भी रीति से नहीं दी जाएगी तथा न ही इस संदर्भ में कोई अभ्यावेदन मान्य किया जाएगा।

10. **यात्रा व्यय का भुगतान -**

(अ) निम्नलिखित श्रेणी के अभ्यर्थियों को परीक्षा तथा साक्षात्कार हेतु मध्य प्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अधीन यात्रा व्यय की पात्रता होगी :-

1. मध्य प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी जो कही सेवारत न हों।
2. मध्य प्रदेश के मूल निवासी 40% या अधिक दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थी जो कहीं सेवारत न हों।

(ब) उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उल्लिखित वर्तमान निवास के पते के शहर/ग्राम से उनके आवंटित परीक्षा शहर तक आने तथा जाने के यात्रा व्यय का भुगतान किया जाएगा।

(स) उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को इसके लिए केंद्राध्यक्ष द्वारा आयोग द्वारा निर्धारित घोषणा-पत्र प्रदान किया जाएगा जिसे भरकर अभ्यर्थी को यात्रा व्यय की पात्रता से संबन्धित निम्न अभिलेखों के साथ केंद्राध्यक्ष को प्रस्तुत करना होगा :-

• अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रमाणन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति।

2. दिव्यांगता के प्रमाणन हेतु जिला चिकित्सा मण्डल द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति ।

3. यात्रा का टिकट जिसमें यात्रा की तिथि, कहां से कहां तक यात्रा की गयी तथा किराए की राशि का स्पष्टतः उल्लेख हो ।

(द) अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के परीक्षण के बाद यात्रा व्यय का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से अभ्यर्थी के खाते में किया जाएगा। इस हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन-पत्र में विहित स्थान पर अपने बैंक का नाम, खाता क्रमांक तथा बैंक के IFSC Code का उल्लेख करना तथा साथ ही अपने बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ एवं आधार कार्ड की स्केन प्रति आवेदन-पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

(इ) यात्रा व्यय भुगतान की पात्रता रखने वाले अभ्यर्थी अपने वर्तमान पते के निकटतम शहर को प्रथम विकल्प के केंद्र के रूप में चुनें।

(फ) जिन अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने हेतु देय यात्रा भत्ता का ऑनलाइन भुगतान प्राप्त नहीं होता है वे इस संदर्भ में कलेक्टर/कमिश्नर कार्यालय से पत्र व्यवहार करें। इस संदर्भ में आयोग से कोई पत्र व्यवहार न करें। इस संदर्भ में आयोग में प्राप्त पत्र बिना किसी कार्यवाही के नस्तीबद्ध किए जाएंगे।

(ज) साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय उपरोक्त नियमानुसार आयोग कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

परिशिष्ट-चार

आप्टिकल स्कैनर द्वारा पढ़ी जाने वाली ओ.एम.आर. शीट के उपयोग संबंधी निर्देश तथा अन्य अनुदेश

टीप - ओ.एम.आर.शीट का मूल्यांकन आप्टिकल स्कैनर/कम्प्यूटर द्वारा किया जाएगा अतः ओ.एम.आर.शीट का उपयोग नीचे बताई गई बातों पर आवश्यक ध्यान रखते हुए अत्यन्त सावधानी पूर्वक करें।

1 आप अपने साथ परीक्षा कक्ष में कम से कम दो काले बाल प्वाइंट पेन अवश्य लाए।

2 गोले भरने के लिए केवल काला बाल प्वाइंट पेन का ही उपयोग करें। गोलों को पूरी तरह गहरा काला करें, अधूरा अस्पष्ट या हल्का काला करने पर ओ.एम.आर. शीट स्कैनर द्वारा जांची नहीं जा सकेगी।

3 ओ.एम.आर.शीट पर किसी प्रकार का रफकार्य न किया जाए। इस कार्य के लिए प्रश्नपत्र पर अलग से स्थान निर्धारित है, उस स्थान का ही उपयोग करें ।

4 ओ.एम.आर. शीट अत्यन्त सावधानीपूर्वक रखें। उसे किसी तरह से मोड़ा या काटा न जाए और किसी प्रकार से गंदी न की जाए अन्यथा कम्प्यूटर/आप्टिकल स्कैनर उसे रद्द कर देगा।

5 उत्तर देना प्रारंभ करने के पहले सुनिश्चित कर लें कि ओ.एम.आर. शीट पर सभी प्रविष्टियाँ सही रूप से की गई है। अभ्यर्थी द्वारा उसे प्रदत्त प्रश्न पत्र सेट ए.बी.सी.डी. अंकन न करने पर OMR का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

6 आपको प्रत्येक प्रश्न क्रमांक के सामने का केवल एक ही गोला काला करना है। एक से अधिक गोले को काला करने पर या गोलों को हल्का, अस्पष्ट या अधूरा काला करने पर या किसी अन्य पेन्सिल या स्याही से काला करने पर किसी अन्य तरीके से कोई निशान जैसे (✓) या (✗) लगाने पर ओ.एम.आर. शीट कम्प्यूटर/आप्टिकल स्कैनर द्वारा पढ़ी नहीं जाएगी।

7 ओ.एम.आर. शीट पर उत्तर अंकन के लिए - सामान्य निर्देश -

(अ) प्रश्नों के उत्तरः ओ.एम.आर. शीट पर यथास्थान उत्तर अंकित करने के अनुदेश दिए हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ें। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए ओ.एम.आर. शीट पर आवश्यक संख्या लिखी है। प्रत्येक प्रश्न क्रमांक के नीचे/सामने क्रमशः 4 गोले ए.बी.सी.डी. बने है। प्रश्नपत्र में प्रत्येक प्रश्न के 4 वैकल्पिक उत्तर ए.बी.सी.डी. दिए हैं। इनमें से एक सही उत्तर चुनकर संबंधित प्रश्न क्रमांक के नीचे/सामने बने गोलों में से केवल एक गोला काले बाल पाईन्ट पेन से गहरा काला करें। एक से अधिक गोलों को काला करने पर प्रश्न का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

OMR Sheet में उत्तर अंकित कर उसे काटने/ मिटाने/ व्हाइटनर लगाने से उक्त प्रश्न का मूल्यांकन नहीं किया जा सकेगा।

(ब) ओ.एम.आर. शीट के सामने के पृष्ठ पर अपना नाम, अनुक्रमांक, परीक्षा तिथि, प्रश्नपत्र कोड आदि भरने के लिए बने खानों में प्रविष्टि के लिए काले बाल पेन का उपयोग करें। प्रश्न पत्र A,B,C,D set में से कोई एक ही सेट दिया जाएगा। अपने सेट का कोड क्रमांक सावधानी से नियत स्थान पर भरें एवं सेट के गोले को काले पेन से काला करें।

(स) हस्ताक्षर - ओ.एम.आर. शीट पर निर्धारित स्थान पर बाल पेन से हस्ताक्षर करें।

(द) ओ.एम.आर. शीट के पीछे के पृष्ठ पर अनुक्रमांक, प्रश्नपत्र कोड के कॉलम के गोलों में प्रविष्टि करने के लिए काला बाल प्वाइंट पेन का उपयोग कर संबंधित क्रमांक के गोले को काला करें। अभ्यर्थी उसे आवंटित 'प्रश्न पत्र के सेट कोड ध्यान से देखें तथा सेट की जानकारी सुनिश्चित होने के पश्चात ही प्रश्न पत्र के सेट कोड के गोले को अत्यंत सावधानी से काला करें। इसी काले किए गए कोड (ABCD के गोले) के आधार पर ही उत्तरशीट का मूल्यांकन किया जाएगा। सेट कोड गलत भरने पर त्रुटि सुधार नहीं होगा। मूल्यांकन अभ्यर्थी द्वारा भरे गए सेट कोड की उत्तर कुंजी के आधार पर होगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा । आवश्यक प्रविष्टियाँ सही स्थान पर उचित रूप से न भरने पर अभ्यर्थी की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य नहीं किया जाएगा।

8. रोल नम्बर की प्रविष्टि (चित्र एक)

रोल नम्बर के खाने में बायें से दायें 1 से 6 तक स्तम्भ है। पहला स्तम्भ का लाख का, दूसरा स्तम्भ दस हजार का, तीसरा स्तम्भ हजार का, चौथा स्तम्भ सैकड़े का, पाचवा स्तम्भ दहाई का एवं छठा स्तम्भ इकाई का है। इनके नीचे 0 से 9 अंक लिखे हुए गोले हैं। इन्हीं में आपको अपने रोल नम्बर भरना है। उदाहरणार्थ यदि आपका रोल नं. 684021 है तो आप पहले ऊपर की लाइन में चौकोर खानों में दर्शाए अनुसार रोल नम्बर काला बाल प्वाइंट पेन से लिखें तत्पश्चात पहले स्तम्भ के गोले क्रमांक 6, दूसरे स्तम्भ के गोले क्रमांक 8, तीसरे स्तम्भ के गोले क्रमांक 4, चौथे स्तम्भ के गोले क्रमांक 0, पांचवे स्तम्भ के गोले क्रमांक 2 तथा छठे स्तम्भ के गोले क्रमांक 1 को काला बाल प्वाइंट से गहरा काला करें।

अनुक्रमांक के गोले न भरने पर या गलत भरने पर OMR का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। अंकों में तथा गोले भरने में भिन्नता होने पर भी ओ.एम.आर शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

रोल नं. चित्र 1



परीक्षार्थियों हेतु निर्देश एवं अनुदेश

निम्नलिखित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ने के उपरांत ही परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हों। निर्देशों एवं अनुदेशों का पालन न करने पर परीक्षार्थी आयोग द्वारा निर्धारित दंड का भागी होगा।

एक - प्रवेश

01 ... पत्र में परीक्षार्थी को दिया गया प्रवेश नितांत प्राविधिक है।

02 परीक्षा नियत समय पर प्रारंभ होगी। केन्द्राध्यक्ष की घड़ी का समय ही प्रामाणिक मानकर परीक्षा संचालन किया जाएगा। परीक्षा

... होने के पश्चात् आने पर परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

03 परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश-पत्र तथा मान्य फोटो युक्त परिचय-पत्र आवश्यक रूप से अपने साथ रखें।

04 परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी की जाँच की जाएगी। परीक्षार्थी अपने साथ केवल दो काले बाल प्वाइंट पेन, प्रवेश-पत्र एवं मान्य फोटो युक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएँ । इसके अतिरिक्त मोबाइल, केलक्युलेटर, पेजर एवं किसी भी प्रकार का कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं है।

दो - निर्गमन

01 सामान्यतः परीक्षार्थी को परीक्षा की अवधि में परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वीक्षक से विशेष अनुमति लेकर उनकी निगरानी में ही बाहर जाया जा सकेगा।

02 किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् एक घंटे तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भले ही उसने प्रश्नपत्र हल कर लिया हो।

03 प्रश्नपत्र हल करने के पश्चात् केन्द्राध्यक्ष/वीक्षक द्वारा ओ.एम.आर. शीट एकत्रित किए जाने के उपरांत वीक्षक की अनुमति से ही परीक्षार्थी परीक्षा भवन छोड़ेगा। ओ.एम.आर. शीट सहित कक्ष से बाहर जाने पर अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाएगा ।

04 निर्धारित समय समाप्त होने के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जाएगा (केवल दृष्टिबाधित तथा ऐसे अस्थिबाधित जो दोनों ही हाथों से लिखने में असमर्थ हैं तथा वे जिन्होंने सहलेखक की सुविधा ली है, ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा में 20 मिनिट प्रति घण्टा अतिरिक्त समय दिया जाएगा ।

निर्धारित समय के उपरांत कोई भी परीक्षार्थी न तो लिखे उत्तरों में कोई संशोधन करेगा और न ही शेष रहे प्रश्नों के उत्तर लिखने का प्रयास करेगा।

तीन - ओ.एस.आर.शीट पर नाम और अनुक्रमांक :-

ओ.एम.आर. शीट पर परीक्षार्थी केवल निर्धारित स्थान पर ही अपना नाम और अनुक्रमांक लिखें। ओ.एम.आर. शीट के अन्य किसी भी भाग पर न तो अनुक्रमांक, न अपना नाम और न ही पता अंकित करें। ओ.एम.आर. शीट के साथ अन्य कोई सामग्री संलग्न करना वर्जित है। ओ.एस.आर.शीट पर पेंसिल, रबर एवं व्हाइटनर का उपयोग करने या अभ्यर्थी के पास कक्ष में पांए जाने पर अनुचित साधन का प्रकरण जर्द किया जाएगा। ओ.एम.आर. शीट में (आपको दिए गए A, B, C, D प्रश्न पत्र सेट में से कोई एक सेट मिलेगा) प्रश्नपत्र का सेट अवश्य लिखें एवं सेट के गोले को काले पेन से अनिवार्यतः काला करें। आपके द्वारा प्रश्नपत्र सेट के गोले को काला करने पर ही उक्त सेट की उत्तर कुंजी से ही ओ.एम.आर. शीट मूल्यांकन होगा। जैसा चित्र में सेट-B को काला किया है। सेट का गोला काला नहीं करने पर मुल्यांकन नहीं किया जाएगा।

चित्र- चार

A	○
B	●
C	○
D	○

उत्तर अंकित करने हेतु अनुदेश -

1 केवल काली स्याही वाले बॉल प्वाइंट पेन का प्रायोग करें।

2 प्रत्येक प्रश्न का उत्तर - पत्र में दिए गए प्रश्न क्रमांक के सामने संबद्ध गोले को काला करें।

3 प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु केवल एक ही गोले को गहरा काला करना है, जैसे नीचे दिखाया गया है :-

4 पूरे गोले को गहरा काला कीजिए।

5 उत्तर के लिए दिए गए गोले को काला कीजिए एक से अधिक गोले काले करने / चिह्न (▪) होने पर भी उत्तर मान्य नहीं होगा।

6 उत्तर पत्र पर कच्चा काम करना मना है। इस काम के लिए प्रश्न पत्र के अंत में खाली जगह का ही उपयोग कीजिए ।

7 प्रश्न-पत्र के सेट के गोले को अत्यंत सावधानी से काला करें। उत्तर-पत्र में काले किए गए सेट के गोले के आधार पर ही उसे जॉचा जाएगा। गलत गोला काला करने पर अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

8 अभ्यर्थी अगर प्रश्न पुस्तिका सेट का गोला नहीं भरता है, तो मुल्यांकन नहीं किया जाएगा। एवं वह अयोग्य माना जाएगा।

9 अभ्यर्थी अगर अपने अनुक्रमांक के गोले नहीं भरता है, तो मुल्यांकन नहीं किया जाएगा। एवं वह अयोग्य माना जाएगा।

10 अभ्यर्थी अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका कक्ष के विक्षक को ही जमा करें।

11 अभ्यर्थी अगर अपनी ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर उत्तर के गोले भरने / मिटाने के लिए यदि ... / व्हाइटनर का उपयोग करता है, तो नकल का प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

चार - अनुचित साधन :-

परीक्षा हॉल/कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण जैसे मोबाइल, वॉच, डिजिटल डायरी, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पेजर, केल्कुलेटर आदि तथा पेंसिल, रबर व्हाइटनर जैसी सामग्री के साथ पाया जाता है, तो अनुचित साधन का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। उनके पास ... पाए ...

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

स्केल या पॉकेट में कोई अवांछित सामग्री, कोई पुस्तक या कागज जो परीक्षा में प्रश्नपत्र हल करने में सहायक हो। अभ्यर्थी के पास पाए जाने पर नकल प्रकरण दर्ज होगा।

परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग सर्वथा वर्जित व दण्डनीय है। परीक्षा भवन में अपने साथ कोई भी लिखित या कोरा कागज, पुस्तक, वस्तु, टीप विशेषकर मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण तथा अन्य वर्जित वस्तुएँ आदि लाना अनुचित साधनों के प्रयोग में सम्मिलित माना जाएगा। इसी प्रकार परीक्षा कक्ष में अन्य परीक्षार्थी से चर्चा करना, उसकी ओ.एम.आर.शीट से नकल करना अथवा अपनी शीट से अन्य परीक्षार्थी को नकल करवाना, किसी अन्य परीक्षार्थी से ओ.एम.आर. शीट बदलना, परीक्षा भवन में जोर-जोर से बोलना, किसी भी प्रकार की सांकेतिक भाषा अथवा किसी प्रकार भव भगिमा से अन्य परीक्षार्थी को किसी प्रश्न का उत्तर बताना अथवा किसी अन्य परीक्षार्थी से किसी प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने का कोई प्रयास करना या किसी कागज पर प्रश्न पत्र की नकल करना भी अनुचित साधनों के प्रयोग के अन्तर्गत माना जाएगा। परीक्षा भवन में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर परीक्षार्थी द्वारा दी गई परीक्षा को निरस्त किया जा सकेगा, उसे परीक्षा से निष्कासित किया जा सकेगा तथा साथ ही उसे आगामी ऐसी अवधि के लिए जो आयोग उचित समझे आयोग की सभी परीक्षाओं, अन्य प्रदेशों के आयोगों की परीक्षा एवं साक्षात्कारों से वंचित किए जाने का दण्ड भी दिया जा सकेगा।

परीक्षा की गोपनीयता :- परीक्षा पूर्व / दौरान / पश्चात प्रश्न-पत्र की गोपनीयता के भंग होने की किसी भी गतिविधि में लिप्त पाए जाने वाले अभ्यर्थियों / व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जा कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

पांच - प्रश्न संबंधी शिकायत

प्रश्न से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत होने पर परीक्षार्थी परीक्षा के प्रावधिक उत्तर कुंजी प्रकाशन के निर्दिष्ट तिथियों पर 07 दिवस के अंदर निर्धारित शुल्क (100 रुपए प्रति प्रश्न तथा रुपए 40 प्रति सत्र पोर्टल चार्ज प्रथक से देय) आपत्ति शुल्क एवं पोर्टल चार्च किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। जमा कर ऑनलाइन पद्धति से आपत्ति दर्ज कराए । परीक्षा के प्रावधिक उत्तर कुंजी प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर ऑनलाइन पद्धति से दर्ज शिकायतों पर ही विचार किया जाएगा। इसके पश्चात एवं अन्य किसी पद्धति से प्रस्तुत आवेदनों को नस्तीबद्ध किया जाएगा । आपत्ति दर्ज कराने पर देय शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। दर्ज आपत्तियाँ सही पाई जाने पर संशोधन का लाभ समस्त अभ्यर्थियों को प्राप्त होगा। भले ली उनके द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं की गई हो।

छः - ओ.एम.आर.शीट का लौटाना -

परीक्षार्थी परीक्षा के उपरान्त ओ.एम.आर. शीट कक्ष के वीक्षक को ही सौंपेंगे। परीक्षार्थी द्वारा किसी भी स्थिति में ओ.एम.आर. शीट परीक्षा कक्ष से बाहर ले जाना अथवा परीक्षा के उपरांत उसे वापस न दिया जाना गम्भीर अपराध माना जाएगा और इस हेतु उसके विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

सात - ओ.एम.आर.शीट पर अनुक्रमांक अंकन व अन्य पूर्तियाँ

1. ओ.एम.आर.शीट पर नियत स्थान पर परीक्षार्थी अपना सही नाम और अनुक्रमांक शब्दों एवं अंकों में अंकित करें तथा परीक्षा का विषय कोड के सही गोले भरें। साथ ही प्रश्न पत्र सेट और भी अत्यंत सावधानी से भरें एवं सेट के गोले को काला करें। इस संबंध में दिए गए निर्देशों को गम्भीरता पूर्वक पढने के पश्चात ही आवश्यक प्रविष्टियॉ की जाएं।
2. ओ.एम.आर. शीट पर कोई दाग/ चिहन न लगने पाए, इस बात की सतर्कता बरतें।

आठ - प्रश्नपत्र पर अंकन

परीक्षार्थी प्रश्नपत्र पर भी अनुक्रमांक लिखे तथा रफ कार्य प्रश्नपत्र में दिए गए पृष्ठ पर ही करें इसके अतिरिक्त प्रश्नपत्र पर कुछ भी लिखना, प्रश्नपत्र की नकल करना या उसकी प्रति बनाना निषिद्ध होकर अनुचित साधन प्रयोग के समान दण्डनीय है।

नौ - उपस्थिति पत्रक

प्रत्येक प्रश्नपत्र के समय परीक्षा कक्ष में वीक्षक के समक्ष परीक्षार्थी तिथि सहित अपने हस्ताक्षर करें। यह हस्ताक्षर नमूने के हस्ताक्षर के अनुरूप हों। हस्ताक्षर के नीचे अपना नाम भी लिखें।

दस- दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु सहलेखक संबंधी नियम

अ. अभ्यर्थियों का विवरण जिन्हें सुविधा प्रदान की जाएगी :-

1. दृष्टिबाधित, ऊपरी हिस्से में (हाथ से) निःशक्त तथा सेरिब्रल पाल्सी से दिव्यांगजन परीक्षार्थी।
2. मानसिक रूप से संस्तम (स्पेस्टिक) डाइसलेक्सिक पर्सन्स विद डिसएबिलिटिज एक्ट 1995 में परिभाषित अशक्तता वाले परीक्षार्थी।
3. ऐसे परीक्षार्थी जो अचानक बीमार हो जाने की स्थिति में जब वह लिखने में असमर्थ हो, इस आशय का प्रमाण-पत्र ऐसे शासकीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया हो जो सहायक सर्जन रैंक से कम का न हो।
4. आकस्मिक दुर्घटना हो जाने पर जब परीक्षार्थी लिखने में असमर्थ हो ओर इस आशय का प्रमाण-पत्र ऐसे शासकीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया हो, जो सहायक सर्जन से कम रैंक का न हो।
5. उपरोक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को छोड़कर अन्य अभ्यर्थियों को सहलेखक एवं प्रतिपूरक समय की सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

ब. प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ :-

उपरोक्त से संबंधित अभ्यर्थियों को सहायक एवं प्रतिपूरक समय की सुविधा प्रदान की जाएगी। उपरोक्त सुविधा लेने हेतु अभ्यर्थी द्वारा सम्पूर्ण जानकारी मय दस्तावेजों एवं घोषणा-पत्र सहित परीक्षा दिनांक से एक दिवस पूर्व संबंधित परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के सम्मुख प्रस्तुत करना होगा ताकि नियमानुसार लिखित अनुमति प्रदान की जा सके। अपरिहार्य कारणों से पूर्व में आवेदित लेखन सहायक उपस्थित न होने की दशा में अभ्यर्थी द्वारा केन्द्राध्यक्ष के सत्यापन उपरांत नियमानुसार निर्धारित शर्तों के अनुरूप योग्यताधारी अन्य लेखन सहायक की अनुमति दी जा सकेगी। लेखन सहायक से घोषणा-पत्र भरवाया जाएगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'

(i) **लेखन सहायक की नियुक्ति हेतु शर्तें :-**

लेखन सहायक एक ऐसा विद्यार्थी होना चाहिए जिसकी न्यूलतम शैक्षणिक योग्यता अभ्यर्थी द्वारा दी जा रही परीक्षा की अर्हता से कम होना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि किसी परीक्षा हेतु अभ्यर्थी की शैक्षणिक अर्हता स्नातक उपाधि है तो लेखन सहायक की योग्यता स्नातक से कम होना चाहिए। (अर्थात् स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं होना चाहिए) यदि किसी पद की परीक्षा की शैक्षणिक अर्हता स्नातकोत्तर उपाधि है तो सहलेखक की योग्यता स्नातकोत्तर उपाधि से कम होनी चाहिए (अर्थात् स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण नहीं होना चाहिए)

(ii) **प्रतिपूरक समय हेतु शर्तें :-**

ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्हें उपरोक्तानुसार सहलेखक की सुविधा प्रदान की गई है, निम्नानुसार प्रतिपूरक समय की पात्रता होगी :-

3 घंटे की अवधि के प्रश्नपत्र के लिए	60 मिनट
2 घंटे की अवधि के प्रश्नपत्र के लिए	40 मिनट

स. **इसके अतिरिक्त प्रदाय की जाने वाली सुविधाएं :-**

यथा संभव ऐसे अभ्यर्थियों का परीक्षा कक्ष भूतल पर निर्धारित किया जाएगा।

द. अभ्यर्थी को पात्र सहलेखक साथ में लेकर परीक्षा हेतु आना होगा। आयोग/केन्द्राध्यक्ष द्वारा सहलेखक उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

टीपः- 1. उपरोक्त प्रकरणों के अतिरिक्त दिव्यांगजन सम्बन्धित अन्य किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण एवं निर्णय लिए जाने हेतु आयोग के सर्वाधिकार सुरक्षित रहेंगे।

2. दिव्यांगजन श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्हें सहलेखक एवं भूतल पर बैठने की व्यवस्था की आवश्यकता है वे अपने ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उक्त आवश्यकताओं की प्रविष्टि करेंगे। अभ्यर्थी ध्यान रखें कि आकस्मिक दुर्घटना एवं बीमारी के मामलों को छोड़कर अन्य मामलो में अभ्यर्थियों को उक्त सुविधाएँ उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टि के आधार पर ही देय होगी।

ग्यारह विविध

1 परीक्षार्थियों को किसी भी प्रश्नपत्र में ग्राफ पेपर या नक्शा / स्टेन्सिल उपलब्ध नहीं कराया जाएगा और परीक्षार्थी स्वयं भी ग्राफ पेपर या नक्शा / स्टेन्सिल परीक्षा भवन में नहीं लाएंगे।

2 परीक्षार्थियों को अपने साथ पेंसिल, व्हाइटनर, डिजिटल डायरी, वॉच, केल्क्यूलेटर, सेल्युलर फोन, पेजर तथा अन्य electronic gadgets लाना वर्जित हैं।उपरोक्त वर्जित वस्तुए अभ्यर्थी के पास पाए जाने पर अनुचित साधन प्रकरण अंतर्गत नकल प्रकरण बनाया जाएगा।

बारह- परीक्षार्थी ओ.एम.आर. शीट एवं प्रश्नपत्रों पर दी गई समस्त सूचनाएं/निर्देश एवं अनुदेश ध्यानपूर्वक पढ़ें व अनिवार्यतः उनका पालन करें।

तेरह - अनुशासन व शालीनता

1 परीक्षा कक्ष में धूम्रपान करना / अशिष्ट, अनर्गल वार्तालाप करना पूर्णतः निषिद्ध व दण्डनीय है।

2 परीक्षा परिसर में एवं भवन के अन्दर वीक्षक व केन्द्राध्यक्ष द्वारा दिए जाने वाले निर्देशों का पालन अनिवार्य है।

3 परीक्षा भवन के फर्नीचर अथवा केन्द्र पर की गई अन्य व्यवस्था को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुँचाई जाना चाहिए। यह दण्डनीय है।

4 यदि परीक्षार्थी केन्द्राध्यक्ष द्वारा निर्देशों का पालन नहीं करता है अथवा अशिष्ट आचरण करता है अथवा अनुचित या अशोभनीय या अशालीन व्यवहार करता है तो वह परीक्षा से निष्कासित किया जा सकेगा।उसकी परीक्षा निरस्त की जा सकेगी तथा वह ऐसे अन्य दण्ड का भी भागी होगा जो आयोग उचित समझे। केन्द्राध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे परिक्षार्थियों के नाम गोपनीय ढंग से आयोग को सूचित किए जाए। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी केन्द्राध्यक्ष के पूर्ण प्रशासकीय नियंत्रण में होगा।

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O ="GOVT. COLLEGE , BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:15:39+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:16:15+05'30'